04 अक्टूबर, 2025
आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 342

आज युवाओं को तोहफा देंगे मोदी 62 हजार करोड़ की योजनाएं करेंगे लांच



हृदयम हार्ट क्लिनिक
उपलब्ध सुविधाएँ -
• ईसीजी • इको-कार्डियोग्राफी
• टीएमटी • हॉस्पीटल मॉनिटरिंग
यहाँ हृदय संबंधित सभी रोगों का उचित परामर्श तथा उपचार उपलब्ध है जैसे :
• हार्ट फेलियर • हाई कॉलेस्ट्रॉल
• हार्ट अटैक • हार्ट एरिदमिया
• हार्ट ब्लॉक • पाल्पीटेशन
• हाइपरटेंशन • दिल का छेद,
डॉ साकेत कुमार
हृदय रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस. (एएमयू.), एम.डी. (पीएचसीएच, पटना) डी.एम. कार्डियोलॉजी (आईपीजीएमईआर, कोलकाता)
वयस्क एवं बाल हृदय चिकित्सक
सलाहकार हृदय रोग विशेषज्ञ
पल्स हॉस्पिटल, रांची
हृदयम हार्ट क्लिनिक
डॉ. जे शरण लेन, रिम्स मेडिकल चौक के पास, बरियातू, झारखंड-834009
समय : सुबह 09:30 से सायं 06:00 बजे तक
8002882735, 8100360617, 8573987365



ESTD :- FEB-2014
WELCOME TO KIDS SECOND HOME
LITTLE STAR
KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2





ADMISSION OPEN
8252797609
Near Dislreey Pull, H.B. Road Kokar, Ranchi (Jharkhand)

## राजस्थान में पाकिस्तान बॉर्डर के पास भारतीय सेना प्रमुख ने आतंकवाद पर दी चेतावनी

# सुन पकिस्तान भूगोल में रहना है, या नहीं रहना: जनरल द्विवेदी

- इस बार हम उस तरह से संयम नहीं बरतेंगे, जैसे ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में बरता था
- भारतीय सेना को हर तरह से तैयार रहने को कहा
- पाकिस्तान को राज्य-प्रायोजित आतंकवाद को रोकना पड़ेगा




आजाद सिपाही संवाददाता

**जयपुर।** भारत के सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को आतंकवाद पर सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि इस बार भारत ऑपरेशन सिंदूर 1.0 की तरह संयम नहीं बरतेगा। पाकिस्तान तय कर ले कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं रहना। उन्होंने भारतीय सेना को हर तरह से तैयार रहने को भी कह दिया है। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को राजस्थान में पाकिस्तान बॉर्डर के पास सैन्य छावनी पहुंचे थे। यहां उन्होंने जवानों को संबोधित किया।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत और पाकिस्तान के बीच चार-दिवसीय टेस्ट मैच बताते हुए चेतावनी दी कि युद्ध कभी भी योजना के अनुसार नहीं चलता।

राजस्थान के अनूपगढ़ में उन्होंने सख्त शब्दों में कहा कि इस बार हम उस तरह से संयम नहीं बरतेंगे, जैसे ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में बरता था। इस बार हम कुछ ऐसा करेंगे, कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि वह भूगोल में रहना चाहता है या नहीं। अगर पाकिस्तान भूगोल में रहना चाहता है, तो उसे राज्य-प्रायोजित आतंकवाद को रोकना पड़ेगा।

### नहीं सुधरे तो इतिहास और भूगोल दोनों बदल देंगे : राजनाथ सिंह




इससे एक दिन पहले ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर क्रीक के पास पाकिस्तान की हरकतों को लेकर उसे चेतावनी दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि आजादी के 78 साल बाद भी वह इस विवाद का समाधान नहीं निकालना चाहता। उन्होंने भी पाकिस्तान से दो टूक कहा था कि अगर कुछ गड़बड़ी की, तो उसे अब बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना और बीएसएफ संयुक्त रूप से भारत की सीमाओं की सतर्कतापूर्वक रक्षा कर रहे हैं। अगर सर क्रीक क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से कोई दुस्साहस की कोशिश हुई, तो उसे ऐसा जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जायेंगे।

### 300 किलोमीटर घुस कर मारा, पांच फाइटर जेट नेस्तनाबूद: वायुसेना प्रमुख



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे सिर्फ मनोहर कहानियां जैसे हैं। अगर उनके पास कोई सबूत हैं तो दिखायें। भारत ने उनके पांच फाइटर जेट तबाह किये हैं, जिसमें एफ16 और जे17 भी शामिल है। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को इस साल की सबसे महत्वपूर्ण सैन्य कार्रवाई बताया। 8 अक्टूबर को हिंडन एयर बेस पर होने वाली परेड से पहले वार्षिक वायु सेना दिवस प्रेस कांफ्रेंस में बोलते हुए सिंह ने कहा कि लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें निर्णायक रहीं। हमने उनकी सीमा के अंदर 300 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक के टारगेट को हिट किया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एपी सिंह ने कहा कि पहलगाम अटैक के बाद हमने तय किया कि उन्हें इसकी कीमत चुकानी ही होगी। सेना को खुली छूट दी गयी थी। हमने सटीकता से हमला किया। बाद में पाकिस्तान खुद युद्धविराम के लिए आगे आया।

### मैं मोदी को जानता हूं, अमेरिका के आगे भारत झुकेगा नहीं : पुतिन



सोची (एजेंसी)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तेल खरीद के मुद्दे पर अमेरिकी दबाव की आलोचना की और कहा कि भारत झुकने वाला नहीं है। उन्होंने सोची शहर में गुरुवार को आयोजित वाल्दाई पॉलिसी फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी कभी भी ऐसा फैसला नहीं करेंगे, जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो। पुतिन ने कहा कि अगर रूस के ट्रेड पार्टनर्स पर ऊंचे टैरिफ लगाये गये, तो इसका असर पूरी दुनिया की ऊर्जा कीमतों पर पड़ेगा। कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जायेगी। पुतिन ने चेतावनी दी कि अगर रूसी तेल खरीदना भारत बंद करता है, तो उसे 9 से 10 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। पुतिन ने कहा कि भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं और वे कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके। पुतिन ने मोदी का दोस्त बताते हुए कहा कि वह उनके साथ भरोसे के साथ बातचीत कर सकते हैं।

### पाकिस्तान को मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए ठहराया जाये जवाबदेह : विदेश मंत्रालय



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कई दिनों से जारी विरोध प्रदर्शनों पर भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों की खबरें देखी हैं, जिनमें पाकिस्तानी सेना की तरफ से निर्दोष नागरिकों पर की गयी बर्बरता भी शामिल है। हमारा मानना है कि यह पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और इन इलाकों से संसाधनों की व्यवस्थित लूट का स्वाभाविक परिणाम है, जो उसके जबरन और अवैध कब्जे में हैं। पाकिस्तान को उसके भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिये। वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि 3 अक्तूबर भारत और रूस की रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ है। 2000 में यह साझेदारी बनी थी। उन्होंने कहा कि भारत-रूस के बीच 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' है। दोनों देश हर क्षेत्र में रिश्तों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जमशेदपुर में साकची के संजय मार्केट में व्यापारियों के साथ मारपीट

- सौ से अधिक लोगों ने दुकानदारों पर किया हमला, नकदी भी लूटी



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** साकची थाना अंतर्गत संजय मार्केट स्थित हनुमान मंदिर के पास शुक्रवार को अचानक हंगामा मच गया। मार्केट में अचानक 100 से अधिक की संख्या में युवाओं की भीड़ पहुंची और दुकानदारों पर हमला कर दिया। घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। इस हमले में मोबाइल दुकान संचालक नितिन श्रीवास, कपड़ा दुकान संचालक अमृत और उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं, नितिन के पिता नरेश श्रीवास को भी हल्की चोट आयी है। हमलावरों ने न केवल मारपीट की, बल्कि नितिन के पिता से 22 हजार रुपये भी छीन लिये। नितिन ने बताया कि वह अपनी दुकान पर बैठे थे, तभी कुछ युवक उनकी दुकान पर आये और गाली-गलौज करने लगे। इसी दौरान देखते ही देखते 100 से अधिक युवक वहां पहुंच गये और अचानक हमला बोल दिया। बताया गया कि हमलावरों में कुछ युवक पिस्तौल से लैस थे, जबकि कुछ धारदार हथियार लेकर आये थे। अचानक हुए इस हमले से बाजार में दहशत फैल गयी और लोग अपनी दुकानें बंद कर जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना को अंजाम देने के बाद अधिकांश हमलावर मौके से फरार हो गये।

हालांकि, स्थानीय दुकानदारों ने हिम्मत दिखाते हुए तीन हमलावरों को पकड़ लिया और उन्हें साकची थाना पुलिस के हवाले कर दिया।

नितिन ने बताया कि दो दिन पहले मार्केट में दुकान लगाने को लेकर राज सिंह के स्टाफ से विवाद हुआ था। उस समय स्थानीय लोगों की पहल पर मामला सुलझा लिया गया था। संभवतः शुक्रवार को उसी विवाद को लेकर राज सिंह अन्य युवकों के साथ बड़ी संख्या में मार्केट पहुंचा और हमला कर दिया। साकची थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आदित्य साहू झारखंड भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष बनाये गये

- रवींद्र कुमार राय की जगह दी गयी जिम्मेदारी
- प्रदेश कार्यालय में बाबूलाल मरांडी समेत अन्य लोगों ने किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा ने राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को झारखंड का नया प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से की गयी है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि आदित्य साहू को तत्काल प्रभाव से यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उन्हें निवर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार रॉय के जगह पर यह जिम्मेदारी मिली है। इस नयी जिम्मेदारी से पहले वे झारखंड प्रदेश भाजपा के महामंत्री पद पर कार्यरत थे। बताते चलें कि कुच्चू, ओरमांझी में जन्मे आदित्य साहू पिछले दो दशक से भाजपा में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने एमकॉम तक की पढ़ाई की है। साथ ही रांची में 2019 तक बतौर प्रोफेसर सेवा भी दी है। वे 2019 से राज्य भाजपा इकाई के नेता थे। वे पार्टी के कार्यों में हमेशा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमित साह के करीबी भी रहे हैं। नव नियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू का प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश पदाधिकारी ने स्वागत किया।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD
ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN





Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

## निलंबित जवान ने दो थाना प्रभारी समेत दो जवानों पर आरोप लगा की आत्महत्या

- आत्महत्या से पहले वीडियो बनाकर कहा, मेरी मौत के लिए हैं जिम्मेवार
- मामला पकड़ रहा तूल, निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** पिछले तीन माह से निलंबित पुलिस के जवान मंसूर आलम ने जहर खा कर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या के पहले उन्होंने वीडियो सोशल मीडिया में डाल कर मौत का जिम्मेवार डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश और जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार को ठहराया है। घटना के बाद यह मामला अब धीरे-धीरे तूल पकड़ता जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मृतक आलम काम में लापरवाही के आरोप में पिछले तीन माह से निलंबित थे। उनका वेतन रुका हुआ था। इससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस वजह से तंग आकर उन्होंने जहर खा कर कर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि जहर खाने के बाद उन्हें इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया। रांची में इलाज के दौरान जवान आलम की मौत हो गयी। वे जिला बल में ड्राइवर के पद पर कार्यरत थे।

**वीडियो वायरल :** आत्महत्या से पहले मंसूर आलम ने वीडियो



बनाकर जयनगर और डोमचांच थाना प्रभारी समेत दो अन्य जवानों पर गंभीर आरोप लगाये। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें मंसूर ने कहा है कि मानसिक प्रताड़ना और जबरन काम कराने के कारण ही उसने यह कदम उठाया। वीडियो में उसने बताया है कि झूठी रिपोर्ट कर निलंबन कराया गया है। निलंबन से भरण-पोषण का संकट उत्पन्न हो गया है।

### न्याय सम्मत होगी कार्रवाई : एसपी

मामले में एसपी अनुदीप सिंह कहते हैं कि घटना दुखद है। जांच की जा रही है। कारवाई न्याय सम्मत होगी। वहीं, पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष रहमान खान कहते हैं कि मृतक मंसूर आलम की प्रतिनियुक्ति सपही पिकेट में थी। उन्हें डोमचांच थाना में ड्यूटी करने का दवाब था। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि मामले में न्याय नहीं मिला, तो पुलिस कर्मियों की हित में किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

### मृतक के आश्रित को मुआवजा और नौकरी दिलाने की मांग की गयी

समाजसेवी खालिद खलील ने एसपी से मामले में दोनों डोमचांच और जयनगर थाना प्रभारी जांच से निलंबन की मांग की है। साथ मृतक के आश्रित को मुआवजा और नौकरी दिलाने की मांग की है। इधर, इनकी दोनों पत्नी ने न्याय की गुहार लगाते हुए मुआवजे और नौकरी की मांग की है।

## बाबूलाल मरांडी की बहू के साथ बदसलूकी और ड्राइवर को पीटा

पुलिस से की गयी शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की पुत्रवधू के साथ हजारीबाग में बदतमीजी हुई है। यह मामला हजारीबाग मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अमृत नगर का बताया जा रहा है। वह उस वक्त गिरिडीह से रांची जा रहीं थीं। मरांडी की पुत्रवधू प्रीति किस्कू पति सनातन मरांडी ने इस संबंध में मुफस्सिल थाना में आवेदन दे कर शिकायत दर्ज करायी है। इसमें उन्होंने लिखा है कि मैं अपनी गाड़ी से गिरिडीह के तीसरी से रांची लौट रही थी। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के अमृत नगर पूजा समिति के दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस में गाड़ी फंस गयी। ड्राइवर ने लोगों से रास्ता देने का




आग्रह किया, जिसपर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि विसर्जन में मौजूद कुछ लोगों ने ड्राइवर के साथ मारपीट की। यह घटना अमृत नगर पूजा पंडाल के पास की है। पहले मेरे ड्राइवर को मारकर बुरी तरह जख्मी किया गया, फिर जब मैं बीच-बचाव करने उतरी तो मेरे साथ भी गाली-गलौज और बदसलूकी की गयी। घटना की शिकायत जब बड़े अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। हालांकि इस पूरे प्रकरण पर जब मुफस्सिल थाना प्रभारी से बात की गयी, तो उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। पुलिस पूरे मामले जांच में जुटी है।




आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 04 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार में इस बार भी दलों की टेंशन बढ़ायेंगे बागी

## ■ हर दल में संभावित बगावत को लेकर बन रही अलग से रणनीति

## ■ पिछली बार करीब दर्जन भर सीटों पर बागियों ने बिगाड़ा था खेल

## ■ इस बार बागियों की संख्या बढ़ी, तो रोमांचक हो जायेगा मुकाबला

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। अगले सप्ताह विधानसभा चुनाव की घोषणा की संभावना है और नवंबर मध्य तक विधानसभा चुनाव कराये जा सकते हैं। चुनाव आयोग की तैयारियां चरम पर हैं और राजनीतिक दल भी सीट बंटवारे और उम्मीदवार चयन को लेकर गहरी गहमा-गहमी में हैं। लेकिन सबसे बड़ी चिंता अब बागी उम्मीदवारों की है। यदि ये नेता मैदान में उतर गये, तो चुनावी खेल में भारी उलटफेर हो सकता है। पिछले चुनावों की तरह इस बार भी कुछ सीटों पर बागियों की वजह से नतीजे प्रभावित हो सकते हैं। 2020 में कई सीटों पर निर्दलीय और बागी उम्मीदवारों ने जीत-हार का समीकरण पलट दिया था। कुछ सीटों पर बागियों ने 40 से 50 हजार तक वोट जुटाकर चुनावी खेल को अंतिम क्षण तक उलझा दिया। राजनीतिक दलों में टिकट चयन में पारदर्शिता की कमी बागी होने का सबसे बड़ा कारण मानी जाती है। जो कार्यकर्ता सालों से मेहनत करते हैं, उन्हें टिकट देने के वक्त नजरअंदाज किया जाता है। इसके अलावा धनबल और बाहरी दबाव भी टिकट बंटवारे में भूमिका निभाते हैं। कई पुराने नेता इसी उम्मीद में दूसरे दलों में शामिल होते हैं कि उन्हें टिकट मिलेगा। जब ऐसा नहीं होता, तो वे बागवत कर मैदान में उतर जाते हैं। बाहरी नेताओं को टिकट मिल जाने पर भी कई पुराने नेता बगावत पर उतर आते हैं। बिहार की राजनीति में बागियों की भूमिका निश्चित रूप से अहम है। 2025 में भी दो-दो ढाई दर्जन सीटों पर बागियों का खेल देखने को मिल सकता है। 2020 के अनुभव से यह स्पष्ट है कि बागियों की वजह से कुछ सीटों पर जीत-हार का अंतर बेहद मामूली रहा। इस बार भी वही स्थिति बन सकती है। राजनीतिक दल जिताऊ उम्मीदवार पर दांव लगाना चाहते हैं, लेकिन दावेदारों की संख्या अधिक है। ऐसे में टिकट वितरण के बाद ही स्पष्ट होगा कि कितने नेता बागी बनकर चुनावी खेल में उलटफेर करेंगे। बिहार में क्या रही है बागी उम्मीदवारों की स्थिति और इनके कारण राजनीतिक दलों की क्या हैं चिंताएं, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**


राकेश सिंह
संपादक

बिहार विधानसभा चुनाव अब दरवाजे पर आ गया है। अगले सप्ताह चुनाव की घोषणा की संभावना है और नवंबर में चुनाव कराये जा सकते हैं। चुनाव के लिए एक तरफ चुनाव आयोग की तैयारी चल रही है, दूसरी तरफ सीट बंटवारे और उम्मीदवारों के चयन को लेकर भी गहमा-गहमी बढ़ी हुई है। गठबंधन और दलों को इस बात की भी चिंता है कि टिकट नहीं मिलने पर पार्टी का नेता बागी न हो जाये। अगर ऐसा हुआ तो समीकरण बिगड़ सकता है।

### पिछले चुनाव में बागियों ने बिगाड़ा था खेल

2020 में कई बागियों ने कई सीटों पर खेल बिगाड़ा था। इस बार कई सीटों पर पेंच है। राजनीतिक दल जिताऊ उम्मीदवार पर दांव लगाना चाहते हैं लेकिन कई दावेदार पहले से मौजूद हैं। ऐसे में जिन नेताओं को टिकट नहीं मिलेगा, उनमें से कई निर्दलीय या फिर किसी अन्य पार्टी से टिकट लेकर मैदान में उतर जाते हैं। इस बार भी दो से ढाई दर्जन सीटों पर ऐसी स्थिति बनती नजर आ रही है।

### 11 सीटों पर एक हजार से कम वोटों का अंतर था

2020 में विधानसभा की 11 सीटों पर एक हजार से कम वोटों के अंतर से जीत-हार का फैसला हुआ था। इनमें से कई सीटों पर निर्दलीय और बागियों ने बड़ी भूमिका निभायी थी। कई सीटों पर बागियों ने 40 से 50 हजार तक वोट लाकर 2020 विधानसभा चुनाव में बड़ा उलटफेर किया था।

### इन सीटों पर बागियों ने बिगाड़ा था खेल

मीनापुर से 2015 में भाजपा उम्मीदवार रहे अजय कुमार पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर 2020 में लोजपा के टिकट पर मैदान में उतरे थे। उन्होंने 43 हजार से अधिक वोट प्राप्त किया, जबकि उस सीट पर जदयू उम्मीदवार को राजद प्रत्याशी ने 16 हजार वोटों से हरा दिया। इसी तरह लौकहा से 2015 में भाजपा के टिकट पर लड़े प्रमोद कुमार प्रियदर्शी भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर 2020 में लोजपा के टिकट से उतर गये। उन्होंने 30 हजार वोट प्राप्त किया। यहां जदयू उम्मीदवार को राजद प्रत्याशी के हाथों 10 हजार वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, रजौली सुरक्षित सीट से 2015 में भाजपा से चुनाव लड़े अर्जुन राम टिकट नहीं मिलने पर 2020 में निर्दलीय उतर कर 14400 वोट ले आये। यहां पर भाजपा 12 हजार वोटों से राजद से हार गयी। पूर्णिया के कसबा में भाजपा से 2010 और 2015 में लड़े प्रदीप कुमार दास 2020 में लोजपा से चुनाव लड़े और 60 हजार वोट ले आये। यहां हम के उम्मीदवार तीसरे स्थान पर चला गया। सिकटा विधानसभा क्षेत्र से 2015 में भाजपा से चुनाव लड़े दिलीप वर्मा 2020 में टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़े और दूसरे स्थान पर रहे, जबकि यहां जदयू का उम्मीदवार तीसरे स्थान पर चला गया। बैकुंठपुर से 2015 में जदयू से मंजीत सिंह चुनाव लड़े थे। 2020 में यह सीट भाजपा के पास चली गयी। मंजीत सिंह निर्दलीय चुनाव लड़े और 43 हजार से अधिक वोट ले आये। इस वजह से भाजपा के उम्मीदवार 11 हजार वोट से हार गये। महाराजगंज से भाजपा के टिकट पर देवरंजन सिंह 2015 में चुनाव लड़े थे। टिकट नहीं मिलने पर 2020 में लोजपा के टिकट से उतरे और 18 हजार वोट ले आये। जदयू उम्मीदवार 12 हजार वोट से चुनाव हार गया। एकमा से जदयू के मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह 2015 में चुनाव लड़े थे। टिकट नहीं मिलने पर 2020 में उनकी पत्नी सीता देवी निर्दलीय चुनाव लड़ीं। वहीं 2015 में एकमा में भाजपा उम्मीदवार रहे कामेश्वर सिंह 2020 में लोजपा से चुनाव लड़े और 30 हजार वोट लाये। सीता देवी यहां 13 हजार वोटों से चुनाव हार गयीं।




### इस बार इन सीटों पर है बगावत की आशंका

पटना जिले की बाढ़ विधानसभा सीट से भाजपा के ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू विधायक हैं। पिछले दिनों अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहे हैं। पार्टी नेतृत्व के खिलाफ भी बयान दे चुके हैं, तो वहीं जेडीयू के संजय सिंह ने भी बयान दिया था कि हम भी बाढ़ से तैयारी कर रहे हैं। हालांकि उसके बाद उनका बयान नहीं आया। इसके अलावा करणवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया भी दावेदारों की सूची में है। यदि उन्हें पार्टी से टिकट नहीं मिला, तो वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। इसी तरह गायघाट सीट पर पिछली बार जदयू एमएलसी दिनेश सिंह की बेटी कोमल सिंह लोजपा के टिकट पर चुनाव लड़ीं थीं। लोजपा की ओर से इस सीट पर दावेदारी हो रही है, जबकि गायघाट सीट पर पूर्व विधायक महेश्वर प्रसाद यादव के बेटे भी दावेदारी ठोक रहे हैं। उनका दावा है कि सीट जदयू की रही है। पिछले दिनों एनडीए के कार्यक्रम में दोनों के बीच विवाद भी हुआ था। चकाई से निर्दलीय सुमित सिंह 2020 में चुनाव जीते थे। बाद में उन्होंने जदयू का समर्थन कर दिया और सरकार में मंत्री भी बनाए गये। वह विज्ञान तकनीकी मंत्री हैं, लेकिन जदयू के टिकट पर संजय प्रसाद वहां से चुनाव लड़े थे। लोजपा ने भी उम्मीदवार दिया था और उसके कारण संजय प्रसाद की हार हो गयी। सुमित सिंह इस बार जदयू के टिकट पर वहां से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, जबकि संजय को भी भरोसा है कि ललन सिंह टिकट कटने नहीं देंगे। ऐसे में यहां भी बगावत तय है।

इसके अलावा एक दर्जन से अधिक सीट ऐसी है, जिन पर एक से अधिक दावेदार हैं। यदि टिकट कटा, तो किसी न किसी का बागी चुनाव लड़ना तय है। डुमरांव, करहगर, आरा, महुआ और दानापुर सीट पर भी कई दावेदार हैं। पटना में कुम्हरार और दीघा विधानसभा सीट पर भी कई दावेदार हैं। सीट बंटवारे और उम्मीदवारों की घोषणा के बाद ही यह स्थिति स्पष्ट हो पायेगी कि कुल कितने बागी इस बार विधानसभा चुनाव में नजर आयेंगे।

### बागावत के पीछे की वजह

बगावत के कारणों की बात करें, तो पार्टियों में टिकट चयन में पारदर्शिता नहीं बरती जाती है। जो कार्यकर्ता सालों से काम करते हैं, टिकट देने के वक्त पार्टी में उनकी उपेक्षा करती है। इसके अलावा धनबल का भी टिकट बंटवारे में बड़ा योगदान होता है। पार्टियों पर टिकट बेचने का आरोप भी लगता है। छोटी पार्टियों पर तो यह सबसे ज्यादा आरोप लगता है। इसलिए टिकट नहीं मिलने पर कई पुराने नेता बागवत कर मैदान में आ जाते हैं। इसके अलावा कई नेता इसी उम्मीद से दूसरे दलों में शामिल होते हैं कि उन्हें टिकट मिलेगा, लेकिन जब ऐसा नहीं होता है, तो वे बागी हो जाते हैं। इसी तरह कई बार जब बाहर से आये नेता को टिकट मिल जाता है, तो दूसरे नेता बगावत पर उतर आते हैं। पिछले चुनावों में भी बागी उम्मीदवार उतरते रहे हैं, इस बार भी ऐसा होता दिख रहा है।

### पिछले तीन चुनावों के आंकड़े

बिहार में पिछले तीन विधानसभा चुनाव के आंकड़ों को देखें, तो 2010, 2015 और 2020 में हुए चुनाव में भाजपा के केवल 34 उम्मीदवार ही तीनों चुनाव लड़े थे, जबकि जदयू के 26 उम्मीदवार तीनों चुनाव लड़े थे। यदि दोनों दलों के तीन चुनाव में लड़े सीटों को देखें, तो भाजपा 2010 में 102 , 2015 में 157 और 2020 में 110 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, जबकि जदयू 2010 में 141, 2015 में 101 और 2010 में 115 सीटों पर चुनाव लड़ा। वहीं राष्ट्रीय जनता दल से केवल 12 उम्मीदवार ही ऐसे हैं, जो तीनों चुनाव लड़े हैं और कांग्रेस से केवल सात उम्मीदवार तीनों चुनाव लड़े हैं। राजद ने 2010 में 168 , 2015 में 101 और 2020 में 144 सीटों पर तीनों चुनाव लड़ा था।

### बागियों के कारण लगा था झटका

2020 विधानसभा चुनाव में एनडीए और महागठबंधन के 29 प्रत्याशी तीसरे नंबर पर रहे थे और इसका बड़ा कारण बागी और निर्दलीय उम्मीदवार ही थे। एनडीए के 19, तो महागठबंधन के 10 उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहे थे। तीसरे स्थान पर एनडीए के रहने वाले प्रमुख उम्मीदवारों में सिकटा से खुर्शीद फिरोज अहमद, रघुनाथपुर से राजेश्वर चौहान, मांझी से माधवी कुमारी, नवादा से कौशल यादव, चकाई से संजय प्रसाद, दिनारा से जयकुमार सिंह, रामगढ़ से अशोक कुमार सिंह, तरारी से कौशल विद्यार्थी थे। वहीं, महागठबंधन के प्रमुख उम्मीदवारों में गोपालगंज से आसिफ गफूर, अमौर से अब्दुल जलील मस्तान, मटिहानी से राजेंद्र प्रसाद सिंह, बायसी से अब्दुल सुब्बान शामिल थे।

### टिकट कटने पर निर्दलीय लड़ते हैं चुनाव

बिहार में 70 से 80 की उम्र वाले 31 विधायक हैं। इस बार इनमें से कई विधायकों का टिकट कट सकता है। कई नेताओं ने बागी तेवर अपनाया था, उनमें से कई का टिकट कटना तय माना जा रहा है। यदि टिकट कटा, तो उनमें से कई बागी तेवर अपनायेंगे। वे निर्दलीय की भूमिका में नजर आ सकते हैं। वैसे पिछले दो-तीन विधानसभा चुनावों से निर्दलीय का प्रदर्शन बहुत बेहतर नहीं रहा है। 2010 में 1342 निर्दलीय चुनाव लड़े थे, जिसमें से केवल छह जीत पाये थे और 1324 की जमानत जब्त हो गयी थी। 2015 में 1150 निर्दलीय चुनाव लड़े थे। इसमें से केवल चार जीत पाये और 1132 की जमानत जब्त हो गयी। 2020 में 1299 निर्दलीय चुनाव लड़े थे और केवल एक की जीत हुई थी। 1284 की जमानत जब्त हो गयी। निर्दलीय भले ही चुनाव न जीतें, लेकिन कई के चुनाव हारने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। निर्दलीय के साथ बागी छोटे दलों से भी टिकट लेकर एनडीए और महागठबंधन के उम्मीदवारों की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं।

---

# मुंह में कपड़ा भर, हाथ-पैर बांध बारी-बारी से किया दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले के हंसडीहा में स्टेज प्रोग्राम करने वाली एक 21 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। देवघर की रहने वाली युवती ने तीन युवकों के खिलाफ आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। युवती ने पुलिस को दिये आवेदन में बताया कि देवघर में रहकर स्टेज शो में गाना गाती है। 28 सितंबर को उसे एक नंबर से फोन आया, जिसमें बताया गया कि हंसडीहा में स्टेज प्रोग्राम करना है। इसके बाद तीन युवक सफेद रंग की कार से उसे लेने के लिए आये। तीनों युवक उसे कार से हंसडीहा लेकर आये। जब युवती ने पूछा कि प्रोग्राम कहां है तो उसे एक कमरे में यह कहकर ले जाया गया कि प्रोग्राम के लिए अन्य कलाकार इसी कमरे में हैं। जब वह कमरे में गयी तो तीनों युवक सौरभ कुमार, राजन राज और पारस यादव ने मुंह में कपड़ा भर दिया और हाथ पैर बांधकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। ब्लीडिंग की वजह से उसकी तबीयत बिगड़ गयी तो युवकों ने उसका मोबाइल फोन और पैसे छीन लिया। युवती ने दो अक्टूबर को थाना में घटना की लिखित जानकारी दी। हंसडीहा में 28 सितंबर को गोड्डा रोड में और गुरुवार को भी हंसडीहा दुर्गा मंदिर के नजदीक डांडिया नाइट का आयोजन हुआ था। दुर्गा पूजा जैसे पर्व पर गैंगरेप की घटना से हंसडीहा फिर शर्मसार हो गया। इधर हंसडीहा चौक पर घटित हुई इस घटना से कई सवाल भी उठ रहे हैं। आरोपी राजन राज के परिजनों के अनुसार राजन इस घटना में शामिल नहीं था, एक साजिश के तहत उसे आरोपी बना दिया गया है। इधर हंसडीहा थाना प्रभारी तारा चंद ने बताया कि युवती के बयान पर मामला दर्ज कर तीनों को हिरासत में ले लिया गया है।

# डंडई में विजयादशमी के दिन अभद्र धार्मिक टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन

**थाना प्रभारी बोले, मामले में दो व्यक्तियों पर प्राथमिक दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई (गढ़वा)।** डंडई थाना क्षेत्र के लवाहीकलां गांव में विजयादशमी के दिन सोशल मीडिया पर दो व्यक्तियों के द्वारा अभद्र धार्मिक टिप्पणी करने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने अभद्र धार्मिक टिप्पणी करने की शिकायत को लेकर डंडई थाना में आवेदन दिया। थाने के बाहर भी दोनों व्यक्तियों के खिलाफ जम कर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध कर रहे ग्रामीण दुर्गा पूजा पर भड़काऊ और अभद्र टिप्पणी करना बंद करो तथा दोषीयों पर कार्रवाई हो की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि 2 अक्टूबर को हम लोग विजयदशमी दुर्गा पूजा का त्योहार मना रहे थे। उस दौरान गिजनियादामार टोला निवासी



रूपेश कुमार और अक्षय राम के द्वारा टोले के लोगों को जमा कर दुर्गा पूजा को पाखंड और हम लोगों को पाखंडी कहा गया। वहीं वीडियो रिकॉर्डिंग कर सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट किया गया है। जिससे हम सनातनियों के धर्म पर आहत पहुंचाया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी सनातनियों को पाखंडी कहने वाले व्यक्तियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस मामले की जांच कर त्वरित धार्मिक टिप्पणी करने वाले दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार करे अन्यथा हम लोगों का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। हम लोग प्रशासन से मांग करते हैं कि दुर्गा पूजा पर अभद्र टिप्पणियां करने वाले दोनों व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई किया जाये। **प्राथमिकी दर्ज :** मामले में थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने कहा कि विजयदशमी के दिन दो व्यक्तियों के द्वारा दुर्गा पूजा को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट किया गया था जिसको लेकर ग्रामीणों ने आवेदन दिया है। फिलहाल पोस्ट करने वाले रूपेश कुमार और अक्षय राम के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त ने राज्यपाल से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की नवनियुक्त राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने शुक्रवार को राज भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इससे पहले उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी।

वहीं, दूसरी ओर अब राज्य में नगर निकाय चुनाव कराये जाने की संभावना बढ़ गयी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी की नियुक्ति के बाद चुनाव प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार अगली कैबिनेट की बैठक में नगर निकाय चुनाव पर सरकार अहम फैसला भी ले सकती है। वहीं, 14 अक्टूबर को नगर निकाय चुनाव को लेकर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई होनी है। इधर, कांग्रेस, भाजपा और जदयू समेत कई राजनीतिक दलों ने नगर निकाय चुनाव के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांग्रेस ने 11 सदस्यीय प्रदेश चुनाव समिति का गठन किया है, जबकि भाजपा सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया में जुटी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.2 °c | 22.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.35 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.41 बजे |

## सांसद और नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू का भव्य स्वागत

# कार्यकर्ता था, हूं और रहूंगा : आदित्य साहू

**रांची महानगर भाजपा की ओर से जिला कार्यालय में अभिनंदन कार्यक्रम आज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दशहरा बीतते ही भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने अपने महत्वपूर्ण फैसले के तहत झारखंड भाजपा के लिए नये कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में सांसद आदित्य साहू की घोषणा की। इसके बाद साहू को बधाई देने वालों का तांता लग गया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन, मधु कोड़ा, डॉ रविंद्र कुमार राय, दीपक प्रकाश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, अभय कांत प्रसाद, पीएन सिंह, सहित अन्य लोगों ने साहू को कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

आदित्य साहू शुक्रवार को जैसे ही प्रदेश कार्यालय पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ देकर साहू का स्वागत किया। स्वागत करने वालों ने उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, विकास प्रीतम, महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, सरोज सिंह, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रताप सिंह, वरुण साहू, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में महानगर और ग्रामीण जिला के कार्यकर्ता शामिल हुए। झारखंड भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने नये दायित्व के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष का आभार प्रकट किया। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मी कांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, डॉ रविंद्र कुमार राय, दीपक प्रकाश, रघुवर दास, अर्जुन मुंडा चंपाई सोरेन, मधु कोड़ा, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, यदुनाथ पांडेय के प्रति भी अपनी कृतज्ञता प्रकट की। साहू ने कहा कि केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के प्रति वे सदैव आभारी रहेंगे जिन्होंने उनके ऊपर बड़ा भरोसा जताया है। साहू ने कहा कि मैं कार्यकर्ता हूं और कार्यकर्ता बनकर ही पार्टी का कार्य करता रहूंगा। पार्टी की जिम्मेवारी बदलती रहती है लेकिन कार्यकर्ता भाव कभी नहीं बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए सर्व स्पर्शी, सर्व समावेशी संगठन बनाने के लिए कार्य करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नाकामियों को उजागर कर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाने का उनका सपना है जिसके लिए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, वरिष्ठ नेताओं, प्रदेश नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करूंगा। उन्होंने प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं शुभचिंतकों का आभार प्रकट किया।



### आदित्य साहू एक अनुभवी नेता, संगठन को मिलेगी मजबूती: बाबूलाल मरांडी

**इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय का स्वागत है। मरांडी ने कहा कि साहू बूथ स्तर से इस मुकाम तक पहुंचे हैं। लंबा राजनीतिक अनुभव है, संसदीय कार्यों का भी अनुभव एक सांसद के रूप में है। उन्होंने कहा कि इनके अनुभव और कार्यक्षमता का लाभ पार्टी को मिलेगा। राज्य में पार्टी और मजबूत होगी। उन्होंने आदित्य साहू को नये दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके यशस्वी जीवन की मंगलकामना की।**

# सीएम हेमंत से राज्य निर्वाचन आयुक्त और विकास आयुक्त ने की मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने मुलाकात की। अलका तिवारी 30 सितंबर को मुख्य सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुई थी। वहीं, शुक्रवार को ही मुख्यमंत्री से विकास आयुक्त, अजय कुमार सिंह ने भी मुलाकात की। अजय सिंह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव हैं। सीएमओ ने राज्य निर्वाचन आयुक्त और विकास आयुक्त की मुलाकात को शिष्टाचार भेंटवार्ता बताया है।



# मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त हवलदार दिलीप तिर्की को किया सम्मानित

**25 वर्षों तक मुख्यमंत्री आवास में रहे तैनात**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को अपने आवासीय कार्यालय में विशेष शाखा के हवलदार दिलीप तिर्की की सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया और उनके समर्पण एवं निष्ठा से किये गये लंबे सेवाकाल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हवलदार दिलीप तिर्की का कार्यकाल अनुकरणीय रहा है।

उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से राज्य की सेवा की है। ऐसे कर्मठ और समर्पित कर्मियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री ने उनके स्वस्थ, सुखमय और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं भी की। उल्लेखनीय है कि दिलीप तिर्की 30 सितंबर 2025 को सेवानिवृत्त हुए हैं। लगभग 40 वर्षों की सेवा अवधि में उन्होंने अपनी कार्यकुशलता और ईमानदारी से विभाग एवं राज्य की सेवा की। वर्ष 2000 से वे मुख्यमंत्री के आवास में तैनात रहे और निरंतर निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे।



## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| वृष | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी। |
| कर्क | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| सिंह | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


# सात पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को नोटिस

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जारी किया नोटिस**

**तीन वित्तीय वर्षों का वार्षिक अंकेक्षित खाता संबंधी विवरणी उपलब्ध नहीं करायी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित 7 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को नोटिस जारी किया है। जिसमें, रांची के, झारखंड की क्रांतिकारी पार्टी, झारखंड पार्टी (सेक्युलर), लोक जन विकास मोर्चा, राष्ट्रीय देशज पार्टी एवं राष्ट्रीय संगाइल पार्टी, पूर्वी सिंहभूम की झारखंड पीपल्स पार्टी एवं चतरा की राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा को नोटिस के माध्यम से सूचित किया गया है कि उक्त राजनितिक दल अपने अस्तित्व एवं कामकाज के संबंध में ससमय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष शपथ पत्र एवं आवश्यक साक्ष्यों के साथ अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। ससमय पक्ष अप्राप्त रहने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि पार्टी का अस्तित्व समाप्त हो चुका है एवं इस आशय की सूचना भारत निर्वाचन आयोग, नयी दिल्ली को भेज दी जायेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित इन सात पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने विगत तीन वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) का वार्षिक अंकेक्षित खाता संबंधी विवरणी इनके निर्धारित समयावधि में आयोग को समर्पित नहीं किया है। साथ ही यह भी तथ्य भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में आया है कि उपरोक्त राजनीतिक दलों के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लिया गया है, परंतु निर्धारित समय के अंदर अर्थात विधानसभा निर्वाचन के उपरांत 75 दिन एवं लोकसभा निर्वाचन के उपरांत 90 दिनों के भीतर अपना व्यय-विवरणी आयोग को समर्पित नहीं किया गया है, जो कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में उपबंधित प्रावधानों से विचलन को प्रदर्शित करता है। इन दलों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु आयोग से प्राप्त निदेश के आलोक में अध्यक्ष/महासचिव को पार्टी के तरफ से शपथ पत्र सहित लिखित पक्ष मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, झारखंड, रांची को भेजने के लिए 09 अक्टूबर तक और 16 अक्टूबर को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में 11.00 बजे सुनवाई की तिथि एवं समय निर्धारित की गयी है। इस आशय की सूचना राजनीतिक दलों को आयोग द्वारा पंजीकृत पत्राचार के पते पर भेजी गयी है। साथ ही समाचार पत्रों में आम सूचना के माध्यम से भी प्रकाशित की गयी है।

### इन दलों को जारी किया गया नोटिस


- झारखंड की क्रांतिकारी पार्टी
- झारखंड पार्टी (सेक्युलर)
- लोक जन विकास मोर्चा
- राष्ट्रीय देशज पार्टी एवं राष्ट्रीय संगाइल पार्टी
- पूर्वी सिंहभूम की झारखंड पीपल्स पार्टी
- चतरा की राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा

## पुलिस मुख्यालय ने थानों में किया मुंशी का पदस्थापन

# यह नियम विरुद्ध है, अनुपालन संभव नहीं : एडीजी जैप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा राज्य के विभिन्न थानों में मुंशी के पद पर आइआरबी, जैप और एसआइआरबी के जवानों के पदस्थापन को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। जैप की एडीजी प्रिया दुबे ने इसे लेकर आपत्ति जतायी है। उन्होंने ना सिर्फ पुलिस मुख्यालय के आदेश को नियमों के खिलाफ बताया है, बल्कि यह भी कहा है कि इस आदेश का पालन नहीं किया जा सकता है। प्रिया दुबे ने इस संबंध में डीआइजी (कार्मिक) को पत्र लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि थानों में मुंशी के पद पर आइआरबी, जैप और एसआइआरबी के जवानों के पदस्थापन नियमों के खिलाफ इसलिए है, क्योंकि पुलिसकर्मियों के तबादले के लिए बनी कमेटी ने इस बारे में कोई नहीं निर्णय लिया है और ना ही एडीजी जैप ने उस पर सहमति दी है। इसके बावजूद मुख्यालय ने मुंशी के पदस्थापन से संबंधित आदेश जारी कर दिया।




वैसे भी थानों में मुंशी का पदस्थापन जिलों के एसपी के स्तर पर किये जाने का प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय ने 25 सितंबर को एक आदेश जारी कर आइआरबी, एसआइआरबी व जैप के 212 पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग विभिन्न जिलों के थानों में मुंशी के पद पर किया है। इससे पहले भी 23 जुलाई व तीन जुलाई 2025 को सीआइडी डीजी के स्तर से 89 महिला पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग महिला थाना में की गयी थी। इन पदस्थापनों के बारे में पुलिस मुख्यालय ने एडीजी जैप को कोई जानकारी नहीं दी है। एडीजी जैप ने डीआइजी कार्मिक को लिखे पत्र में कहा है कि डीजीपी कार्यालय ने स्वयं के निर्देशों का उल्लंघन किया है और कनीय कार्यालयों व पदाधिकारियों से उनके आदेश के अनुपालन की अपेक्षा किया जाना अनुचित है। एडीजी ने अन्य तथ्यों का उल्लेख करते हुए कहा है कि आइआरबी के जवानों की प्रतिनियुक्ति थानों में किया जाना अनुचित है। थानों में अपराध नियंत्रण का काम होता है, जबकि आइआरबी के जवान आर्म्स ड्यूटी के लिए प्रशिक्षित हैं, वह भी नक्सलियों से लड़ने के लिए। एडीजी ने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा जो प्रतिनियुक्ति आदेश जारी किये गये हैं, उस तरह के आदेश पहले किसी डीजीपी ने जारी नहीं किया है। स्थापित नियम व परिपाटी के अनुसार, अपराध नियंत्रण के लिए आर्म्ड फोर्स के जवानों को सिर्फ प्रतिनियुक्त किया जाता है। इसके अलावा जैप व आइआरबी के जवानों के स्थानांतरण के लिए 28 जनवरी 2025 को एक बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड की अनुशंसा का अनुमोदन एडीजी जैप करते हैं, लेकिन डीजीपी के वर्तमान आदेश को बोर्ड की अनुशंसा या जैप एडीजी का अनुमोदन प्राप्त नहीं है। एडीजी ने अपने पत्र में आगे लिखा है कि डीजीपी कार्यालय ने अपने ही पूर्व के आदेशों का उल्लंघन कर वर्तमान में जो आदेश जारी किया है, वह पूरी तरह अनुचित है। पहले से स्थापित नियम व परिपाटी भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में जैप, आइआरबी व एसआइआरबी के जवानों का थानों में मुंशी के रूप में प्रतिनियुक्ति के आदेशों को रद्द किया जाना चाहिए। अन्यथा इस प्रतिनियुक्ति आदेश का अनुपालन संभव नहीं है।

## सिंदूर खेला और गाजे-बाजे के साथ निकली विसर्जन शोभायात्रा

# आबार बोछोर घूरे आसबे मां...

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी शुक्रवार की शाम मां दुर्गा के विसर्जन शोभायात्रा की सतरंगी छटा से गुलजार रही। दोपहर बाद से ही पूजा पंडालों में ढोल-ढांक और तासा बजने लगे। महिलाओं ने मां का खोइछा भरा, सिंदूर खेला। इसके बाद बड़े-छोटे वाहनो पर मां सहित सभी देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को विराजमान किया गया। शमा चार बजे के बाद पंडालों से गाजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ यात्रा निकली तो वातावरण में मनोहारी छटा छा गयी। भक्ति रंग से शहर का कोना-कोना दमक उठा। कांधे चुनड़ी, माथे साफा पहने विभिन्न पूजा समितियों के पदाधिकारी और सदस्य अगुवाई करते हुए तन कर बढ़े तो पीछे से वाहनों पर आभा बिखेरती प्रतिमाओं का कारवां भी सरकने लगा। ढोल-तासा के साथ भक्ति गीता पर नाचते-झूमते श्रद्धालुओं का उत्साह देखते हीं बन रहा था। यात्रा जिधर से गुजरती सड़क के दोनो किराने राहगीर ठीठक जाते। हाथ जोड़ मां का दर्शन कर आशीष मांगते। मां की विदाई का मनोरम नजारा देखने में खो से जाते। यह सिलसिल चहुंओर यूं ही चलता रहा। अल्बर्ट एक्का चौक पर शाम साढ़े चार बजे के बाद एक-एक कर विविध पूजा समितियों की शोभायात्रा गुजरती रही। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति मेन रोड, बिहार क्लब, आरआर स्पोर्टिंग क्लब, युथ क्लब महावीर चौक, श्रीरामलला पूजा समिति, जिला स्कूल मैदान, त्रिकोण हवन कुंड सुभाष चौक, श्रीदुर्गा पूजा समिति भुतहा तालाब, भारतीय युवक संघ बकरी बाजार सहित कई पूजा समितियों की शोभायात्रा का अलग ही आकर्षण रहा। दूसरी ओर किशोरगंज चौक से हो कर सत्य अमर लोक हरमू रोड, शक्ति स्त्रोत संघ गाड़ी खाना, प्रगती प्रतीक क्लब, किशोरगंज सहित कई पूजा समितियों की शोभायात्रा देर शाम तक बड़ा तालाब पहुंची। बरियातु, कांके रोड, बूटी मोड़, कांटाटोली, चुटिया, अरगोड़ा, नामकोम, टाटीसिल्वे, डोरंडा, धुर्वा आदि इलको में विराजमान मां की प्रतिमा का विसर्जन भी शोभायात्रा के रूप में शहर के विभिन्न जलाशयो में किया गया। आबार बोछोर घूरे आसबे मां ... के भाव से भक्तों ने मां को विदाई दी।







### चंद्रशेखर आजाद पूजा समिति की भव्य शोभायात्रा

चंद्रशेखर आजाद पूजा समिति की विसर्जन शोभायात्रा के क्या कहने। यात्रा के दौरान भजन गायक पिंटू और पूजा छाबड़ा भक्ति गीतों की सरिता बहाते चल रही थी। अगुवाई करते घुड़सवार। पीछे तासा पार्टी वाले अलग अंदाज में भक्ति रंग बिखेरते बढ़ रहे थे। फिर अध्यक्ष रमेश सिंह और अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ साफा पहने झूमते हुए बढ़ रहे थे। इनके बाद भजन मंडली और वाहन पर सुशोभित प्रतिमाएं हौले-हौले सरक रही थी। बड़ातालाब पहुंचने तक वातावरण मां के जयकारो और वाद्ययंत्रों की मधुर स्वरलहरियो से गूंजता रहा।

शोरावाली मां की विदाई बेला में भी भगवान इंद्र ने उपस्थिति दर्ज करायी। सुबह से ही रह-रह कर बूंद रूप में आशीष बरसाते रहे। अपराह्न बाद बारिश थमी, लेकिन छह बजे के बाद फिर से बूंदा-बांदी शुरू हो गयी। देर रात तक मौसम खराब रहा, पर मां को विदा करने निकले भक्तों के उत्साह में कोई कमी न रही। पूरे जोश के साथ भवानी भक्त नाचते-झूमते विभिन्न जलाशयों पर पहुंचे। पूजन-आरती के साथ नेम-निष्ठा से मां को विदा किया।

### श्रीरामलला पूजा समिति ने जताया आभार

श्रीरामलला पूजा समिति, जिला स्कूल मैदान की विसर्जन शोभायात्रा शाम साढ़े छह बजे गाजे-बाजे के साथ निकली। इसमें बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। नाचते-झूमते बड़ा तालाब में मां सहित सभी प्रतिमाओं की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। अध्यक्ष अशोक चौधरी, सचिव कुणाल अजवानी, प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत आदि ने प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से पूजा के सफल आयोजन में सहयोग करने वालों के प्रति आभार जताया है। कहा कि सब के योगदान और सहयोग से सर्वश्रेस्ठ पुरस्कार से समिति सम्मानित हुई। अगली बार भी सेवा और सहयोग के साथ और भी भव्य रूप में पूजा करने का प्रयास किया जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 04 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in
04

## केरेडारी में विजयादशमी पर मां दुर्गा की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गयी



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रजापिता ब्राह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केरेडारी में विजयादसमी के अवसर पर मां दुर्गा की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गयी और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम ने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी, जेएलकेएम नेता बालेश्वर कुमार, उपप्रमुख अमेरिका महतो, केरेडारी सेवा केंद्र की संचालिका बीके सरिता दी ने दीप प्रज्वललित कर किया। इस अवसर पर संचालिका सरिता दीदी ने कहा की मां दुर्गा को शिव शक्ति भी कहते हैं। नवरात्रि का अर्थ है शिव की शक्ति से काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसी आसुरी अवगुणो का नाश करना और पवित्रता के मार्ग पर चलना भी है। झांकी के साथ छोटे बच्चों ने नृत्य करके लोगों को भाव विभोर कर दिया। मौके पर ब्राह्मकुमारी सरिता दीदी, योगेन्द्र भाई, भीम भाई, जागेश्वर भाई, राजेंदर भाई, रंजन भाई, पारस भाई, अशोक भाई, अमित भाई, धनिनाथ भाई, सुभाष भाई, पूनम बहन, अंजलि बहन, यशोदा बहन, दीपशिखा बहन, कुंती बहन, रेखा बहन सहित संस्था से जुड़े दर्जनों लोग मौजूद थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने स्वदेशी वस्त्र किया वितरण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** विजयदशमी पर गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने पार्टी के जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और मोर्चा के जिलाध्यक्षों के बीच खादी का कुर्ता-पायजामा, महिला पदाधिकारी के बीच साड़ी भेंट कर स्वदेशी का संदेश दिया। इस दौरान श्री जोशी ने कहा कि स्वदेशी अपनाएं, घर-घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी के संकल्प के साथ हमें अपने देश भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि खादी और स्वदेशी वस्त्र न केवल हमारी परंपरा और संस्कृति से जुड़े हैं, बल्कि यह स्थानीय कारीगरों और बुनकरों को भी सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष का आभार जताते हुए स्वदेशी अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पार्टी नेता रवि मोदी, जूही दास गुप्ता, सुनीति सेठ, अनीता देवी, गोपाल कुमार गुतुल, अरसद खान, बासुदेव यादव, सूरज प्रताप मेहता, रामदेव मोदी, महेश वर्मा, बैजनाथ यादव, शशी भूषण प्रसाद आदि मौजूद थे।

## झुमरीतिलैया में निशान यात्रा का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** बाबा श्याम के भक्तिरस में डूबा नगर शुक्रवार को अलौकिक नजारा प्रस्तुत कर रहा था। श्याम निशान महिला मंडल की ओर से 43 वीं निशान यात्रा का आयोजन धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। श्रद्धालुओं के द्वार , सजाए हुए वाहन पर सजा दरबार और भक्तों की भक्ति-भावना से पूरा नगर श्याममय हो उठा। यात्रा की शुरूआत दुर्गा मंदिर झंडा चौक से हुई, जहां जीवकांत झा ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई। शालिनी सेठ ने यजमान के रूप में पूजा का सौभाग्य पाया। भव्य रूप से सजाए गए वाहन पर बाबा श्याम का दरबार सुसज्जित था। यात्रा झंडा चौक से होकर स्टेशन रोड, श्याम मंदिर और पोद्दार निवास पहुंची, जहां निशान बाबा को अर्पित किया गया। यात्रा मार्ग में महिलाएं भावपूर्ण भजन गाते हुए चल रही थीं। जलती रहे खाटू वाली जोत तेरी जलती रहे,ऊंचों रख निशान श्याम को लंबी डोरी खींच, मेरी गाड़ी मेरा बंगला सब कुछ है तेरा मेरा तो कुछ भी नहीं जैसे भक्तिगीतों ने वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया। ओ दर्जी सिम दे निशान मुझे खाटू जाना और आ गया मैं दुनियादारी सारी बाबा छोड़के जैसे भजनों पर भक्त झूम उठे। मौके पर कृतिका मोदी, शालिनी सेठ, पूजा शर्मा, मधु शर्मा, कुसुम चौधरी, गोपाल कुमार, भोला कुमार आदि शामिल थे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सेवा सप्ताह पखवाड़ा के तहत केटीपीएस बांझेडीह अस्पताल में रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ कोडरमा के सहयोग से शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वैच्छिक 22 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर का उद्घाटन केटीपीएस बांझेडीह के मुख्य अभियंता मनोज कुमार ठाकुर, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत कुमार बरनवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान केटीपीएस के एच आर हेड सुखमय नायक, डॉ ए एम मिश्रा, डॉ परमवीर कुमार, एच आर प्रबंधक कौशिक राय, सिविल सर्जन अनिल कुमार, सचिव गौतम पाल मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर केटीपीएस के मुख्य अभियंता श्री ठाकुर ने रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया, और कहां रक्तदान जीवनदान है। रक्तदान से कई लोगों को जीवनदान मिल सकता है। मां शक्ति की उपासना के शुरूआती व समापन के मौके प रक्तदान किया गया। रक्तदान से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। उन्होंने कहा केटीपीएस में यह परंपरा बरकरार रखा जा सके इसकी प्रयास जारी रहेगी। वही रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष श्री बरनवाल ने केटीपीएस की इस पहल की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि रक्तदान से शरीर स्वस्थ रहता है, और रक्तदाताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने शिविर में रक्तदान करने वालों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर डीवीसी कामगार संघ के रामकृष्ण गोराय, जयराज टोप्पो, रेड क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष मुन्ना सुल्तानिया,सदस्य चरणजीत सिंह, सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक एसएन सिंह, आर्दश कुमार सहित केटीपीएस के कई लोग मौजूद थे।

## दो सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, एक घायल

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** चंदवारा थाना अंतर्गत दो अलग अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना उरवा की हैं जहां मदनगुंडी निवासी वरुण पांडेय पिता स्व. लाटो पांडेय उम्र लगभग 45 वर्ष अज्ञात वाहन के चपेट में आ गए। उक्त व्यक्ति को सड़क पर गिरा देख स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना चंदवारा थाना को दी। पेट्रोलिंग वाहन के सहयोग से उन्हें सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना चंदवारा बाजार स्थित काली मंडा के समीप की है जहां तेज रफ्तार बाइक सवार लोहे के बन्द गेट को तोड़ते हुए घर मे जा घुसा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की गति काफी तेज थी, मोड़ होने कारण वह अपना नियंत्रण खो बैठा और हादसे का शिकार हो गया। इस घटना में बाइक के परखच्चे उड़ गए। सूचना पा कर चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार घटनास्थल पर पहुचे और घायल को सदर अस्पताल भिजवाया। सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में बाइक सवार सागर कुमार (18, पिता ननका साव) की मौत हो गई, वही उसका एक साथी घायल है। इधर युवक के निधन पर लोगों ने गहरी संवेदना प्रकट की है। इस घटना से पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

### बारिश के बीच भक्ति का सैलाब

# मां की प्रतिमा का विसर्जन

**रिमझिम फुहारों में भी नहीं टूटा उत्साह, भव्यता के साथ पूर्ण हुआ महापर्व**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग में इस वर्ष नवरात्र का महापर्व दुर्गा पूजा बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। रिमझिम फुहारों और बीच-बीच में तेज बारिश के बावजूद भक्तों के उत्साह और आस्था में कोई कमी नहीं आई। माता रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ पंडालों तक पहुंचते रहे और पूजा-अर्चना कर अपने परिवार और समाज की सुख-शांति की मंगल कामना करते रहे। नवमी के दिन भारी वर्षा ने आयोजन को प्रभावित किया। कई समितियों को निर्धारित समय पर विसर्जन रोकना पड़ा और गुरुवार का कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। आयोजकों ने बताया कि परंपरागत मान्यता के अनुसार गुरुवार को विसर्जन नहीं होता है, इसी कारण निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को माता रानी का विसर्जन किया जायेगा। इस दौरान गुरुवार को भी पूरे शहर में पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा और देर रात तक मां दुर्गा की आराधना और जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। शुक्रवार को शहर के विभिन्न पूजा समितियों द्वारा विसर्जन शोभायात्राएं निकाली गयीं। मां दुर्गा की प्रतिमाएं बैंड-बाजों, ढाक-ढोल और शंखध्वनि के बीच पूरे विधि-विधान से विसर्जित की गयीं। जय माता दी के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु अश्रुपूरित नेत्रों से माता रानी को विदाई देते हुए अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना कर रहे थे। आयोजक समितियों ने बताया कि इस वर्ष मौसम की चुनौतियों के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह में किसी प्रकार की कमी देखने को नहीं मिली। हर गली और चौक पर श्रद्धालु विसर्जन शोभायात्राओं में शामिल होकर नृत्य, गीत और जयकारों से पर्व को और भव्य बना रहे थे। पंडालों में सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भक्ति संगीत की ध्वनियों ने पर्व की गरिमा को और अधिक बढ़ा दिया। खबर लिखे जाने तक शहर में कई स्थानों पर विसर्जन की शोभायात्राएं जारी थीं और पूरा हजारीबाग भक्तिभाव और उल्लास से सराबोर था। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का पर्व भी है।

## बरकट्ठा में दुर्गा पूजा संपन्न, कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में मां दुर्गा पूजा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे प्रखंड क्षेत्र में 10 दिवसीय दुर्गा पूजा त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। हर साल की भांति इस बार भी प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा में विजय दशमी के दिन मेला का आयोजन किया गया। इसमें दूर दराज गांवों से काफी संख्या में लोग मां दुर्गा का दर्शन करने और मेला देखने पहुंचे। भारी बारिश के बावजूद भी श्रद्धालु मां दर्शन करने पहुंचे। प्रखंड क्षेत्र के बंडासिंघा, बेलकपी, गोरहर, घंघरी, कपका बरवां, गैंडा में धूमधाम से दुर्गा पूजा का समापन हुआ। बरकट्ठा बाजार में शुक्रवार को भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई दी। मूर्ति विसर्जन से लेकर पूरे 10 दिन पुलिस प्रशासन सक्रिय रही। साथ ही विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। बरकट्ठा में काफी संख्या में महिला पुरुष भक्तों ने मां की विदाई में शामिल हुए। इस दौरान महिलाओं ने मां को सिंदूर लगा कर आशीर्वाद लिया और विदाई दी। बरकट्ठा में भक्तों ने नम आंखों से मां दुर्गा की प्रतिमा को बेलवा नदी की लहरों विसर्जित किया गया। मां के बिदाई में पूर्व मुखिया बसंत साव, पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता, इंद्रजीत प्रसाद, बिजय यादव, रामखेलावन यादव, सुरज मोदी, अशोक गुप्ता, सुरेश राम, डॉ शम्भू, बजरंगी साव, काली मंडल, अनील मोदी, अनुप कुमार, मिथलेश भारती, संजय साव समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न कराने में बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, पुलिस इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी पंकज सिंदुरीया, गोरहर थाना प्रभारी नितिश कुमार सिंह, एसआई देवदत्त कुमार, एसआई रतन शर्मा , सुभाष राम, कन्हैया कुमार, चंदा उरांव, उपेन्द्र सिन्हा समेत सभी पुलिस बल का सहयोग रहा।

## प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हुआ दशहरा पर्व

**केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ ही दस दिनों से चले आ रहे दशहरा पर्व का भी समापन हो गया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में आयोजित पूजा पंडालों से शुक्रवार को गाजे बाजे व ढ़ोल शहनाई के साथ आकर्षक शोभा यात्रा निकाली गयी। श्रद्धालु भक्तों ने नम आंखों से मां की विदाई किया व अगले वर्ष फिर से आने की प्रार्थना की है। इससे पूर्व गुरुवार को मेले का आयोजन किया गया जिसका लुफ्त लोगों ने उठाया व नवमी की रात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था जहां लोगों ने कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। हलाकि इस बार बारिश के कारण कई जगहों पर नवमी की रात का कार्यक्रम बाधित हुआ लेकिन दशमी के मेले में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाचार लिखें जाने तक जुलुश शांतिपूर्ण तरीके से चल ही रहा था।**

## भक्तों ने मां दुर्गे को दी भावभीनी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता





**कोडरमा।** जिले के विभिन्न इलाकों में गुरुवार और शुक्रवार को भक्तों ने मां दुर्गे को गाजे - बाजे और नम नेत्रों से भावभीनी विदाई दी। इसके पहले सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर खेला किया। इस दौरान महिलाओं ने एक - दूसरे सिंदूर लगाया। इसके बाद मां भवानी समेत अन्य देवी - देवताओं की प्रतिमा को ट्रक पर सजाया और विभिन्न मार्गों से ले जाते हुए जलाशयों में मां दुर्गा, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, भगवान गणेश, कार्तिक के जयकारे लगाये। भ्रमण के क्रम में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शुक्रवार शाम को बेलाटांड तिलैया, सार्वजनिक दुर्गा पूजा अड़ी बंगला, महाराणा प्रताप चौक, करमा, चाराडीह आदि का प्रतिमा विसर्जन कर दिया गया। जबकि चंदवारा, गुमो में गुरुवार रात को प्रतिमा विसर्जन गाजे - बाजे के साथ हुआ।

## काली मंदिर शिवपुरी से पारंपरिक रूप से हुई मां दुर्गा की विदाई, निकली भव्य शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** शिवपुरी स्थित दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ (दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर) से मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन पारंपरिक शोभायात्रा के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और माहौल भक्तिमय हो गया। प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाये गये रथ पर स्थापित कर जैसे ही यात्रा निकली, ढोल-नगाड़ों, शंख और ध्वनि के बीच भक्तों ने जोरदार जय माता दी और मां दुर्गा की जय के जयकारे लगाये।

शोभायात्रा दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ (दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर) से बड़ा अखाड़ा, झंडा चौक काली बाडी रोड से अन्नदा चौक होते हुए बुढ़वा महादेव तालाब पहुंचा जहां विधि विधान से मां दुर्गे की पूजा अर्चना हुई जिसके उपरांत आरती के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान शोभायात्र में शामिल सभी महिला पुरुष युवक युवती बच्चे भावुक दिखे सभी की आंखें नम थी। भक्त भावुक नजर आए और अगले वर्ष पुनः मां दुर्गा के आगमन की कामना की।

प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये थे। पुलिस बल तैनात रहा जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में संपन्न हो सकी। मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ ही शिवपुरी में दुगार्पूजा का समापन हुआ, लेकिन भक्तों के बीच आस्था और उमंग का भाव बना रहा। इस अवसर पर समिति के सचिव डॉ प्रभात कुमार प्रधान ने कहा कि नवरात्र के प्रारंभ होते ही क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार होता है जो यह प्रमाणित करता है कि मां दुर्गे हमारे घर आई है लेकिन जैसे जैसे नवरात्र का समापन होता है और विजयादशमी के बाद मां की विदाई का समय आता है हर एक को यह समय बोझिल लगता है। नम आंखों से विदाई देते हुए आगे उन्होंने कहा कि मिलना और बिछड़ना प्रकृति का नियम है अगले वर्ष भी मां हमारे घर आयेगी और हमें ढेर सारा आशीर्वाद देगी। शोभायात्रा में पूजा समिति के संरक्षक डॉ प्रदीप कुमार प्रधान, मोहर दास, अशोक कुमार सिन्हा, रविन्द्र प्रसाद, प्रशांत कुमार प्रधान, शंभू शरण अंबष्ट, निशांत कुमार प्रधान, शिवम प्रधान, सुधा प्रधान, सोनम प्रिया, मिताली रश्मि, लक्ष्मी देवी , समेत पूजा समिति के सभी पदाधिकारी , सदस्य, शिवपुरी मुहल्ले के दर्जनों गणमान्य के साथ साथ सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## पथ संचलन और शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष और विजयादशमी उत्सव के पावन अवसर पर बाड़म बाजार बस्ती इकाई की ओर से भव्य पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन संघ भवन परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल ध्वज वंदन के साथ हुई। इसके उपरांत नगर की प्रमुख सड़कों से अनुशासनबद्ध पंक्तियों में पथ संचलन निकाला गया जिसमें लगभग 150 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने सामूहिक कदमताल करते हुए शक्ति, अनुशासन और संगठन का संदेश दिया। संचलन के उपरांत संघ भवन में शस्त्र पूजन और बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता नवल किशोर कर्ण जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा, संगठन के विस्तार और उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ केवल एक संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का सतत आंदोलन है। इस अवसर पर विभाग सह संघचालक ताराकांत शुक्ल, नगर संघचालक मनोज गोयल, जिला कार्यवाह मुकेश, सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंदसिंह, जिला संयोजक कुटुंब प्रबोधन किशोर कुमार, शाखा कार्यवाह अलख निरंजन, अनिल, देवेंद्र, राजीव रंजन, सह जिला कार्यवाह विकास, श्रद्धानंद सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## सांसद अन्नपूर्णा देवी ने विजय दशमी पर पंडालों का किया भ्रमण



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने विजय दशमी के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न पंडालों का भ्रमण किया। बरकट्ठा पहुंचने पर मुखिया प्रमीला देवी, पंसस प्रीति गुप्ता समेत दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री ने बरकट्ठा स्थित दुर्गा मंदिर में माथा टेका और लोगों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर उन्होंने कहा कि असत्य पर सत्य की बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है दशहरा। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। मौके पर बरकट्ठा उतरी मुखिया प्रमीला देवी, पंसस प्रीति गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, उमेश यादव, विजय यादव, जीवलाल साव, संजय गुप्ता, उपेन्द्र यादव, शिवकुमार यादव, सुरेश राम, रामखेलावन यादव, मिथलेश भारती, दामोदर गुप्ता, प्रमेश्ववर साव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## चंद्रू फॉल में फंसे चार युवकों को सुरक्षित बचाया गया



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** चंद्रू फॉल कोनार नदी में कल शाम मछली पकड़ने के दरम्यान नदी की धार में बाजे गांव के चार युवक राकेश सोरेन पिता लालू सोरेन, उपेंद्र, टेकलाल, और राजेंद्र गंजू पिता किटा गंजू ये सभी अपनी मोटरसाइकिल नदी किनारे पर लगाकर मछली पकड़ने नदी के उस पार चले गये थे। देर शाम तक जब घर नहीं लौटे, तो घर वाले इन्हें खोजते हुए चंद्रू फॉल नदी के किनारे पहुंचे, अंधेरे में इनकी मोटरसाइकिल मिली। घरवाले परेशान हुए। मुखिया प्रभु गंजू पुत्र अशोक गंजू ने विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सपन कुमार महथा को दी उन्होंने अर्जरी पिकेट प्रभारी चंदन सिंह को दी। श्री सिंह ने तत्काल इसकी सूचना कोनार डैम परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह को रात 9 .30 बजे दी। इससे डीवीसी प्रबंधन के गोपाल महतो ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपने उच्चतर अधिकारियों से डैम गेट को बंद करने के लिए संपर्क किया। बताते चले कि डीवीसी कोनार डैम के जल संग्रहण की क्षमता और उसकी निगरानी केंद्रीय जल आयोग, भारत सरकार के अधीन आता है। डैम का गेट रात 10 .0 बजे बंद हो पाया। तब जाकर नदी का बहाव रात 1.00 बजे कम हुआ। रात 1.30 बजे चारों लड़के सुरक्षित मौत के मुंह से बाहर आ पाये। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए अर्जरी पिकेट प्रभारी चंदन सिंह और डीवीसी प्रबंधन को बहुत बहुत आभार व्यक्त किया और कहां कि दुर्गा पूजा में बाजे गांव के लड़के बड़ी अनहोनी घटना के शिकार होने से बच गये।

## आदित्य साहू के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने दी बधाई



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्य सभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू को भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रोशन लाल चौधरी ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में जाकर आदित्य साहू से मिलकर बधाई औश्र शुभकामनाएं दी। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि आदित्य साहू का अनुभव, समर्पण और नेतृत्व क्षमता निश्चित ही पार्टी संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जायेगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने आदित्य साहू पर विश्वास रखकर उन्हें यह दायित्व सौंपा है। वह काफी सराहनीय कार्य है चुकी आदित्य साहू के पास वह सभी गुण है जो एक प्रदेश के नेतृत्व करता के पास होना चाहिए। आगे विधायक श्री चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश पूरे विश्व में अपना डंका बज रहा है ठीक उसी प्रकार झारखंड प्रदेश में भी आदित्य साहू के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी एक नया मुकाम हासिल करेगा। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी के छोटे भाई ज्योति कुमार चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ग्रामीण महिला विकास मंच ने मनायी गांधी जयंती

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव के ठाकुर मोहल्ला स्थित ग्रामीण महिला विकास मंच के कार्यालय में महात्मा गांधी की जयंती मनायी गयी। इसकी अध्यक्षता संस्था की सचिव सुषमा ठाकुर ने की। सचिव सुश्री ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसके बाद लोगों ने गांधी जी के प्यारा गीत रघुपति राघव राजा राम गाकर गांधी जी के चित्र पर बारी बारी से पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष कांता कुमारी, यशोदा देवी, बबिता कुमारी, बबिता कुमारी, सरोज देवी, सरयु ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, लखिन्द्र ठाकुर, राजेश यादव, सोनु इराकी, अमित कुमार, सुरेश कुमार, पुनिया देवी के अलावे दर्जनों लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 04 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in
05

## सिदो-कान्हू मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है विजयादशमी : चंद्रप्रकाश

**विजयादशमी आप सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाये: रोशनलाल**

**रामगढ़ के सिदो - कान्हु मैदान में भारी बारिश के बाद भी जुटी भीड़, आतिशबाजी ने खींचा ध्यान**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के सिदो-कान्हु मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में भारी बारिस के बावजूद लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान लोगों ने आतिशबाजी का जमकर लुत्फ उठाया। मौके पर रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और विधायक रोशन लाल चौधरी ने आग लगायी। जिसके बाद तीनो के पुतले धू-धू कर जल गया। सार्वजनिक दशहरा और सूरज हॉल समिति के द्वारा आयोजित भव्य दशहरा और रावण दहन कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा।

इस अवसर पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है विजयादशमी। उन्होंने समस्त राज्यवासियों को दशहरा की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। कहा कि यह पर्व हमारी संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है. बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने वाला यह त्योहार समाज को सदा सही दिशा दिखाता है।

जिले में सबसे बड़ा और भव्य रावण दहन समारोह का आयोजन करने वाली सार्वजनिक दशहरा और सूरज हॉल समिति के अध्यक्ष सह विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि आज दशहरा का अंतिम पड़ाव है और खराब मौसम होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल हुए हैं। यह हमारी संस्कृति और परंपरा के प्रति लोगों के गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। इस सामाजिक समरसता के लिए आप सभी को कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूं। कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक दशहरा और सूरज हॉल समिति के सचिव महावीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गोयंनका, उपाध्यक्ष गंगा भगत, रविंद्र सिंह बिट्टी, मुख्य संरक्षक योगेश बेदिया, मनोज महतो छोटू सिंह, सह सचिव दिनेश स्टील, दिनेश शर्मा, अभिमन्यु कुशवाहा, कुलदीप वर्मा और कार्यकारिणी सदस्यों ने मुख्य अतिथि चंद्र प्रकाश चौधरी विशिष्ट अतिथि रोशन लाल चौधरी को 51 किलो का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

### रावण दहन को लेकर उमड़ी भीड़

सिदो-कान्हु मैदान में सार्वजनिक दशहरा और सूरज हॉल समिति के द्वारा आयोजित रामगढ़ जिला का सबसे बड़ा और भव्य रावण दहन समारोह में भारी बारिश के बाद भी हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी, सभी ने लगभग 1 घंटे तक चल शानदार आतिशबाजी का आनंद लिया। इस बीच लोगों की भीड़ जय श्री राम का जमकर नारा भी लगाते रहे।

### इन्होंने कार्यक्रम को बनाया सफल

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष रोशनलाल चौधरी, सचिव महावीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गोयंनका, उपाध्यक्ष गंगा भगत, रविंद्र सिंह बिट्टी, मुख्य संरक्षक योगेश बेदिया, मनोज महतो, छोटू सिंह, सहसचिव दिनेश स्टील, राकेश गुप्ता, दिनेश शर्मा, अनुज मित्तल, अभिमन्यु कुशवाहा, कुलदीप वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य वीरू सिंह, राजेंद्र महतो, जयप्रकाश मनकी, कैलाश रजक, राजेश महतो, धीरज साव, टिंकू कुशवाहा, नीतीश कुशवाहा, मनोज कुमार महतो, करमजीत सिंह जग्गी, आशीष कुमार, मनीष गोयल, आनंद चौधरी ,पप्पू शाह, बबलू कुमार, सतीश कुशवाहा, अंकित अग्रवाल, रंजीत कुमार आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर सर्वधर्म सभा का आयोजन




**चतरा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मंगलवार को फांसीहारी तालाब स्थित शहीद स्मारक में सर्वधर्म सभा सह श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त कीर्तिश्री और पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो, अंचल अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने भी बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान शहीद स्मारक में स्थापित अन्य शहीदों की तस्वीरों पर भी पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान को स्मरण किया गया। इसके उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता में सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभा में गांधी जी के विचारों और सिद्धांतों को अपनाते हुए समाज में भाईचारा, प्रेम और अहिंसा की भावना बनाए रखने पर बल दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त कीर्तिश्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नीति और सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सर्वधर्म सभा के माध्यम से सभी धर्मों के लोगों ने सत्य, अहिंसा और त्याग के मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा ली।


## हर्ष-उल्लास के साथ दुर्गापूजा का समापन



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला प्रखंड क्षेत्र में हर्ष-उल्लास के साथ दुगार्पूजा का समापन हो गया। मां दुर्गा के 9 दिन आराधना के बाद शांतिपूर्ण ढंग से मां दुर्गा की प्रतिमा का विषर्जन किया गया। इस दौरान भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई दी। स्वर्ण वनिक दुर्गा पूजा समिति में सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। यहां महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर मां दुर्गा को विदाई दी। क्षेत्र के सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गोला, चक्रवाली, सोसो कलां, पतरातू बेटूल कलां, हेमतपुर, हुप्पू, बरलंगा, चाड़ी आदि गावों में मां की प्रतिमा अपने अपने गांव के तालाब में विषर्जन किया गया। दशमी के दिन डेली मार्केट में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक ममता देवी उपस्थित हुई। इसके अलावे कुस्टे गढ़ा, बारियातू, बंदा और कोराम्बे में रावण दहन का आयोजन किया गया। रावण दहन के दौरान पुलिस प्रशासन ने रामगढ़ बोकारो मार्ग के हिंदुस्तान पेट्रोलियम के समीप भारी वाहनों को नो एंट्री लगा दिया था।


## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर डीसी और एसपी ने किया माल्यार्पण





**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156 वीं जयंती पर गुरुवार को शहर के थाना चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डीसी फैज अक अहमद मुमताज, एसपी अजय कुमार, एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत सहित जिले के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर डीसी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर जिले वासियों से उनके आदर्शों को अपने जीवन में शामिल करने की अपील की। डीसी ने कहा कि सत्य, अहिंसा और सद्भाव का उनका संदेश आज भी हमें एक बेहतर समाज की ओर प्रेरित करता है।

## भुइयांडीह के विकास का मास्टर प्लान तैयार



**मांडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव के ग्राम भुइयांडीह में जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार आदि कर्म योगी योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को जागरूक करने और ग्राम के समग्र विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इस योजना के तहत सभी विभाग मिलकर कार्य करेंगे ताकि ग्राम में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो सके और ग्रामीणों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजकुमार साव, मुखिया बुलबुल कुमारी, पंचायत सचिव , ग्राम के आदि कर्म योगी, पंचायत समिति सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस पहल से ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल और रोजगार जैसी सुविधाएं सुलभ कराने का लक्ष्य रखा गया है।

# रजरप्पा में धू-धू कर जला रावण का पुतला



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा कॉलोनी मैदान में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन हुआ, विजया दशमी के अवसर पर रजरप्पा कॉलोनी मैदान में संध्या पहर रावण दहन का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुनीता चौधरी, जिप अध्यक्ष सुधा चौधरी सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक कल्याण प्रसाद मुख्य रूप से शामिल हुए, विजया दशमी की देर शाम रावण दहन का आयोजन हुआ। इस मौके पर गिरिडीह सांसद ने रावण के बने 71 फिट का बना हुआ रावण का विशाल पुतला को तीर मार कर जलाया गया, तीर लगते ही रावण, का पुतला धू-धू जलकर समाप्त हुआ रावण दहन पर रजरप्पा गोला चितरपुर दुलमी आदि सैकड़ों गांव से भारी संख्या में उमड़ा जन सैलाब, इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद ने कहा की दुर्गा पूजा पुरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। विजय दशमी के देर शाम रजरप्पा कॉलोनी में में रावण दहन का आयोजन किया गया जिससे भारी संख्या में दर्शकों की उमड़ी जनसैलाब उपस्थित जन सैलाब को सम्बोधित करते हुए सांसद ने कहा की असत्य प्रासत की जीत का प्रतिक है। इस मौके पर रजरप्पा पूजा समिति के अध्यक्ष सीसीएल महाप्रबंधक कल्याण प्रसाद सचिव गजेंद्र चौधरी, गोपाल चौधरी, चंद्रशेखर चौधरी रविंद्र वर्मा जगदीश महतो भानु प्रकाश चौधरी, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार सहित पूजा समिति के लोग मौजूद रहे।

### हजारों लोगों ने देखा बुराई का अंत

**हंटरगंज /चतरा (आजाद सिपाही)।** देश भर में विजयादशमी का त्योहार दशहरा धूमधाम से मनाया गया। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में हंटरगंज प्रखंड के औरुगेरुआ अस्पताल मैदान में गुरुवार शाम 6 बजे रावण दहण किया गया। दुर्गा पूजा महासमिति औरुगेरुआ कमेटी के कलाकारों ने शनिवार को तीर चलाकर रावण का वध किया और रावण के पुतले जलाये गये। इस दौरान करीब हजारों श्रद्धालु मौजूद थे। इस दौरान हंटरगंज थाना पुलिस टीम और कई बुद्धिजीवी लोग अपने परिवार के साथ पहुंचे थे। सबसे पहले पुतले के सामने जमकर आतिशबाजी की गयी। रावण वध देखने आए श्रद्धालुओं ने जमकर श्रीराम का जयघोष किया। बच्चे रावण वध देखकर काफी उत्साहित थे।बड़ी संख्या में महिलाएं भी रावण वध देखने पहुंची थीं।रावण वध से पहले शोभा यात्रा निकाली गयी। रावण वध की शोभायात्रा औरु पूजा पंडाल से होते हुए औरु अस्पताल मैदान पहुंची।शोभा यात्रा अस्पताल मैदान पहुंचने के बाद रावण वध कार्यक्रम शुरू हुआ। इससे पहले राम की सेना और रावण की सेना के बीच युद्ध भी हुआ।जिसमें रावण की सेना की हार हुई।इसके बाद उनके पुतले का दहन किया गया। शांतिपीरण तरीके से कार्यक्रम संपन्न हुआ।दशहरा कमेटी दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से प्रशासन को धन्यवाद दिया गया।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत, तीन घायल

**गोला /रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** विजयादशमी और महानवमी के अवसर पर रामगढ़-बोकारो एनएच 23 पर गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह तक हुई अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पहली घटना गोला थाना क्षेत्र के हुप्पू डीवीसी के समीप हुई। पतरातू गांव निवासी विनोद कुमार महतो (23 वर्ष), पिता पलटन महतो, विजयादशमी की रात रजरप्पा प्रोजेक्ट में रावण दहन देखने गये थे। लौटते समय उनकी बाइक (नं. JH-09 AQ 6041) को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी गोला ले जाया गया, जहां से सदर अस्पताल रामगढ़ रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना भैरवी नदी के पास घटी। एक अनियंत्रित कार (नं. JH-02 BU 1018) पोल से टकराकर पलट गयी। हादसे में बरही निवासी आनंद कुमार सिंह (30 वर्ष) की मौत हो गयी, जबकि कार में सवार रजवार टोला गोला निवासी अनीस कुमार कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रांची में इलाज के लिए भर्ती पा गया है। बताया गया कि दोनों दोस्त त्योहार मनाने के बाद शुक्रवार सुबह करीब तीन बजे हजारीबाग लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हई। पुलिस ने कार जब्त कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज तीसरी घटना महानवमी के दिन दामोदर होटल के पास हुई। बेटूल खुर्द निवासी खिरोधर महतो (35 वर्ष), पिता बालेश्वर महत अपनी बहन के घर से लौटते समय ऑटो की टक्कर से घायल हो गये। उन्हें गोला सीएचसी में भर्ती कर सदर अस्पताल रेफर दिया गया। चौथी दुर्घटना महुआ टांड़ थाना क्षेत्र में हुई। चाड़ी गांव निवासी रोहित मुंडा (25 वर्ष) अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर स घायल हो गये। उन्हें पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने अपने वाहन से सीएचसी गोला पहुंचाया, जहां से बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। लगातार हो रही इन सड़क दुर्घटनाओं से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने सभी घटनाओं में जांच शुरू कर दी है।

## आदित्य साहू के नेतृत्व में संगठन और होगा मजबूत : जगेश्वर प्रजापति



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को मनोनयन किया है। आदित्य साहू के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मनोनयन होने पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आदित्य साहू के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनने से राज्य में एक बार फिर से भाजपा मजबूत स्थिति में आयेगी। वहीं, कार्यकर्ताओं के अंदर एक नई ऊर्जा संचालित होगा। उनके नेतृत्व में संगठन और उन्नति करेगा, तथा उनके नेतृत्व में निश्चित ही संगठन नई बुलंदियों को प्राप्त करेगा। कहा कि आदित्य साहू एक ऐसे नेता है, जो पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता को एक नजर में रखकर उनको सम्मान देने का काम करते है। प्रदेश में ऐसे ही अध्यक्ष की जरूरत थी, जो अब पूरा हुआ है। इसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह आदि का आभार व्यक्त किया है। बधाई देने वालो में रतन प्रसाद साहू, दशरथ प्रसाद केशरी, डिंपल प्रजापति, तोकेश सिंह, सुखदेव सोनी, प्रकाश केशरी, आशा देवी, वीणा देवी, मनसरी, कौशल्या देवी आदि शामिल रहे।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी जयंत जेरोम लकड़ा का निधन, डीसी ने दी श्रद्धांजलि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़ सदर जयंत जेरोम लकड़ा का शुक्रवार को मेदांता हॉस्पिटल रांची में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही डीसी फैज अक अहमद मुमताज मेदांता हॉस्पिटल पहुंचकर दिवंगत जयंत जेरोम लकड़ा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने दिवंगत जयंत जेरोम लकड़ा के परिजनों से मुलाकात कर कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा जिला प्रशासन उनके साथ है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस विकट दुख को सहन करने की शक्ति और धैर्य की कामना की। साथ ही डीडीसी आशीष अग्रवाल, एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने भी दिवंगत जयंत जेरोम लकड़ा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### समाहरणालय में आयोजित हुई शोक सभा

बीडीओ जयंत जेरोम लकड़ा के निधन पर समाहरणालय सभाकक्ष में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान डीसी फैज अक अहमद मुमताज, एसी गीतांजलि कुमारी सहित अन्य जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों और कर्मियों के द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गयी। साथ ही जिला और प्रखंड के अन्य कार्यालयों में भी शोक सभा का आयोजन किया गया।

CCL
Fuelling Sustainable Growth
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। **क्रम संख्या एवं निविदा सूचना संख्या; कार्य का नाम; निविदा मूल्य; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं : (1) **सीकेपी-वेस्ट-25-26-23, दिनांक 26.09.2025**; वरिष्ठ मंडल अभियंता/पश्चिम/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 30.09.2027 तक की समाप्त अवधि के लिए (दो वर्षों के लिए अर्थात 01.10.2025 से 30.09.2027 तक) वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी-वे)/बंडामुंडा-I के अधीन ट्रैक और लेवल क्रॉसिंग रखरखाव आदि के लिए जोनल कार्य का निष्पादन; रु. 1,18,79,973.06; रु. 2,09,400। (2) **सीकेपी-वेस्ट-25-26-24, दिनांक 26.09.2025**; वरिष्ठ मंडल अभियंता/पश्चिम/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 30.09.2027 तक की समाप्त अवधि के लिए (दो वर्षों के लिए अर्थात 01.10.2025 से 30.09.2027 तक) वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी-वे)/राउरकेला के अधीन ट्रैक और लेवल क्रॉसिंग रखरखाव आदि के लिए जोनल कार्य का निष्पादन; रु. 1,38,59,999.82; रु. 2,19,300। (3) **सीकेपी-वेस्ट-25-26-25, दिनांक 26.09.2025**; वरिष्ठ मंडल अभियंता/पश्चिम/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 30.09.2027 तक की समाप्त अवधि के लिए (दो वर्षों के लिए अर्थात 01.10.2025 से 30.09.2027 तक) वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी-वे)/राजगंगपुर के अधीन ट्रैक और लेवल क्रॉसिंग रखरखाव आदि के लिए जोनल कार्य का निष्पादन; रु. 1,97,99,999.90; रु. 2,49,000। (4) **सीकेपी-वेस्ट-25-26-26, दिनांक 26.09.2025**; वरिष्ठ मंडल अभियंता/पश्चिम/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 30-09-2027 तक की समाप्त अवधि के लिए (दो वर्षों के लिए अर्थात 01.10.2025 से 30.09.2027 तक) वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी-वे)/झारसुगुड़ा के अधीन ट्रैक और लेवल क्रॉसिंग रखरखाव आदि के लिए जोनल कार्य का निष्पादन; रु. 1,97,99,999.90; रु. 2,49,000। (5) **सीकेपी-वेस्ट-25-26-27, दिनांक 26.09.2025**; वरिष्ठ मंडल अभियंता/पश्चिम/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 30.09.2027 तक की समाप्त अवधि के लिए (दो वर्षों के लिए अर्थात 01.10.2025 से 30.09.2027 तक) वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी-वे)/झारसुगुड़ा के अधीन सीएच 0 से सीएच 50 तक झारसुगुड़ा - सरदेगा के बीच ट्रैक और लेवल क्रॉसिंग रखरखाव आदि के लिए जोनल कार्य का निष्पादन; रु. 2,59,66,799.84; रु. 2,79,800। (6) **सीकेपी-वेस्ट-25-26-28, दिनांक 26.09.2025**; 30.06.2027 तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (कार्य)/झारसुगुड़ा के अधीन टांगरमुंडा-पानपोष स्टेशन के बीच वे साइड स्टेशन में सेवा/आवासीय भवनों आदि के लिए जोनल कार्यों का निष्पादन (द्वितीय बुलावा); रु. 1,38,00,000; रु. 2,19,000। (7) **सीकेपी-सेंट्रल-25-26-36, दिनांक 26.09.2025**; मंडल अभियंता/सेंट्रल/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 30.09.2027 तक की समाप्त अवधि के लिए (दो वर्षों के लिए अर्थात 01.10.2025 से 30.09.2027 तक) वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी-वे)/चक्रधरपुर के अधीन ट्रैक रखरखाव कार्य का निष्पादन; रु.1,69,29,000; रु. 2,34,700। (8) **सीकेपी-सेंट्रल-25-26-37, दिनांक 26.09.2025**; 30.09.2027 तक की समाप्त अवधि के लिए 'ए' केबिन (किमी. 407/11) से चांदीपोसी (किमी. 438/0) और डुमेत्रा (किमी. 412/11) से लिंक सी (किमी. 579/5) लाइन तक वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी.वे)/डुमेत्रा के अधिकार क्षेत्र के अधीन ट्रैक और लेवल क्रॉसिंग रखरखाव कार्यों का निष्पादन; रु. 1,25,73,000/-; रु. 2,12,900। (9) **सीकेपी-सेंट्रल-25-26-38, दिनांक 26.09.2025**; 30.09.2027 तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी.वे-II)/बंडामुंडा के अधिकार क्षेत्र के अधीन ट्रैक और लेवल क्रॉसिंग रखरखाव कार्यों का निष्पादन; रु.1,93,05,000; रु. 2,46,500। (10) **सीकेपी-सेंट्रल-25-26-39, दिनांक 26.09.2025**; 30.09.2027 तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी.वे)/मनोहरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन ट्रैक और लेवल क्रॉसिंग रखरखाव कार्यों का निष्पादन; रु. 2,22,75,000; रु. 2,61,400। (11) **सीकेपी-सेंट्रल-25-26-40, दिनांक 26.09.2025**; 30.09.2027 तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए चांदीपोसी (किमी.-438/0 से) से बरसुआं (किमी. 475/0) तक खंड में वरिष्ठ सेक्शन अभियंता/पी.वे/डुमेत्रा के अधिकार क्षेत्र के अधीन ट्रैक और लेवल क्रॉसिंग रखरखाव कार्यों का निष्पादन; रु.1,58,40,000; रु. 2,29,200। (12) **सीकेपी-सेंट्रल-25-26-41, दिनांक 26.09.2025**; 30.09.2027 तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी.वे)/बिमलगढ के अधिकार क्षेत्र के अधीन ट्रैक और लेवल क्रॉसिंग रखरखाव कार्यों का निष्पादन; रु. 1,68,30,000; रु. 2,34,200। (13) **सीकेपी-ईस्ट-25-26-23, दिनांक 26.09.2025**; 30.09.2027 तक समाप्त अवधि के लिए वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी.वे)/सिनि के अधीन ट्रैक रखरखाव कार्य का निष्पादन; रु. 1,98,09,899.99; रु. 2,49,100। (14) **सीकेपी-ईस्ट-25-26-24, दिनांक 26.09.2025**; 30.09.2027 तक समाप्त अवधि के लिए वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी.वे)/आदित्यपुर के तहत ट्रैक रखरखाव कार्य का निष्पादन; रु. 1,58,39,999.99;रु. 2,29,200। (15) **सीकेपी-ईस्ट-25-26-25, दिनांक 26.09.2025**; 30.09.2027 तक समाप्त अवधि के लिए वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी.वे)/टाटानगर के अधीन ट्रैक रखरखाव कार्य का निष्पादन; रु. 1,43,55,000/-; रु. 2,21,800। (16) **सीकेपी-ईस्ट-25-26-26, दिनांक 26.09.2025**; 30.09.2027 तक समाप्त अवधि के लिए वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी.वे)/बहाल्दा रोड के अधीन टाटानगर-ओंलाजोड़ी, ओंलाजोड़ी-गोरुमहिसानी और ओंलाजोड़ी-बादामपहाड़ स्टेशनों के बीच ट्रैक रखरखाव कार्य का निष्पादन; रु.1,28,70,000; रु. 2,14,400। (17) **सीकेपी-साउथ-25-26-12, दिनांक 26.09.2025**; वरिष्ठ मंडल अभियंता/दक्षिण/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 30.09.2027 तक समाप्त अवधि के लिए (अर्थात दो वर्षों के लिए) वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी.वे)/चाईबासा के अधीन ट्रैक रखरखाव कार्य का निष्पादन; रु. 2,77,68,600; रु. 2,88,900। (18) **सीकेपी-साउथ-25-26-13, दिनांक 26.09.2025**; वरिष्ठ मंडल अभियंता/दक्षिण/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 30.09.2027 तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए (यानी दो साल के लिए) वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी.वे)/डांगोआपोसी के अधीन ट्रैक रखरखाव कार्य का निष्पादन; रु. 3,19,83,300; रु. 3,09,900। (19) **सीकेपी-साउथ-25-26-14, दिनांक 26.09.2025**; वरिष्ठ मंडल अभियंता/ दक्षिण/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 30.09.2027 तक समाप्त अवधि के लिए (अर्थात दो वर्षों के लिए) वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी.वे)/बांसपानी के अधीन ट्रैक रखरखाव कार्य का निष्पादन; रु. 3,59,28,000; रु. 3,29,600। (20) **सीकेपी-साउथ-25-26-15, दिनांक 26.09.2025**; वरिष्ठ मंडल अभियंता/दक्षिण/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 30.09.2027 तक समाप्त अवधि के लिए (अर्थात दो वर्षों के लिए) वरिष्ठ सेक्शन अभियंता (पी.वे)/बड़ा जामदा के अधीन ट्रैक रखरखाव कार्य का निष्पादन; रु. 2,77,84,800; रु. 2,88,900। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** रु. 0.00 (प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीख** : 21.10.2025 (प्रत्येक के लिए)। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य :** सभी निविदादाताओं को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (प्राधिकरण- रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। **(PR-678)**

## मेला देखने गये दो भाइयों के घर चोरी



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के ओरला में बीते शाम विजयादशमी मेला देखने गये दो भाईयों के घर से चोरों ने 12 लाख रुपये आभूषण की चोरी कर ली। वहीं, मामले की सूचना के बाद कुजू पुलिस छानबीन में जुटी है। इधर, शौंडिक संघ समेत ग्रामीण – जनप्रतिनिधियों ने पुलिस से अविलंब कार्रवाई की मांग की। वहीं, भुक्तभोगी दोनो भाईयों ने कुजू ओपी में आवेदन दिया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की देर शाम ओरला निवासी अनिल कुमार (38 वर्ष) अपने चचेरे भाई प्रेम कुमार सपरिवार कुजू स्थित पब्लिक हाई स्कूल के मैदान में विजयादशमी पर रावण दहन सह मेला देखने के लिए गया था। करीब दो घंटे बाद वापस घर लौटने पर अनिल कुमार ने देखा कि दरवाजा का ताला टूटा पड़ा हैं और घर में प्रवेश पर गोदरेज को टूटा पाया है। वहीं, सारे सामान बिखरा पाया। छानबीन के क्रम में अनिल प्रसाद ने करीब आठ लाख के रुपए के आभूषण और 40 हजार रुपया नगदी गायब पाया। वहीं, चचेरे भाई प्रेम कुमार के घर पर भी चोरी की आशंका होने पर सूचना दी। जांच के दौरान प्रेम कुमार के आवास से भी करीब चार लाख रुपए के आभूषण व सात हजार नकद चोरी होने की बात सामने आया। इधर, भुक्तभोगी दोनो भाईयों ने चोरी की सूचना कुजू पुलिस को दी। पुलिस सूचना के बाद घटनास्थल पहुंच कर जायजा लिया। इस दौरान पुलिस के समक्ष झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद, महामंत्री कुलदीप प्रसाद, कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद, जिप सदस्य दयामंती देवी, प्रतिनिधि ज्योतिंद्र साहू, मुखिया गुड़िया देवी, प्रतिनिधि निर्मल करमाली समेत ग्रामीण-परिजनों ने भीषण चोरी के मामले को लेकर जल्द उद्भेदन करने की बात की। मौजूद ओपी के अनि आशीष गौतम ने जल्द मामले का उद्भेदन करने का भरोसा दिलाया। वहीं, स्थानीय लोगों ने आए दिन हो रहे चोरी की घटना को प्रशासन के लिए चिंताजनक बताया है और चोरों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की हैं। साथ ही, नशेड़ियों की ओर इशारा करते हुए चोरी में बढ़ावा होने की बात कही गयी।

# छुआछूत का अभिशाप

हिमाचल प्रदेश के रोहडू में एक दलित बच्चे के साथ मारपीट और फिर उसका कथित तौर पर आत्महत्या कर लेना शर्मनाक है। यह घटना बताती है कि आज भी समाज में जातिगत भेदभाव की जड़ें कितनी गहरी हैं। बदलाव के लिए दोषियों को दंड दिलाना ही काफी नहीं, लोगों की मानसिकता भी बदलनी होगी।

**घर में घुसा था :** आरोपों के मुताबिक, यह घटना 16 सितंबर की है। क्लास 6 में पढ़ने वाला 12 साल का बच्चा गांव की दुकान से कुछ सामान लेने गया था। बच्चा दलित था, जबकि दुकान अगड़ी जाति के परिवार की। बताया जा रहा है कि दुकान पर कोई नहीं था, तो बच्चा घर में घुस गया। इसी बात से नाराज होकर आरोपी महिला ने उसे धमकाया, मारा-पीटा और फिर घर का शुद्धिकरण करने के लिए एक बकरी की मांग की। कथित तौर पर घबराये बच्चे ने बाद में कीटनाशक पीकर जान दे दी।

**बाद में जुड़ीं धाराएं :** आरोपी महिला पर पहले आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज हुआ था। बाद में जब तक एससी/एसटी एक्ट की धाराएं जोड़ी गयीं, तब तक उसे हाइकोर्ट से जमानत मिल गयी। अब जब मामला तूल पकड़ रहा है, तो पुलिस जांच में तेजी आयी है।

**आंकड़ों में अत्याचार:** हिमाचल की यह वारदात देश में जाति के नाम पर होने वाले अत्याचारों का एक काला सच है। आंकड़े बताते हैं कि 2022 में देशभर में दलितों के खिलाफ अपराध के 51 हजार से ज्यादा मामले दर्ज किये गये थे और इनमें 80% से ज्यादा केवल केवल 6 राज्यों के थे - यूपी, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, ओडिशा और महाराष्ट्र। इन आंकड़ों से भी ज्यादा चिंताजनक बात यह रही कि एससी/एसटी एक्ट के तहत सजा मिलने की दर में कमी नोट की गयी। साल 2020 में conviction rate 39.2% था, जबकि 2022 में 32.4%।

> **भले ही कुछ जगहों से केस ज्यादा सामने आये हों, लेकिन कोई भी राज्य यह दावा पूरी तरह से नहीं कर सकता कि उसके यहां दलितों को किसी तरह का अपमान या अत्याचार नहीं सहना पड़ता।**

**हर जगह समस्या :** भले ही कुछ जगहों से केस ज्यादा सामने आये हों, लेकिन कोई भी राज्य यह दावा पूरी तरह से नहीं कर सकता कि उसके यहां दलितों को किसी तरह का अपमान या अत्याचार नहीं सहना पड़ता। सरकार किसी भी दल की हो, दलितों से भेदभाव हकीकत बना हुआ है। ऐसी घटनाएं तो हमेशा सुनाई ही पड़ती रहती हैं, जहां किसी दलित दूल्हे को उसकी जाति की वजह से घोड़ी पर न बैठने दिया गया हो।

**कमजोर की रक्षा :** संविधान का अनुच्छेद 46 कहता है कि राज्य को समाज के कमजोर वर्गों के हितों की सुरक्षा करनी चाहिए। देश में इसके लिए कानून भी मौजूद हैं। लेकिन समाज को भी आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है कि आज जब हम विकसित भारत का सपना देख रहे हैं, तब भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जो शर्मनाक है।


अभिमत
आजाद सिपाही

**अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण रास्ता चुना और इस चलने के लिए जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं। संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की अहम से वयं की यात्रा शुरू होती है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं।**

# राष्ट्र साधना के 100 वर्ष



नरेंद्र मोदी



100 वर्ष पूर्व विजयदशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी। ये हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनर्स्थापन था, जिसमें राष्ट्र चेतना समय-समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए, नये-नये अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। ये हमारी पीढ़ी के स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमें संघ के शताब्दी वर्ष जैसा महान अवसर देखने मिल रहा है। मैं इस अवसर पर राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित कोटि-कोटि स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देता हूं।

मैं संघ के संस्थापक, हम सभी के आदर्श...परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवारजी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। संघ की 100 वर्षों की इस गौरवमयी यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किये हैं।

जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित-पल्लवित हुए हैं। जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती है, उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती है, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है। जिस तरह एक नदी कई धाराओं में खुद को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है। संघ के अलग-अलग संगठन भी जीवन के हर पक्ष से जुड़कर राष्ट्र की सेवा करते हैं। शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आदिवासी कल्याण, महिला सशक्तिकरण, समाज जीवन के ऐसे कई क्षेत्रों में संघ निरंतर कार्य करता रहा है। विविध क्षेत्र में काम करने वाले हर संगठन का उद्देश्य एक ही है, भाव एक ही है....राष्ट्र प्रथम।

> **अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में संघ ने समाज के अलग-अलग वर्गों में आत्मबोध जगाया... स्वाभिमान जगाया।**

अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण रास्ता चुना और इस चलने के लिए जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं। संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की अहम से वयं की यात्रा शुरू होती है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं।

राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ और शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। इन्हीं स्तंभों पर खड़े होकर संघ ने लाखों स्वयंसेवकों को गढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ा रहे हैं। संघ जब से अस्तित्व में आया... संघ के लिए देश की प्राथमिकता ही उसकी अपनी प्राथमिकता रही।

आजादी की लड़ाई के समय परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवारजी समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया, डॉक्टर साहब कई बार जेल तक गये। आजादी की लड़ाई में कितने ही स्वतंत्रता सेनानियों को संघ संरक्षण देता रहा... उनके साथ कंधे से कंधा मिला कर काम करता रहा। आजादी के बाद भी संघ निरंतर राष्ट्र साधना में लगा रहा। इस यात्रा में संघ के खिलाफ साजिशें भी हुईं, संघ को कुचलने का प्रयास भी हुआ।

ऋषितुल्य परम पूज्य गुरुजी को झूठे केस में फंसाया गया। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता को स्थान नहीं दिया। क्योंकि वो जानते हैं, हम समाज से अलग नहीं हैं, समाज हमसे ही तो बना है। समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थित प्रज्ञ रखा है...समाज के प्रति संवेदनशील बनाये रखा है। प्रारंभ से संघ... राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया, तब स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की। हर आपदा में संघ के स्वयंसेवक अपने सीमित संसाधनों के साथ सबसे आगे खड़े रहते रहे। यह केवल राहत नहीं थी, यह राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का कार्य था। खुद कष्ट उठा कर दूसरों के दुख हरना...ये हर स्वयंसेवक की पहचान है। आज भी प्राकृतिक आपदा में हर जगह स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचने वालों में से एक रहते हैं।

अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में संघ ने समाज के अलग-अलग वर्गों में आत्मबोध जगाया... स्वाभिमान जगाया। संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है..जो दुर्गम हैं... जहां पहुंचना सबसे कठिन है। संघ...दशकों से आदिवासी परंपराओं, आदिवासी रीति-रिवाज, आदिवासी मूल्यों को सहेजने-संवारने में अपना सहयोग देता रहा है...अपना कर्तव्य निभा रहा है। आज सेवा भारती...विद्या भारती, एकल विद्यालय...वनवासी कल्याण आश्रम...आदिवासी समाज के सशक्तिकरण का स्तंभ बन कर उभरे हैं।

समाज में सदियों से घर कर चुकी जो बीमारियां हैं, जो ऊंच-नीच की भावना है, जो कुप्रथाएं हैं, ये हिंदू समाज की बहुत बड़ी चुनौती रही हैं। ये एक ऐसी गंभीर चिंता है, जिस पर संघ लगातार काम करता रहा है। डॉक्टर साहब से लेकर आज तक, संघ की हर महान विभूति ने, हर सर-संघचालक ने भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है।

परम पूज्य गुरु जी ने निरंतर न हिन्दू पतितो भवेत् की भावना को आगे बढ़ाया। पूज्य बाला साहब देवरस जी कहते थे- छुआछूत अगर पाप नहीं, तो दुनिया में कोई पाप नहीं! सरसंघचालक रहते हुए पूज्य रज्जू भैया जी और पूज्य सुदर्शनजी ने भी इसी भावना को आगे बढ़ाया। वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवतजी ने भी समरसता के लिए समाज के सामने एक कुआं, एक मंदिर और एक श्मशान का स्पष्ट लक्ष्य रखा है।

जब 100 साल पहले संघ अस्तित्व में आया था तो उस समय की आवश्यकताएं, उस समय के संघर्ष कुछ और थे। लेकिन आज 100 वर्षों बाद जब भारत विकसित होने की तरफ बढ़ रहा है तब आज के समय की चुनौतियां अलग हैं, संघर्ष अलग हैं। दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता, हमारी एकता को तोड़ने की साजिशें, डेमोग्राफी में बदलाव के षड्यंत्र, हमारी सरकार इन चुनौतियों से तेजी से निपट रही है।

मुझे ये खुशी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इन चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है। संघ के पंच परिवर्तन, स्व बोध, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और पर्यावरण ये संकल्प हर स्वयंसेवक के लिए देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को परास्त करने की बहुत बड़ी प्रेरणा हैं।

स्व बोध की भावना का उद्देश्य गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर अपनी विरासत पर गर्व और स्वदेशी के मूल संकल्प को आगे बढ़ाना है। सामाजिक समरसता के जरिए वंचित को वरीयता देकर सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रण है। आज हमारी सामाजिक समरसता को घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में आ रहे बदलाव से भी बड़ी चुनौती मिल रही है। देश ने भी इससे निपटने के लिए डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। हमें कुटुंब प्रबोधन यानी परिवार संस्कृति और मूल्यों को भी मजबूत बनाना है।

नागरिक शिष्टाचार के जरिए नागरिक कर्तव्य का बोध हर देशवासी में भरना है। इन सबके साथ अपने पर्यावरण की रक्षा करते हुये आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करना है। अपने इन संकल्पों को लेकर संघ अब अगली शताब्दी की यात्रा शुरू कर रहा है। 2047 के विकसित भारत में संघ का हर योगदान, देश की ऊर्जा बढ़ायेगा, देश को प्रेरित करेगा। पुनः प्रत्येक स्वयंसेवक को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

**(लेखक : भारत के प्रधानमंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## झामुमो संपर्क कार्यालय में मनी हाजी हुसैन अंसारी की 5वीं पुण्यतिथि



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के द्वारा पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्वर्गीय हाजी हुसैन अंसारी की 5वीं पुण्यतिथि सादगी और श्रद्धा के साथ मनायी गयी। शुक्रवार को जिला संपर्क कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा के दौरान झामुमो नेताओं ने दो मिनट के मौन रखकर स्व. अंसारी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा हाजी हुसैन अंसारी न केवल एक सशक्त नेता थे, बल्कि वे एक जनप्रिय व्यक्तित्व और जमीन से जुड़े नेता भी थे। झारखंड की राजनीति में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य शेख बदरुद्दीन, वीर सिंह सुरेन, सरोज महापात्र, उमानाथ झा, प्रीतम हेंब्रम, अरुण प्रसाद, विक्टर सोरेन, फतेहचंद टुडू, राजा सिंह, प्रभात सिंह, पिंटू चौधरी, कृष्ण गुप्ता, रायमूल बांडरा, शेख फखरुद्दीन, डेनियल कंडिर, सुभाष मित्तल, डी. राकेश राव मौजूद रहे।

## सोनारी में पिस्टल का भय दिखाकर चेन छिनतई



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के सोनारी थाना क्षेत्र में पिस्टल का भय दिखाकर चेन छिनतई का एक मामला सामने आया है। घटना सोनारी के लिंक रोड की है। जहां मॉर्निंग वॉक कर रहे फुटबॉल खिलाड़ी रामदेव सिंह को बदमाशों ने निशाना बनाया। पीड़ित ने बताया वे रोज की तरह सुबह टहलने निकले थे। तभी बाइक पर सवार दो अज्ञात युवक तेज रफ्तार में उनके पास पहुंचे और पिस्टल सटा कर धमकाया। इसके बाद गले में पहनी सोने की चेन छीनकर मौके से फरार हो गये। सूचना मिलते ही सोनारी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार बाइक के नंबर और फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है। फिलहाल मामला दर्ज कर तलाश जारी है। उधर घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों में आतंक और नाराजगी का माहौल है। अधिवक्ता सह मार्निंग वॉकिंग एंड जॉगिंग ग्रुप के प्रमुख सुधीर कुमार पप्पू ने कदमा लिंक रोड में चैन स्नैचिंग की घटना का कड़ी निंदा की। उन्होंने अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा सुबह के समय लिंक रोड पर काफी महिला और पुरुष वॉकिंग करते हैं। पूर्व में भी लिंक रोड में इसी प्रकार की घटना घट चुकी है। उन्होंने जिला प्रशासन से सुबह के समय सुरक्षा का ध्यान रखते हुए टाइगर मोबाइल और पेट्रोलिंग पुलिस की उपस्थिति के लिए मांग की।

# ढोल-नगाड़े के साथ स्वर्णरेखा घाट में मां को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** ठाकुर प्यारा सिंह धुरंधर सिंह क्लब द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा का विसर्जन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। शुक्रवार को प्रतिमा का विसर्जन अश्रुपूरित नेत्रों के साथ स्वर्णरेखा घाट में किया गया। विसर्जन शोभायात्रा ढोल-बाजे, नगाड़ों और जयकारों के साथ निकली। भक्तगण अबीर-गुलाल खेलते हुए थिरकते नजर आए। विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच भक्तों ने मां को विदाई दी गयी। जहां एक ओर भक्ति की उमंग थी वहीं मां के विदा होने की भावुकता भी साफ झलक रही थी। क्लब के संरक्षक अभय सिंह ने बताया इस वर्ष पहली बार जिला प्रशासन की ओर से लिखित अनुमति प्रदान की गयी, जो एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा इससे क्लब और अन्य समितियों को विसर्जन प्रक्रिया में सुगमता प्राप्त हुई है। उन्होंने विशेष रूप से इस वर्ष की चुस्त-दुरुस्त ट्रैफिक व्यवस्था की सराहना की। जिससे न सिर्फ काशीडीह बल्कि अन्य क्षेत्रों की पूजा समितियों को भी राहत मिली है। यह प्रशासनिक व्यवस्था सराहनीय और अनुकरणीय रही। उन्होंने स्थानीय प्रेस मीडिया की भूमिका का सराहना की।




# कांड्रा में भव्यता के साथ रावण दहन

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांड्रा।** सरायकेला-खरसावां जिले के कांड्रा के एसकेजी फुटबॉल मैदान में रावण दहन कार्यक्रम भव्यता और उल्लास के साथ संपन्न किया गया। मौके पर हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक पर्व विजयदशमी का साक्षी बने। कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य कृष्णा बास्के, विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ समीर सवैया मौजूद रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जमशेदपुर से आए रघु एंड ग्रुप ने गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम ढलते ही रंग-बिरंगी आतिशबाजी से पूरा आकाश रोशनी से जगमगा उठा और इसके बाद रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया। यह दृश्य देखने के लिए लगभग 50 हजार लोग मैदान में जुटे रहे। रावण दहन कमिटी के अध्यक्ष लाल बाबू महतो और उनकी टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर कांड्रा बाजार और कॉलोनी की दोनों दुर्गा पूजा समितियों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाएं कार्यक्रम स्थल तक लाकर संयुक्त रूप से विसर्जन भी कराया गया। जिससे आयोजन और भी भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध हो गया। कृष्णा बास्के ने कहा कांड्रा की जनता ने हमेशा परंपरा और संस्कृति को संजोए रखा है। रावण दहन न केवल बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है बल्कि यह आयोजन युवाओं को समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संदेश देता है। इतनी बड़ी भीड़ का अनुशासित ढंग से कार्यक्रम का हिस्सा बनना वास्तव में सराहनीय है।



## विजयादशमी के बाद घाटों पर गंदगी का अंबार

**सरायकेला(आजाद सिपाही)।** विजयादशमी के बाद आदित्यपुर जयप्रकाश उद्यान, खरकाई और स्वर्णरेखा नदी घाटों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। बड़ी मात्रा में पूजा सामग्री, फूल-मालाएं, कपड़े, प्लास्टिक सीधे नदी में फेंक दिये गये, जिससे नदी का पानी प्रदूषित हो गया। हालांकि सफाईकर्मी और सामाजिक संगठन घाटों की सफाई में जुटे हैं। लेकिन कचरे की अधिकता के कारण पूरी तरह सफाई कर पाना एक बड़ी चुनौती है। स्थानीय लोगों का कहना है प्रशासन कचरा डालने के लिए अलग स्थान निर्धारित किया था। लेकिन श्रद्धालु नदी में ही छोड़कर चले गये। जिससे घाटों पर गंदगी का अंबार है। पर्यावरण प्रेमियों ने लोगों से आस्था के साथ-साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान देने की अपील की। वहीं प्रशासन ने जल्द ही विशेष सफाई अभियान चलाने का आश्वासन दिया।

## विधायक सरयू राय ने वरिष्ठ पत्रकार आनंद सिंह की पुस्तक 'समय के साथ' का किया लोकार्पण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ पत्रकार आनंद सिंह की नई पुस्तक 'समय के साथ' का भव्य लोकार्पण समारोह के साथ विमोचन किया गया। शुक्रवार को मिलानी हॉल में आयोजित समारोह के दौरान हाहिंदी पत्रकारिता में विकासपरक रिपोर्टिंग का स्थान विषय पर एक संगोष्ठी भी आयोजित की गयी। मौके पर मुख्य अतिथि जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा कोई भी अखबार निरपेक्ष होकर विकास की दिशा तय नहीं कर सकता, लेकिन वह समीक्षा और विश्लेषण जरूर कर सकता है। उन्होंने कहा अखबार में हर पाठक वर्ग के लिए कुछ न कुछ होता है और जब आप गौर से पढ़ते हैं तो आपको विकासपरकव खबरें दिखायी देती हैं। श्री राय ने कहा जमशेदपुर के स्थानीय अखबारों में विकासपरक खबरों को उचित स्थान मिल रहा है, जो सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा समय के साथ पत्रकारिता का स्वरूप बदला है और तकनीकी विकास के कारण अब विकासपरक पत्रकारिता अधिक सशक्त होकर सामने आई है। वहीं संपादक संजय मिश्रा ने कहा भारत में सबसे अधिक विकासपरक खबरें हिंदी के अखबारों में ही छपती हैं। उन्होंने बताया भारतीय मीडिया में डेवलेपमेंटल न्यूज का औसतन 65 प्रतिशत हिस्सा होता है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। संपादक चंद्र भूषण सिंह ने कहा विकासपरक पत्रकारिता समय की आवश्यकता है, लेकिन यह एक खर्चीला उपक्रम है। इसके लिए आवश्यक संसाधनों और प्रशिक्षण की जरूरत है। संपादक जय प्रकाश राय ने कहा छोटे गांवों और तहसीलों से सबसे अधिक विकासपरक खबरें आती हैं, जबकि बड़े शहरों में इनका अभाव दिखता है। इस दिशा में एकजुट होकर काम करने की अपील की।

## बागबेड़ा में गाना बजाने पर फायरिंग का आरोप अफवाह : थाना प्रभारी



**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र के रोड नंबर 4 स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में नवमी को गाना बजाने को लेकर हुए विवाद में फायरिंग के मामले में कोंची उर्फ रविशंकर सिंह ने दावा किया है कि उस पर गोली चली थी और पुलिस ने उसकी मौजूदगी में खोखा भी बरामद किया था। उधर थाना प्रभारी के अनुसार इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अब तक किसी के द्वारा कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। वहीं कोंची उर्फ रविशंकर का आरोप है बबुआन और अहिरान गीत बजाने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद उस पर गोली चलाई गई। घटना के बाद पूजा मैदान में भगदड़ मच गई थी। समिति के सदस्य भी घटना से परेशान हो उठे थे। पुलिस नजदीक में ही तैनात थी। पुलिस के अनुसार तीन दिन बीतने के बावजूद अब तक थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। हालांकि कोंची के अनुसार शनिवार को लिखित आवेदन दिया गया। वहीं घटना को लेकर जब थाना प्रभारी से संपर्क किया गया उन्होंने कहा यह महज अफवाह है। उन्होंने बताया सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई लेकिन कोई साक्ष्य नहीं मिला। उधर कोंची के अनुसार घटना के बाद पुलिस ने रोड नंबर 6 स्थित मुलायम के घर पर छापामारी की लेकिन वह फरार मिला। गौरतलब है बीते वर्ष भी पूजा पंडाल का विवाद बागबेड़ा थाना तक पहुंचा था। फिलहाल पुलिस फायरिंग के मामले को अफवाह बता रही है और कोंची अपने दावे पर अड़ा है।

# नम आंखों से दी गयी मां दुर्गा को अंतिम विदाई

## गढ़देवी मंदिर में स्थापित दुर्गा मां की प्रतिमा विसर्जन में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

- प्रतिमा को कंधे पर रखकर विसर्जन स्थल तक ले जाने की पुरानी है परंपरा

आजाद सिपाही टीम

**गढ़वा।** जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा त्योहार संपन्न हुआ। इससे पहले विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में लोग मां दुर्गा के दर्शन करने पहुंचे और विभिन्न प्रकार के पंडालों को देखा। दशमी के दिन कई पूजा पंडालों में स्थापित प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इसमें मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन इस वर्ष भी मुख्य रहा। माता का विर्सजन धूमधाम से किया गया, जिसमें भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। विसर्जन का यह विहंगम दृश्य देखकर लोग भाव विभोर हो उठे। चहुंओर मां का जयकारा गूंज रहा था। लोगो में मां दुर्गा की प्रतिमा को कंधे पर उठाने की होड़ सी मची रही। हाथों हाथ लोग प्रतिमा को लेकर चल रहे थे। मुख्य पथ में मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ भक्तों की लंबी कतार लगी हुई थी। अंत में रामबांध तालाब में अश्रुपूर्ण आंखों के साथ लोगों ने मां को अंतिम विदाई दी। वहीं, सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था किये गये थे। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसमें निजी सुरक्षा संस्थान एसआईएस के जवानों को भी लगाया गया था। बताते चलें कि गढ़देवी मंदिर में स्थापित दुर्गा मां की प्रतिमा को परंपरागत तरीके से विसर्जन करने की सैकड़ो वर्ष पुरानी परंपरा रही है। आज भी परंपरा को निभाते हुए विसर्जन के दौरान शहरवासियों के आस्था की देवी मां गढ़देवी मंदिर से प्रतिमा को कंधे पर ले जाकर श्रद्धालु नंगे पांव स्थानीय रामबांध तालाब में प्रतिवर्ष विसर्जित करते हैं। इस दौरान पूरा शहर उमड़ पड़ता है।



मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन में उमड़ा आस्था का सैलाब।

### धूमधाम से मना विजयादशमी, भक्ति जागरण में झूमे लोग

कांडी (आजाद सिपाही)। पूरे प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोग एक-दूसरे को बधाइयां देने में व्यस्त दिखे। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी दशहरा की शुभकामनाओं का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। दोपहर बाद ग्रामीणों ने आपसी मेल-मिलाप के साथ विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया। हालांकि बीच-बीच में हुई बारिश ने पर्व के रंग को कुछ हद तक फीका जरूर किया। त्योहार के अवसर पर कई स्थानों पर भक्ति जागरण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इसी क्रम में भास्कर युवा क्लब, मझिगावां बस्ती में भक्ति जागरण का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुखिया रीता देवी, ओपी प्रभारी शफीउल्लाह अंसारी, उपमुखिया श्रवण पासवान और पूर्व मुखिया पति रामेश्वर रजवार ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए, जिस पर दर्शक झूम उठे।

## प्रतिमा विसर्जन के साथ ही शारदीया नवरात्रि का समापन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रतिमा विसर्जन के साथ ही पिछले नौ दिनों से चल रही शारदीय नवरात्रि शांति एवं शौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रखंड के कई स्थलों पर मां जगदंबे की प्रतिमा को लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। सतबहिनी झरना तीर्थ, सोन एवं कोयल नदी, चटनियां डैम सहित मझिगावां पंचायत के सभी पूजा कमिटियों द्वारा स्थानीय जलाशयों में शुक्रवार को देर रात तक प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते गाते देर रात तक प्रतिमा विसर्जन में शामिल हुए। हालांकि गुरुवार को भी कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। दुगार्पूजा समिति अधौरा के पूजा पंडाल में भी नवमी एवं दसमी को महाभंडारे का आयोजन किया गया था। पूजा के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद रही। प्रतिमा विसर्जन के दिन सभी विषर्जन स्थल पर पुलिस पदाधिकारी दलबल के साथ तैनात दिखे।

## महात्मा गांधी की जयंती पर ग्राम सभा का आयोजन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभी 20 पंचायतों में गुरुवार को महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम सभा का भी आयोजन हुआ। इस दौरान मेराल पूर्वी के पंचायत सचिवालय में महात्मा गांधी और स्वर्गीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। मुखिया राम सागर महतो की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले दोनों विभूतियों की तस्वीर पर मुखिया एवं विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, उप मुखिया अली शेर अंसारी ने माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। मुखिया रामसागर महतो ने कहा कि ग्राम पंचायत के अंतिम पायदान तक विकास योजनाओं को पहुंचाना और ग्रामीणों को सभी योजनाओं का लाभ दिलाना हमारा मुख्य प्राथमिकता है। इस मौके पर वार्ड सदस्य भोलाराम, विनोद चौधरी, विनेश मेहता, देवव्रत मेहता, कामेश्वर मेहता, मोती राम और रोहित कुमार आदि शामिल थे।

## अलग-अलग जगहों पर दो युवकों ने की आत्महत्या

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के संगवरिया गांव में अलग-अलग जगहों पर दो युवकों के फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार गांव में दुर्गा पूजा पर चारों ओर खुशी का माहौल था। इसी बीच बुधवार की रात अर्जुन राम नामक 18 वर्षीय किशोर का शव घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर एक प्लास के पेड़ पर झूलता पाया गया। जबकि गुरुवार की रात आठ बजे चंद्रशेखर सिंह नामक 19 वर्षीय किशोर ने अपने ही घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पता चला है कि अर्जुन आईएससी का मेधावी छात्र था। वह हजारीबाग के एकलव्य विद्यालय से मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद घर से ही गढ़वा में क्लास और कोचिंग कर रहा था। परिजनों ने पुलिस से अर्जुन की मौत को हत्या बताते हुए जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उधर, देर शाम में जब अर्जुन का दाह संस्कार हो रहा था उसी समय लोगों को जानकारी मिली की गांव के चंद्रशेखर सिंह ने अपने घर में ही फांसी लगा ली है। इसके बाद पूर्व जिप सदस्य सह झामुमो जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र साव, समाजसेवी रघुराई राम, 20 सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद, मुखिया संजय राम, रमेश बैठा, बैगा यमुना सिंह, कुंदन चंद्रवंशी, राजकुमार साव, धीरज सिंह, विकाश गुप्ता, विनय सिंह और मनी सिंह सहित गांव के अन्य दर्जनों लोग पहुंचकर दोनों के परिजनों को ढांढस बंधाया और पुलिस से निष्पक्ष जांच कर घटना का उद्भेदन कराने का भरोसा दिया।

## रंका में भक्ति भाव के साथ मनाया गया दशहरा त्योहार



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय सहित सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मां दुर्गा पूजा-दशहरा श्रद्धा भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। नवमी के अवसर पर मां दुर्गा के दर्शन एवं पूजन के लिए काफी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे एवं बच्चियां पूजा पंडालों-मंदिरों में पहुंचे थे। इस दौरान रंका गढ़ देवी मंदिर प्रांगण में सैकड़ों खस्सी की बली दी गयी। वहीं, दुर्गा मंदिर थाना मोड़ एवं मां काली युवा संघ की ओर से भव्य भंडारा आयोजित किया गया। जबकि, मां काली युवा संघ दुर्गा मंडप के तत्वावधान में रंका नदी पुल तट पर भगवान श्रीराम, भाई लक्ष्मण एवं हनुमान जी द्वारा लंकापति रावण का बध-दहन किया गया। जिसे देखने हजारों श्रद्धालु उपस्थित हुए। वहीं, रंका प्रखंड के आजाद बालक संघ रबदा खूरा में जया किशोरी पाराशर द्वारा भागवत कथा किया गया। उधर, सलेया में शिव तांडव आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर पुलिस-प्रशासन के पदाधिकारियों को पूजा समितियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। वहीं, रंका प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों जगहों पर गुरुवार को नम आंखों से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया। इस मौके पर रंका अनुमंडल पदाधिकारी रूद्र प्रताप, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, बीडीओ शुभम बेला तोपनों, सीओ शिवपूजन तिवारी, थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्रा, पूर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य नितेश सिंह, झामुमो जिला उपाध्यक्ष रौशन पाठक, पूर्व मुखिया अनिल कुमार चंद्रवंशी, दीपक कुमार सोनी, प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, जिला सह सचिव आशीष कुमार गुप्ता, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राहुल तिवारी, प्रखंड सचिव सह जिपस दक्षिणी प्रतिनिधि रतन सिंह आदि उपस्थित थे।

# मेराल में शोभायात्रा निकाल कर धूमधाम से हुआ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

- सदर एसडीओ सहित पुलिस प्रशासन एवं सामाजिक कार्यकर्ता रहे सक्रिय

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** 10 दिनों तक चला दुर्गा महोत्सव प्रखंड भर में पूरे उत्साह और उमंग के बीच शुक्रवार को मूर्ति विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर 92 जगहों पर बनाए गए मां दुर्गा दरबार के कलात्मक मूर्तियों को भव्य और आकर्षक पंडालो में स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। प्रखंड मुख्यालय के सभी 11 पूजा समितियों की ओर से नवमी को हवन, कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, बीडीओ, थाना प्रभारी देवी धाम संचालन समिति के मुख्य संरक्षक संजय भगत, अध्यक्ष विजय प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, अजय प्रसाद गुप्ता, डॉ दीपक कुमार यादव, नवीन कुमार जायसवाल, धनंजय चौधरी, मुखिया राम सागर महतो, मुन्ना राम आदि ने प्रसाद वितरण कर भंडारे का शुभारंभ कराया। इस दौरान कहीं श्री राम कथा, कहीं रामलीला तो, कहीं भक्ति जागरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें शामिल लोगों ने आनंद किया। वहीं, बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा का त्योहार लोगों को खुशी और उत्साह से भर दिया। प्रखंड मुख्यालय में धूमधाम से विशाल शोभायात्रा निकालकर प्रतिमाओं का विसर्जन पुराना शिव मंदिर तालाब में किया गया। प्रखंड मुख्यालय के मूर्ति विसर्जन के समय सदर एसडीओ संजय कुमार पांडे मौजूद रहे। इस दौरान सभी दुर्गा पूजा समिति, बीडीओ यशवंत नायक, थाना प्रभारी विष्णुकांत के साथ पुलिस बल और सामाजिक कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाते रहे।

## झारखंड नगरपालिका पथ कर नियमावली-25 का जनता पर पड़ेगा सीधा असर : रमेश



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने झारखंड नगरपालिका पथ कर नियमावली-2025 के प्रारूप में संशोधन की मांग की है। उन्होंने पत्र जारी कर कहा कि नगर निकायों द्वारा कॉर्मर्शियल वाहनों से पथ कर यानी रोड टैक्स वसूले जाने का प्रावधान किया गया है, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कहा कि वर्तमान में पहले से ही कॉर्मर्शियल वाहनों से वाहन कर, रोड़ टैक्स, टोल टैक्स, जीएसटी आदि के रूप में भारी कर संग्रह हो रहा है। नगर निकायों द्वारा अतिरिक्त पथ कर लगाया जाना वाहन मालिकों पर अतिरिक्त बोझ डालेगा। वहीं इसका व्यापार और परिवहन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। मालवाहक वाहनों से अतिरिक्त कर वसूलने से मालभाड़ा महंगा होगा, जिसका सीधा असर जनता पर पड़ेगा।

## गंगा-जमुना तहजीब पर है मेराल का भाईचारा : अतहर अली

- रहनुमा सोसायटी ने मूर्ति विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को कराया गया जलपान



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान रहनुमा सोसायटी की ओर से श्रद्धालुओं को जलपान कराकर सामाजिक सद्भाव की मिसाल पेश की गई। युवा नेता अतहर अली के नेतृत्व में नूरी मस्जिद के पास स्टॉल लगाकर मूर्ति विसर्जन के लिए बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया। वहीं, जुलूस का मुआयना करने पहुंचे सदर एसडीओ संजय कुमार को रहनुमा सोसायटी के पदाधिकारी द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीओ ने समिति के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक सौहार्द बढ़ता है। वहीं, अतहर अली ने कहा कि मेराल का भाईचारा गंगा जमुनी तहजीब पर आधारित है। कोई भी पर्व-त्योहार हम सभी मिलजुल कर मानते हैं जिसे बरकरार रखने का भरपूर प्रयास किया जाता रहेगा। इस मौके पर सदर मुख्तार, रेयाज अंसारी, फारूक अली, सद्दाम अंसारी, सफदर अली, अब्दुल जब्बार, इमाम मेहंदी, अंबार अंसारी, बेलाल अहमद, शहादत अंसारी, मनीर अंसारी, बबलू आरो, जावेद अंसारी, गुलजार, मुस्ताक, दानिश, मो कैफ, मो कादरी, जावेद, इकबाल, बहाउल मुस्तफा, निजाम अंसारी सहित अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

## शारदीय नवरात्र पर बजरंग दल ने पूजा समितियों को किया सम्मानित



**हरिहरपुर(आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर बजरंग दल की मझिगावां इकाई ने क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण कर समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। पूजा समितियों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित भी किया। इसमें दुर्गा पूजा समिति नवडिहवा, भास्कर युवा क्लब मझिगावां, दुर्गा पूजा समिति कवलदाग की दो समितियां, दुर्गा पूजा समिति बत्तो, डगर हरिहरपुर और हरिहरपुर ओपी परिसर स्थित समिति शामिल रहीं। इस अवसर पर बजरंग दल के सदस्य श्रवण पासवान ने कहा कि आज के समय में हमें एकजुट होकर धार्मिक आयोजनों को सफल बनाना होगा, क्योंकि हमारा धर्म सबसे प्राचीन है, फिर भी कुछ लोग इसे कमजोर करने की कोशिश में लगे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि सभी मिलकर इस परंपरा को जीवित रखें। इस मौके पर बलवंत सिंह, अरुण मिश्रा, मुकेश चौबे, अनिल गुप्ता, राहुल गुप्ता, लल्लू यादव, बूटन रजवार और ठेघु रजवार आदि मौजूद रहे।

## डंडई में उल्लासपूर्ण माहौल में हुआ दुर्गा पूजा का समापन



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में 10 दिनों तक चले दुर्गा पूजा महोत्सव हर्षोल्लास और भक्तिभाव के बीच संपन्न हुआ। पूजा-पाठ, हवन और प्रतिमा विसर्जन के साथ पूरे क्षेत्र में सौहार्द और शांति का माहौल बना रहा। प्रखंड के 24 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा की गयी। उन पूजा पंडालों में प्रतिदिन सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें नाट्य मंचन, रामलीला, रासलीला, रामायण और महाभारत जैसे धारावाहिकों का प्रदर्शन लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। रारो बाजार परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम सह नाटक मंचन को देखने प्रतिदिन भारी भीड़ उमड़ रही थी। वहीं, नवमी को पूजा समिति की ओर से आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रारो बाजार में भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध गायिका संविदा राज और गायक मनोज भारती ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूसरी ओर, शुक्रवार को भोलादामर नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। जबकि कहीं गुरुवार को ही प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इधर, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डंडई प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण करते रहे। उन्होंने बताया कि पूरे प्रखंड में दुर्गा पूजा और विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। रारो विसर्जन में एएसआई सत्येंद्र राय, जिला परिषद मोहन पासवान, दक्षिणी बीडीसी तेज बहादुर सिंह, पूर्व उपमुखिया शिव प्रसाद यादव, पूजा कमेटी के अध्यक्ष पप्पू यादव, कमलेश यादव, प्राण यादव, महेंद्र यादव और चंद्रिका यादव आदि मौजूद थे।

# दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त आठ दंडाधिकारी ड्यूटी से पाये गये नदारद, शो कॉज

## संवेदनशील स्थल से दंडाधिकारियों का अनुपस्थित रहना घोर अनुशासनहीनता, होगी कार्रवाई : एसडीएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** नवरात्र एवं विजयदशमी पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन ने सभी सार्थक पहल किया। जिले के विभिन्न संवेदनशील स्थलों में भी दुगार्पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर डीसी दिनेश यादव एवं एसपी अमन कुमार द्वारा निर्गत संयुक्तादेश की ओर से विभिन्न दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पर्याप्त पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इसी क्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने दुगार्पूजा पर्व में विधि व्यवस्था संधारण के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों के विभिन्न स्थलों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिनियुक्ति स्थल से आठ दंडाधिकारी अनुपस्थित पाए गये। एसडीएम शो कॉज जारी करते हुए उन दंडाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछा गया है। इसमें सत्येंद्र कुमार पांडेय सहायक शिक्षक उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोबरदाहा मेराल, मनोज कुमार शुक्ला कनीय अभियंता प्रखंड संसाधन केंद्र गढ़वा, मोहम्मद आबिद आलम सहायक शिक्षक मध्य विद्यालय चिरौंजिया, राजकुमार पांडेय सहायक शिक्षक उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओबरा, मोहम्मद मजहर हुसैन सहायक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल गढ़वा, अखिलेश कुमार गुप्ता सहायक अभियंता प्रखंड कार्यालय डंडा, मनोहर कुमार चौबे संकुल संसाधन सेवी प्रखंड संसाधन कांडी एवं अजय कुमार सिंह सहायक शिक्षक पीएम श्री मध्य विद्यालय डंडा शामिल हैं। इस बाबत जानकारी देते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान विधि व्यवस्था जैसे संवेदनशील स्थल से अनुपस्थित रहना घोर अनुशासनहीनता का परिचायक है। अनुपस्थित दंडाधिकारियों सूचना डीसी एवं एसपी सो दे दी गयी है। इनलोगों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिनियुक्ति स्थल के सभी पंडालों में जब तक प्रतिमा विसर्जन नहीं होता है तब तक सभी दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल के साथ बने रहेंगे।

## भक्ति जागरण : भोजपुरी गायक मोनू अलबेला और निशा गुप्ता के भक्ति गीतों पर रात भर झूमे श्रद्धालु



**मेराल (आजाद सिपाही)।** बस स्टैंड स्थित जय भवानी संघ के पंडाल में दशहरा पर गुरुवार की रात भक्ति जागरण का आयोजन हुआ।जिसका शुभारंभ युवा नेता अभिषेक कुमार मेहता, थाना प्रभारी विष्णुकांत, संगठन के अध्यक्ष नवीन कुमार जायसवाल, अशोक राम, ज्ञान प्रकाश, राम जी सोनी, मनीष जायसवाल आदि ने संयुक्त रूप से किया। इसमें बिहार के प्रसिद्ध भोजपुरी गायक मोनू अलबेला ने भक्ति जागरण की शुरूआत गणेश वंदना से और निशा गुप्ता ने बड़ा प्यारा सजा है तेरा दरबार भवानी गीत से किया। इसके बाद नव दिन कईसे रहबु उपास हो.., रामजी की निकली सवारी.., राम आएंगे.., उगी हे दीनानाथ... आदि एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों पर कलाकारों ने दर्शकों को रात भर खूब झुमाया। इस मौके पर मुखिया राम सागर महतो, संजय भगत विजय प्रसाद, मोती राम, वीरेंद्र प्रसाद, प्रमोद गुप्ता आदि मौजूद थे। वहीं, आयोजन को सफल बनाने में पंकज जयसवाल, मनदीप सोनी, अमृत सोनी, शंकर प्रसाद, राजन सोनी, सुंदर दास, राकेश सोनी, राकेश कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बाइक और पिकअप की टक्कर में युवक की मौत

**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंजो पंचायत स्थित डिग्री कॉलेज के समीप राष्ट्रीय मार्ग-39 पर दिन शुक्रवार को सुबह लगभग 7 बजे बाइक और पिकअप वाहन की आमने-सामने के जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। वहीं मृतक का पहचान बरवाडीह प्रखंड के मोरवाइकला पंचायत स्थित बढ़नियां गांव निवासी, मशहूर खिलाड़ी एवं खेल शिक्षक कोमल टोपनो के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डिग्री कॉलेज के पास हुई। घटना की जानकारी थाना प्रभारी मनिका शशि कुमार को दिया, जिसके तुरंत बाद थाना सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए घायल व्यक्ति को रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाने के क्रम में युवक की मौत हो गयी।

# दशहरा सामाजिक एकता और भाइचारे का प्रतीक : धीरज साहू

विजयदशमी की मूल भावना असत्य पर सत्य की विजय है : उपायुक्त

आपसी सद्भाव और एकता का प्रतीक है विजयादशमी का त्योहार : एसपी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदग्गा में गुरुवार को विजयदशमी पर्व पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। बक्सीडीपा स्थित मैदान में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति द्वारा भव्य रावण दहन एवं मेला का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों की उपस्थिति रही। मेला का प्रमुख आकर्षण रावण दहन तथा आतिशबाजी रहा। मैदान में राम, लक्ष्मण एवं हनुमान के प्रतिरूप उपस्थित थे, जिनके द्वारा भगवान राम की परंपरा के अनुसार रावण का दहन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट पूजा पंडालों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अचानक हुई तेज बारिश के कारण रावण का पुतला भींग गया, जिससे वह पूर्ण रूप से नहीं जल सका और रावण दहन का कार्यक्रम बाधित हो गया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 60 फीट ऊंचे रावण के साथ मेघनाद एवं कुंभकर्ण के पुतले भी तैयार किए गए थे। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद तथा पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने लोगों को संबोधित किया और दशहरा की बधाई दी। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि दशहरा पर्व सामाजिक एकता एवं भाइचारे का प्रतीक है। लोहरदगा की यह विशेषता है कि यहां सभी समुदायों के लोग मिलजुलकर त्योहार मनाते हैं। जिले के विकास के लिए ऐसा वातावरण बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद ने कहा कि विजयदशमी की मूल भावना असत्य पर सत्य तथा अधर्म पर धर्म की विजय को प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए और सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि इस आयोजन में विभिन्न समुदायों की बड़ी संख्या में सहभागिता आपसी सद्भाव और एकता का प्रतीक है तथा सभी को इस सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनाये रखना चाहिए।

## कन्या पूजन में शामिल हुए पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** चंद्रशेखर आजाद चौक,तेतरतर थाना रोड स्थित पूजा पंडाल परिसर में देवी स्वरूपा 108 कन्याओं को भोजन, प्रसाद और भंडारा पूजनोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू शामिल हुए। श्री साहू पंडाल पहुंचकर तुलसी के पौधे में जल अर्पित किए तथा प्रधान पुजारी स्व. चंद्रशेखर मिश्र और शिक्षक स्व. बजरंग गुप्ता को श्रद्धांजलि भी दी तथा देवी स्वरूपा कन्याओं को प्रसाद परोस और ग्रहण करके कहा कि यह मेरा भी मोहल्ला है जहां मैं बचपन में पतंग, अंटा,गिल्ली डंडा, चकई आदि खेलकर तथा इसी मोहल्ले के हिंदी मीडिल स्कूल में पढ़कर बड़ा हुआ हूं। जो अपनत्व और अपनापन यहां मिलता है वह दुनिया के किसी भी कोने में नहीं मिलता।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर लोहरदगा नगर में विजयादशमी उत्सव सह पथ संचलन का आयोजन अनुशासन और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांत संघचालक सच्चिदानंद अग्रवाल, प्रांत कुटुंब प्रबोधन संयोजक सकलदेव प्रसाद एवं नगर कार्यवाह तुलसी उरांव ने दीप प्रज्वलन और शस्त्र पूजन कर किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सकलदेव प्रसाद ने संघ स्थापना दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1925 में नागपुर के मोहितेवाड़ा में डॉक्टर हेडगेवार द्वारा स्थापित यह संगठन आज सेवा और संस्कार का वटवृक्ष बन चुका है। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ पांच बिंदुओं पर विशेष बल दे रहा है—कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी का प्रोत्साहन, पर्यावरण संरक्षण तथा नागरिक कर्तव्य। उन्होंने कहा कि परिवारों को टूटने से बचाना, समाज में व्याप्त भेदभाव समाप्त करना, स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग बढ़ाना, जलझ्रवनझ्रप्लास्टिक संरक्षण और संविधानसम्मत कर्तव्यों का पालन करना ही संघ का संकल्प है। विजयादशमी पर निकले पथ संचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक नीतीश शाखा से सम्मिलित हुए। स्वयंसेवकों ने अनुशासन और उत्साह के साथ नगर भ्रमण कर समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का संदेश दिया।

## महावीर चौक पूजा पंडाल में सिंदूर खेला



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले में विजयदशमी के अवसर पर महावीर चौक दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को लोहरदगा महावीर चौक स्थित पूजा पंडाल में पारंपरिक सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। इस मौके पर अग्रवाल समाज की महिलाओं एवं युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सिंदूर खेला की रस्म के दौरान सुहागिन महिलाएं मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर एक-दूसरे को लगाती हैं। इस परंपरा को बंगाली संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। मान्यता है कि यह आयोजन पति की लंबी आयु, परिवार में सुख-समृद्धि और जीवन में मंगल कामनाओं के लिए किया जाता है। हिंदू मान्यता के अनुसार, विजयदशमी के दिन मां दुर्गा अपने मायके से विदा होकर ससुराल लौटती हैं। इस अवसर पर महिलाएं उन्हें सिंदूर चढ़ाकर वैवाहिक सुख और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मांगती हैं। इसी के साथ एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर वे अपनी सहेलियों और परिजनों के मंगल जीवन की कामना करती हैं। सिंदूर खेला को स्त्री के सौभाग्य, समर्पण और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। लाल सिंदूर को उर्वरता, शक्ति और समृद्धि का द्योतक माना जाता है, यही कारण है कि यह परंपरा महिलाओं के बीच विशेष महत्व रखती है।

## शहीद एसपी अजय कुमार सिंह की श्रद्धांजलि सभा आज, तैयारियां पूरी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** 4 अक्टूबर लोहरदगा के इतिहास के लिए महत्वपूर्ण है। यह वही तारीख है जब 4 अक्टूबर को भारत माता के एक वीर सिपाही ने अपने कर्तव्य निर्वहन में इस इलाके में शांति और व्यवस्था के खातिर 4 अक्टूबर 2000 को उग्रवादियों से लड़ते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए थे। उस कर्तव्यनिष्ठ देश भक्त का नाम था 'अजय कुमार सिंह ' लोहरदगा के पुलिस अधीक्षक जिनके नाम से हम सब में गौरव और कृतज्ञता का संचार होता है। आज हम उनकी स्मृति को नमन करते हैं। यह अजय उद्यान उस सुरमे का यादगार है। उनकी वीरता और कर्तव्य परायणता को समर्पित है। जिससे वर्तमान और आने वाली पीढ़ियां उनसे प्रेरणा ग्रहण कर सकें। इस भावना से यहां के समाज और देश हित चिंतकों ने 23 सितंबर 2004 को लोहरदगा जिले के तत्कालीन उपायुक्त आराधना पटनायक के संरक्षण एवं तत्कालीन एसपी अब्दुल गनी मीर की अध्यक्षता में शहीद अजय कुमार सिंह ट्रस्ट लोहरदगा का गठन किया गया। जिसका पंजीकरण 22 सितंबर 2005 को हुआ। यह ट्रस्ट स्मारक मात्र नहीं बल्कि इसके उद्देश्य राष्ट्रीय और सामाजिक जीवन के सर्वांगीण विकास है। 4 अक्टूबर का दिन सभी लोहरदगा वासिओं शहीद अजय कुमार सिंह को याद कर श्रद्धांजलि देते हैं। श्रधांजलि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। साथ ही ट्रस्ट के सचिव चंद्रशेखर प्रसाद अग्रवाल ने जिलेवासियो से श्रद्धांजलि सभा मे भाग लेने की अपील की है।

## भीठा में वज्रपात से आठ बकरियों की मौत

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** आकाशीय बिजली का कहर से पशुपालक किसान को भारी आर्थिक क्षति हुई। प्रखंड के भीठा मे अचानक मौसम बदल गये और तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी। इस हादसे में आठ बकरियों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गयी। बताया जाता है कि भीठा गांव में वज्रपात होने से पशुपालक बसंत लोहरा पिता पटन लोहरा की आठ बकरियों की मौत हो गयी। मूसलाधार बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़ी सभी बकरियां वज्रपात की चपेट में आ गई उसी बीच आसमानी बिजली गिरने से घटनास्थल पर ही सभी बकरियों ने दम तोड़ दी। इस समय 1-2 मवेशी चरा रहे लोग भी बाल - बाल बच गये। भुक्तभोगी को लगभग 80 हजार रुपये का नुकसान हो गया जिसकी जानकारी ग्राम पंचायत भीठा के मुखिया टेले उरांव ने दी। साथ ही मुखिया टेले उरांव ने पशुपालक बसंत लोहरा से मिलकर दुख जताया और अंचल कार्यालय में सूचना देकर मुआवजा देने की मांग की।

# रोल में विजयादशमी के अवसर पर जतरा मेला, उमड़ी भीड़

सफल आयोजन के लिए प्रशासन, पुलिस, आयोजन समिति और ग्रामीणों को विशेष धन्यवाद : प्रतुल शाह देव



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा दुर्गा मंडल रोल, महुआ मिलान में विजयदशमी के अवसर पर भव्य जतरा मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर 10000 से भी ज्यादा लोगों की भीड़ उमड़ी जो की इस सुदूरवर्ती क्षेत्र के लिए एक रिकॉर्ड था। प्रशासन और समिति के लोगों के सक्रियता के कारण कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। लोगों ने जमकर मेले का आनंद उठाया। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी कलाकारों के द्वारा पेश किया गया जिसका ग्रामीणों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम देखने में सबसे ज्यादा भीड़ महिलाओं की जुटी थी। शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे मां की विसर्जन यात्रा निकाली गयी। लोगों ने भरी आंखों से मां को विदाई दी। प्रतिमाओं का विसर्जन जमीरा तालाब में किया गया। इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष प्रतुल शाहदेव ने कहा कि समिति का यह 18 वर्षों में सबसे बड़ा आयोजन रहा। पहली बार लाल किला के थीम पर विशाल पंडाल का निर्माण किया गया। इस पंडाल को देखने के लिए दूर-दूर के इलाके से लोग आये। जतरा मेला में भी रिकॉर्ड भीड़ उमड़ी। प्रतुल शाह देव ने प्रशासन, पुलिस, समिति के सदस्यों और ग्रामीणों का इस ऐतिहासिक रूप से सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर लातेहार जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष लाल अरविंद शाह देव, पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश प्रसाद, अरविंद आशीष सिंह, माल्हन मुखिया जतरू मुंडा, रमेश साव, मोहन लाला चावड़ा, आलोक कुमार, राहुल शाहदेव, प्रमोद दुबे, जय प्रकाश घटवार, रमेश गुप्ता, उदय शाहदेव, उदित शाहदेव, अजीत शाहदेव, आशीष कुमार सिंह, सूर्यनाथ सिंह, रोहित शाहदेव, शंकर मुंडा, बल्कू मुंडा, प्रशांत शाहदेव, सत्यपाल घटवार, कोलेसर यादव, दीपक शाहदेव, राजेश प्रजापति, सुबोध प्रजापति समेत कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही।

## नदी-तालाबों मे की गयी मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन प्रखंड क्षेत्र के सभी पुजा पंडालों में नौ कन्या पूजन और हवन के पश्चात पूरे विधी विधान के साथ दुर्गा पूजा संपन्न हो गया। कन्या पूजन का मुख्य उद्देश्य है। मां दुर्गा का नौ अवतार के स्वरूपों के लिये नौ कन्याओं का पूजन किया जाता है। नौ कन्या पूजन के उपरांत सभी कन्याओं को माता का पुर्ण श्रृंगार दान किया जाता है। जिसे कि बुधवार को बरही, बदला, चन्दकोपा, सेन्हा, बक्सीडीपा और झखरा सहित सभी पूजा पंडालों मे नौ कन्या पजन का हवन कर पूर्णाआहुति दी गयी। पुरोहित कौशल किशोर शर्मा, अनीश पाठक, विद्यानंद पाठक, सनतकुमार पांडेय द्वारा श्रद्धालु भक्तों को विधी विधान के साथ कन्या पूजन करा कर हवन कराया गया। मौके पर सभी नौ कन्याओं का पांव धोकर अंगवस्त्र देने के पश्चात श्रृंगार करा कर भोजन कराया गया। जिस के बाद पूजा पंडालों में माता की गोद भराई और सिंदूर खेला का रस्म आयोजन किया गया। असमाजिक तत्वो और उपद्रवियों से निपटना के लिये तथा शांति पूर्वक दुर्गा पूजा सम्पन्न करने के उद्देश्य से सभी पूजा पंडालों में दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तैनात थी। वही नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र उमंग और उल्लास के साथ सम्पन्न होने के उपरांत माता दुर्गा और गणेश, लक्ष्मी, सरस्वती, कार्तिकेय का प्रतिमाओं को विभिन्न नदी तलब और जलाशयों में शुक्रवार को भक्ति भाव से हवन कर विसर्जित किया गया।

## पूरना केडू में प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार प्रखंड के पूरना केडू गांव में स्थित लगभग 50 वर्ष पुराने प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक मंदिर की नींव गांव के रामावतार मांझी द्वारा रखी गयी थी, जिन्होंने अपने जीवनकाल में ठठेरा का काम करते हुए जो भी आय अर्जित की, उसे मंदिर निर्माण में लगा दिया। उस समय यह क्षेत्र का पहला मंदिर था, जो आज भी ग्रामीणों के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर समिति के सचिव सुदर्शन पासवान ने बताया कि रामावतार मांझी का सपना अधूरा रह गया था, जिसे अब पूरा करने का बीड़ा ग्रामीणों ने उठाया है। इसी उद्देश्य से ग्रामीणों की एक बैठक कर 51 सदस्यीय समिति का गठन किया गया, जिसमें राजेंद्र प्रसाद को अध्यक्ष, सुदर्शन पासवान को सचिव तथा राधिका पासवान को कोषाध्यक्ष चुना गया। समिति ने निर्णय लिया कि लातेहार के ऊंचे स्थान पर ऐसा मंदिर बनाया जायेगा, जो दूर-दराज के गांवों से भी दिखेगा और श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम के जजमान लखन पासवान और उनकी पत्नी गीता देवी रहे, जबकि सहयोग में राधिका पासवान और सुषमा देवी ने भाग लिया। इस मौके पर अनिल पासवान, गया पासवान, श्याम सुंदर पासवान, सीताराम पासवान, मोहन पासवान, वीरेंद्र पासवान ,सुनील प्रसाद, छोटू,अमित पासवान, अजय पासवान, बैजनाथ पासवान, दिलीप पासवान, आनन्द प्रसाद, चन्दन पासवान, संबोधि यादव, आशीष, बिट्टू, संतोष, रोहित, श्रीकांत, रामधनी, मनु भुइयां समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# चंदवा के खेल स्टेडियम में रावण दहन, जय श्रीराम के लगे जयकारे



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा विजयादशमी के अवसर पर चंदवा खेल स्टेडियम में इस वर्ष रावण दहन ऐतिहासिक रहा। करीब पंद्रह हजार लोगों की भीड़ उमड़ी और चारों ओर जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। इस बार आयोजन की सबसे बड़ी खासियत रही कि पहली बार लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव चंदवा पहुंचे। उनके आने से पूरे आयोजन की शोभा और बढ़ गयी। मंच से संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि रावण दहन केवल परंपरा नहीं बल्कि अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करते हैं और नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। चंदवा की जनता का उत्साह देखकर मैं अभिभूत हूं।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत हुई जिसके बाद रामायण नाटक का मंचन और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आतिशबाजी ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया। कार्यक्रम में एसपी के साथ डीएसपी अरविंद कुमार, सीओ सुमित झा, बीडीओ चंदन प्रसाद, इंस्पेक्टर रणधीर सिंह, महेंद्र साहू, राजकुमार साहू, डॉ रोहित, एडवोकेट मिथलेश कुमार समेत कई अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन का संचालन रावण दहन समिति और युवा भारत चंदवा ने संयुक्त रूप से किया। इस वर्ष रावण दहन का विधिवत कार्य महेंद्र साहू राजकुमार साहू और अमित गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

## हवन और भंडारे के साथ श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ संपन्न

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ समिति लोहरदगा के तत्वाधान पर नौ दिनों तक मां दुर्गे का नवाह्न परायण पाठ एवं रात्रि में वृंदावन से आयी साध्वी शिवांजलि किशोरी के द्वारा श्री राम कथा भजनों के माध्यम से की गयी। दशहरा दशमी के दिन हवन पूजन और भव्य भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन कर समापन की गयी। श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ समिति लोहरदगा के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में सभी को धन्यवाद दिया। मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र खत्री, ओम प्रकाश सिंह, अशोक पोद्दार, अजय मित्तल, मुरलीधर अग्रवाल, दीपक सर्राफ, मिथुन तमेडा, मोहन दुबे, अजय पंकज, परमेश्वर साहू, लाल मोहन केसरी, जगन्नाथ महतो, संजय कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित होकर सहयोगी की भूमिका निभायी।

## कैरो में दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आस्था का महापर्व दुर्गा पूजा प्रखण्ड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरे विधि विधान के साथ 9 दिनों तक पूजा अर्चना आरती की गयी और क्षेत्र गांव घर देश मे सुख शांति की कामना की गयी। कैरो क्षेत्र में मां अंबे दुर्गा पूजा समिति कैरो, हनहट, नगजुआ और इस वर्ष से गजनी में भी प्रतिमा स्थापित कर धूम धाम के साथ दुर्गा पूजा की गयी और नव कन्या पूजन, दक्षिणा साथ ही गुरुवार और शुक्रवार को प्रतिमा का विसर्जन गंतव्य स्थानों में की गयी। प्रखंड मुख्यालय कैरो में गुरुवार को शाम में प्रतिमा का विषर्जन बड़े धूमधाम के साथ नाचते गाते माता की जयकारा लगते हुए खूंटा तलाब में किया गया। इस अवसर पर रावण दहन भी किया गया जंहा जमकर आतिशबाजी की गयी जिसे देखने के लिए प्रखंड़ क्षेत्र के आलावे दूर-दूर के गांव के लोगों का भीड़ उमड़ पड़ा। दशहरा के अवसर पर कैरो में मेला जैसा माहौल रहता है जंहा पर खेल खिलौने मिठाइयों की जमकर खरीदारी होती है। साथ ही साथ पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रही। वहीं विषर्जन जुलूस में मुखिया बीरेंद्र महली पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह दुर्गा पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी, प्रखंड़ विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य, अंचलाधिकारी कुमारी शिला उरांव,थाना प्रभारी कुंदन कुमार रवानी, डॉ राकेश कुमार, मां अंबे दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शैलेश कुमार सहित पूजा समिति के सभी सदस्य एवं गांव के गणमान्य व भारी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

# आदि कर्म योगी अभियान को लेकर विशेष ग्राम सभा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति क्षेत्र आबादी वाले गांव के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित आदि कर्म योगी अभियान को लेकर विशेष ग्राम सभा के साथ संपन्न हुआ। जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत उदरंगी पंचायत में आयोजित विशेष ग्राम सभा कार्यक्रम में केंद्रीय टीम ने भाग लिया। इस विशेष ग्राम सभा में जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के प्रतिनिधि, जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिसमें मुख्य रूप से जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि सौरभ कुमार, लोहरदगा आइटीडीए निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी वीणा कुमारी, प्रखंड समन्वयक मनीष अग्रवाल, उदरंगी पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली, ग्राम प्रधान धरती पहान शामिल हुए। महात्मा गांधी की जयंती पर आयोजित विशेष ग्राम सभा से आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ली गयी योजनाओं का अनुमोदन किया गया। मौके पर पहुंचे भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि सौरभ कुमार ने कहा कि आदिवासी बहुल गांवों में विकास की नई लकीर खींची जाएगी। इस विशेष अभियान के तहत देश भर में आदिवासी बहुल गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में लोहरदगा जिले के कुल 353 गांवों में से 205 गांव चयनित है, जहां 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या आदिवासी समुदाय की है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह अभियान देशभर के जनजातीय समुदायों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उदरंगी पंचायत के मुखिया परमेश्वर महली ने आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर अपने विचार रखते हुए कहा कि यह अभियान जनजातीय समाज को नई दिशा देने वाला है। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को जागरूक करना और बुराइयों से दूर रखते हुए सकारात्मक जीवन शैली अपनाना है।

# असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है दशहरा : बिंदेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** दशहरा का त्योहार असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म, अन्याय पर न्याय और बुराई पर अच्छाई की जीत का विजय पर्व है। हम आज इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। इस अवसर पर भंडरा प्रखंड वासियों को दशहरा एवं विजयदशमी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। विजयादशमी के अवसर पर भंडरा नव युवक संघ दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा भंडरा ठाकुर बाड़ी के समीप में आयोजित विशाल रावण दहन कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि अरुण साहू पर्यवेक्षक झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी सह प्रदेश अध्यक्ष (झारखंड प्रदेश तेली सामाज) मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दशहरा का त्योहार इसलिए मनाते आ रहे हैं कि इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया था। हम सभी भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और सत्य एवं सदाचार के रास्ते पर आगे बढ़ें। विशिष्ट अतिथि विंदेश्वर बेक, प्रदेश महामंत्री भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखंड प्रदेश ने कहा कि दशहरा का त्योहार असत्य पर सत्य की जीत और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतिक हैं। मां दुर्गा ने महिषासुर का वध विजय दशमी के दिन ही कर दिया था और भगवान राम ने रावण का अंत करके लंका पर विजय प्राप्त की थी। हम सब को भी अपने अंदर छिपे रावण को मार कर नये सोच और ऊर्जा के साथ सत्य की राह मे आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम में बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी रवि रंजन, चिकित्सक प्रभारी डॉ संजय कुमार, कमिटी के अध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# संथाल और पलामू में विसर्जन शोभायात्रा में बही भक्ति की धारा

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवनगरी में दशहरे का त्योहार पारंपरिक तरीके से संपन्न हो गया। वेदी पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का गुरुवार को विसर्जन हो गया। भीतरखंड भीतरपाड़ा, घड़ीदार घर, अभया दर्शन, बंगला पर, भैया दलान, डोमासी समेत अन्य देवी मंडपों पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को लेकर शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद शिवगंगा में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया। वहीं पंडालों में स्थापित दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन एकादशी को हुआ। नवमी और दशमी में लगातार बारिश के कारण लोगों का उत्साह कम हो गया। जब दशहरा मेला घूमने का समय आया तो दोनों दिन जोरदार बारिश होने लगी। इस कारण कई स्थानों प्रतिमा का विर्सजन नहीं हुआ।

**बारिश के कारण शिवगंगा घाट रहा खाली :** यह पूजा शहर की दूसरी सबसे पुरानी पूजा है। यहां 1692 से दुर्गा पूजा हो रही है। इस पूजा की शुरूआत साधक स्वरूपचरण मिश्र ने की थी। तब से लेकर आजतक उनके वंशज इस परंपरा को निभा रहे हैं। बाबामंदिर के पूरब दरवाजे के सामने गली में श्यामाचरण मिश्र परिवार के घर की वेदी बनी हुई है। उधर, बारिश के कारण देवी प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर शिवगंगा तट खाली रहा। जबकि यहां विजयादशमी के दिन मेला लगता है। नम आंखों से लोगों ने मां को विदाई दी। घाट पर मां के अंतिम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देर रात तक देवी दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन चलता रहा। वही पंडालों में स्थापित दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार को हुआ।



## श्यामाचरण मिश्र परिवार की अनोखी परंपरा

बाबा मंदिर के पूरब दरवाजे के पास स्थित श्यामाचरण मिश्र परिवार में होने वाली दुर्गा पूजा का विसर्जन अनोखे तरीके से किया गया। पालकी पर मां की प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गयी। बाबामंदिर पहुंचकर प्रतिमा को एक स्थान पर रखा गया। उसके बाद शिवगंगा ले जाया गया। वहां नाव पर प्रतिमा पूरे तालाब में घूमाया गया और बीच शिवगंगा में विसर्जन किया गया। शिवगंगा में नाव से प्रतिमा का विसर्जन सिर्फ श्यामाचरण मिश्रा परिवार में ही किया जाता है। यह परंपरा बरसों से चली आ रही है। परिवार के सदस्यगण विसर्जन के लिए नाव तैयार करते हैं।

## करौं में सिंदूर खेला के साथ मां की विदाई

करौं ग्राम में सिंदूर खेला के साथ महिलाओं ने मां को विदाई दी। स्थानीय राजा पोखर में प्रतिमा का विर्सजन किया गया। इस अवसर पर प्रतापपुर, गोविन्दपुर, रान्हा, सिरिया देवपुर, पंचगड़िया, डूमरतर, चांदचौरा, रानीडीह, केन्दबेरिया और आलमपुर आदि गांवों से आये सैकड़ों महिला, बच्चे और श्रद्धालु ने मां दुर्गा को विदाई दी। करौं ग्राम में देवी पूजा की अपनी विधि है।

## प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव संपन्न



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर नगर और अंचल क्षेत्र में प्रतिमा विसर्जन के साथ दस दिनों तक चला दुर्गा पूजा महोत्सव संपन्न हो गया। डंडीला खुर्द नवयुवक संघ सहित रेहला थाना क्षेत्र के लगभग सभी पूजा कमेटियों ने गुरुवार दसमीं को ही प्रतिमा विसर्जित कर दिया। पूजा पंडालों से गाजे - बाजे के साथ निकला विसर्जन जुलुश कोयल नदी तट तक गया,जहां वैदिक मंत्रोच्चारणों के बीच प्रतिमा को नदी में विसर्जित किया गया। वहीं बिश्रामपुर क्षेत्र में वर्षों से चल रही परंपरा के अनुसार शुक्रवार एकादशी को प्रतिमा का विसर्जन किया गया। पूजा पंडालों से ताशा और पारंपरिक गाजे - बजे के साथ निकला जुलूस नगर भ्रमण के बाद खूंटीसोत नदी तट पहुंचा, जहां विशेष पूजा अर्चना के बाद प्रतिमा को नदी में प्रवाहित किया गया। जुलूस के दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा का चाक चौबंद व्यवस्था किया गया था। जुलुश में सीओ राकेश तिवारी, पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह, थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे, नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी, पूजा कमिटी के पदाधिकारी - सदस्य सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल थे।

# सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी ने सम्मान समारोह का किया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/ पलामू।** बिश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित गढ़ मोहल्ला के सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा दशहरा के दिन गुरुवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश केशरी व संचालन युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी शामिल हुये। समारोह में डॉ चंद्रवंशी, सीओ राकेश तिवारी, पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह, एसआइ सौरभ कुमार, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र के अध्यक्ष राजन पांडेय, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, पूर्व पार्षद सुनील कुमार चौधरी, श्याम चंद्रवंशी, इदरीश हवारी, यदुनी राम, हरी शंकर सिंह,उदेश्वर यादव सहित कई गणमान्य लोगों, स्थानीय पत्रकारों और प्रशासनिक पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर काफी लोग मौजूद थे।

# निगम ने सफाई मित्रों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** गांधी जयंती पर नगर निगम देवघर की ओर से स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान का समापन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नगर निगम के सफाई मित्रों को उनके अमूल्य योगदान और निरंतर श्रम के लिए अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर विकाश एवं आवास विभाग के पत्र के आलोक में नगर आयुक्त के निर्देश पर किया गया, जिसमें सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सभी सफाई मित्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान गौरव कुमार ने सफाई मित्रों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान तभी सफल हो सकता है जब सफाई कर्मियों के साथ-साथ आम नागरिक भी इसमें सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने सफाई कर्मियों के समर्पण को सराहनीय बताते हुए कहा कि बीते 15 दिनों के स्वच्छता पखवाड़े में सभी ने कड़ी मेहनत कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में विशेष योगदान दिया है। आने वाले दिनों में शहर में दीपावली और छठ जैसे बड़े पर्वों का आयोजन होना है। ऐसे में सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए नगर निगम पूरी तरह तैयार है। गौरव कुमार ने सफाई मित्रों को निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के समय सफाई व्यवस्था में विशेष सतर्कता और तेजी बरती जाए ताकि नगरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

# मां दुर्गा को श्रद्धालुओं ने दी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/ पलामू।** हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड क्षेत्र में महा नवरात्रि, दशहरा का पर्व अपार श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। शुक्रवार को मां दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद भक्तों ने नम आंखों से उनका विसर्जन किया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल था और हर दिल में उल्लास का वातावरण बना हुआ था।


स्थानीय पूजा समितियों द्वारा निकाले गए भव्य जुलूसों में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने धार्मिक गीतों और भव्य ध्वनि उत्सवों के बीच माता दुर्गा की मूर्तियों को विसर्जन स्थल तक ले जाकर जल में विसर्जित किया। जुलूस के दौरान श्रद्धालु जय माता दी के उद्घोष के साथ उमंग और जोश से भरे नजर आए।



हरिहरगंज और पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न पूजा समितियों ने इस पर्व को सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक मानते हुए समाज में प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। वहीं स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।जिससे हर कोई इस धार्मिक आयोजन में बिना किसी चिंता के शामिल हो सकें।

मां दुर्गा की विदाई के समय भक्तों की आंखों में भावुकता और दिलों में एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा था।

# बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर/ मधुपुर।** सारठ बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक पर्व दशहरा शांति और सद्भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विजयादशमी के दिन मां दुर्गा की प्रतिमा का रीति-रिवाज से विसर्जन किया गया। मां की विदाई की बेला में एक तरफ जहां श्रद्धालुओं की आंखें नम थी। वहीं इस बात की भी खुशी थी कि मां दुर्गा नौ दिनों तक अपने भक्तों के बीच रहकर तमाम क्लेश, दुख और कष्टों को ले गयी। अगले बरस दुबारा मां आयेगी। इसी उम्मीद के साथ भक्तों ने मां को विदा किया। शहर के श्री सिद्धेश्वरी दुर्गा मंदिर, मिलन संघ खलासी मोहल्ला, जगतजन्नी न्यू कॉलिनी पूजा समिति, रामचंद्र बाजार पूजा समिति, पुलपार पूजा समिति, कालीपुर टाउन, मछुआटांड़, नया बाजार, पंचमंदिर, शेखपुरा सहित अन्य पूजा समिति के द्वारा प्रतिमा को विधि विधान के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए झील तालाब, रेलवे पम्पु तलाब में विसर्जित किया गया।

# मधुपुर में असहाय बच्चों के बीच फल और अन्य सामग्री का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** स्वर्गीय हाजी हुसैन अंसारी की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर झामुमो नगर कमेटी के द्वारा मधुपुर शहर के वार्ड नंबर 15 सिथत 52 बीघा रामकृष्ण विवेकानंद मिशन में गरीब बच्चों के बीच फल, बिस्कुट एवं चॉकलेट समेत अन्य सामग्री की पैकेट भेंट कर उन्हें भरपूर प्यार व सम्मान दिया। झामुमो नगर अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन उर्फ बीके ने कहा कि इन गरीब बच्चों को रामकृष्ण विवेकानंद मिशन में निःशुल्क आवासीय शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराकर न सिर्फ महान कार्य कर रही है, बल्कि उन्हें गुणवत्ता पूर्ण बेसिक शिक्षा उपलब्ध कराकर उनके बेहतर भविष्य का निर्माण कर रही है। उन्होंने ने कहा कि उक्त स्कूलों में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे अपने माता- पिता व परिजन से दूर रहते हैं। कार्यक्रम मैं उपस्थित सभी लोगों ने हाजी सब को उनकी सादगी सेवा और समाज के प्रति समर्पण को याद करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की मौके पर सीओ यामुन रविदास, मोहम्मद शाहिद उर्फ फेकू, मोहम्मद ताज, अली अहमद, आतिक जाफरी, प्रिंस समद, शाहनवाज हुसैन, कन्हैयालाल कन्नू आदि दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

# मुंह जूठी पर हुए विवाद में एक युवक ने दूसरे का दांत से नाक काटा

संकेंद्र कुमार राज

**ऊंटारी रोड़/ पलामू (आजाद सिपाही)।** उंटारी थाने के मुरमा कला में पंकज विश्वकर्मा के बेटे की मुंह जूठी (अन्नप्राशन) के दौरान दो युवक आपस मे भीड़ गए। जिसमें उमेश विश्वकर्मा का नाक कट गया है जबकि पवन विश्वकर्मा का दांत टूट गया है। घायल उमेश विश्वकर्मा को विश्रामपुर सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने उसकी हालात देखते हुए रांची रेफर कर दिया है। अभी वह रांची के ग्लोबल हॉस्पिटल में इलाजरत है। वहीं थाने में दोनों पक्ष के लोगों ने प्राथमिकी कराई है। पुलिस दोनों के आवेदन के आधार पर बीएनस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की अनुसंधान शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मुरमा कला के पंकज विश्वकर्मा के घर पर मुंह जूठी को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान गांव के ही उमेश विश्वकर्मा व पंकज विश्वकर्मा आपस में भीड़ गए। आरोप है कि पंकज ने अपनी दांत से उमेश का नाक काट लिया। जिससे व बुरी तरह जख्मी हो गया। जबकि मामले में बीच बचाव कर रहे पंकज के भाई पवन विश्वकर्मा का भी दांत टूट गया है। गांव वालों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान दोनों शराब पी रहे थे इसी क्रम में किसी बात को लेकर दोनों आपस में भीड़ गए। थानाप्रभारी संतोष गिरी ने बताया कि उमेश विश्वकर्मा ने पंकज विश्वकर्मा व उसके भाई पवन विश्वकर्मा के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है जबकि पंकज ने भी उमेश विश्वकर्मा के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।



# जयंती पर गांधी जी के आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर हुसैनाबाद शहर के गांधी चौक पर गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर क्षेत्र के कई राजनीतिक दल के लोग, प्रशासनिक पदाधिकारियों व स्थानीय प्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि दी । इस दौरान गांधी प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया गया।कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, एलआरडीसी गौरांग महतो, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार,अंचलाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी,पूर्व वार्ड पार्षद सुहैल आलम, भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता,राजद के प्रदेश महासचिव कलामुद्दीन खान व रिजवान खान समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर गांधी जी को नमन किया।इस अवसर पर पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। हमें अपने जीवन में बापू के विचारों को उतारकर समाज में सेवा, सत्यनिष्ठा और सद्भाव की भावना को मजबूत करना चाहिए। एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि बापू का स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का संदेश आज के समय में देश को नई दिशा देने वाला है।

# एनपीयू की अव्यवस्था पर पूर्व मंत्री कमलेश सिंह ने राज्यपाल से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह एवं युवा नेता सूर्या सिंह ने झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन, राँची में मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने राज्यपाल को पलामू के एकमात्र विश्वविद्यालय नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अव्यवस्था, सत्र एवं परिणामों में लगातार हो रही देरी और इसके कारण छात्रों को हो रहे गंभीर नुकसान के विषय में विस्तृत ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया गया कि पिछले दो वर्षों में परिणामों में लगातार देरी के कारण लगभग चार हजार छात्र अपने करियर और भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। सत्र 2022-26 के कई सेमेस्टर के परिणाम अभी तक लंबित हैं, जबकि सत्र 2023-27 का परिणाम भी नियमित समय से लगभग एक साल से अधिक विलंबित है। इस स्थिति के कारण छात्र उच्च शिक्षा में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं, सरकारी नौकरी और प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन करने से वंचित रह गए हैं। इसके अलावा, कैंपस प्लेसमेंट और इंटर्नशिप के अवसर भी नष्ट हो चुके हैं और समय पर छात्रवृत्ति तथा अन्य राष्ट्रीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लगातार लंबित रहने से छात्रों में मानसिक तनाव, आत्मविश्वास में कमी और गहरी निराशा उत्पन्न हो रही है।महामहिम राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने पूरे मामले को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी और लंबित परिणामों को जल्द से जल्द प्रकाशित कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में समयबद्ध अकादमिक कैलेंडर लागू करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में लगातार शैक्षणिक अव्यवस्था और परिणामों की देरी से छात्रों का भविष्य गंभीर संकट में है। सूर्या सिंह ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि राज्यपाल के हस्तक्षेप से विश्वविद्यालय की अव्यवस्था पर तुरंत रोक लगेगी और छात्रों का भविष्य सुरक्षित होगा।

# कांग्रेसियों ने वृद्धाश्रम में राष्ट्रपिता और शास्त्री जी की जयंती मनायी

## इंटक नेता ने बुजुर्गों के बीच फल का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** कांग्रेस नेताओं ने चांदडीह स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ गांधी और शास्त्री जी की जयंती मनाई। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार एवं देवघर जिला महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रमिला देवी द्वारा काशीडीह चांदडीह स्थित वृद्धा आश्रम में महिलाओं एवं पुरुषों के बीच मिठाई एवं फल वितरण किया गया।



फल वितरण के पूर्व अजय कुमार, प्रमिला देवी एवं मनोरंजन सिंह, कौशल्या देवी, अष्टमी देवी, भगवतिया देवी, मालती देवी, गीता देवनाथ, राधा केसरी, सुरेश सुदेशना चौधरी, सरस्वती देवी, बड़की मांझी, ममता देवी, देमंती गुप्ता, शीला देवी, रेखा कुंडू, गुंजू देवी, मन पुरन रजक, राजू यादव, गंगा सोरेन, बबलू दास, कार्तिक तांती व शेखर रामानी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मौके पर इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने कहा कि आज जब हमारे सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में तेजी से गिरावट आ रही है तो वैसे स्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के सिद्धांतों, विचारों एवं आदर्शों की प्रासंगिकता और भी ज्यादा बढ़ गई है। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष प्रमिला देवी ने कहा कि गांधी एवं शास्त्री के सिद्धांतों और विचारों को अपना कर जीवन में हो रहे चातुर्दिक पतन को रोका जा सकता है।

**गांधी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण :** देवघर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गांधी शास्त्री जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ. मुन्नम संजय, जिलाध्यक्ष प्रो. उदय प्रकाश ने टावर चौक स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर वरिष्ठ नेता मुकुंद दास, जिला महासचिव विवेक मिश्रा मौजूद थे।

**भाजपाइयों ने भी दोनों महापुरूषों को किया याद :** भाजपा जिला कमेटी की ओर से राकेश नरौने के आवास पर दोनों महापुरुषों की जयंती मनाई गई। कार्यकताओं ने संकल्प लिया सभी दोनों के बताए मार्ग पर चलेंगे और खादी के वस्त्र भी दुकानों से खरीदेंगे मौके पर कार्यक्रम संयोजक राकेश नरौने, सचिन सुल्तानियां, विजया सिंह, धनन्जय खवाड़े, सौरभ सिंह, अमनदीप गोलू, सुबोध गुप्ता, सोमेश पंडित, अरविंद झा, प्रहलाद कुमार, बबलू कुमार मौजूद थे।

## जिले में आदि कर्मयोगी कार्यक्रम संपन्न

**देवघर (आजाद सिपाही)।** जिले में आदि कर्मयोगी अभियान कार्यक्रम के तहत सभी दस प्रखंडों के पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। साथ ही ग्राम सभा के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेष रूप से ग्रामीण आजीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता, पोषण और किसान कल्याण जैसी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। उपस्थित अधिकारियों ने योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में भी ग्रामीणों को बताया तथा विकास कार्यों की समीक्षा भी की गयी। ग्रामीणों को उनकी सहभागिता से विकास को गति देने का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत स्तर पर जन-जागरूकता, पारदर्शिता एवं ग्राम विकास की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना है।


## कुआं में डूबकर पारा शिक्षक की मौत

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चेड़ा गांव निवासी पारा शिक्षक सुनील उरांव की गुरुवार देर शाम गांव के ही कुआं में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा कि गांव में दसइ करम का पर्व मनाया जा रहा था। इसे लेकर घर में मेहमान भी आए थे। जिसे छोड़ने के लिए सुनील बाहर निकाले थे। लौटने के क्रम में गांव के ही एक कुआं में अचानक गिर गये। अंधेरा होने के कारण किसी को कुछ भी पता नहीं चला। परिजन ढूंढने निकले तो कुआं में शव तैरता मिला। तुरंत इसकी सूचना बिशनपुर थाने को दी गई। इस बीत शुक्रवार की सुबह थाना प्रभारी अपने टीम के साथ गांव पहुंचे और शव को कुआं से बाहर निकलवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया। बता चला है कि सुनील उरांव गांव के ही विद्यालय में पारा शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। वहीं, थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव ने कहा कि प्रथम दृष्टया में सुनील की मौत कुआं में डूबने से हुई ऐसा प्रतीत हो रही है।

### सिसई में 51 फीट के रावण का पुतला दहन, मुंबई के कलाकारों ने किया रामलीला का मंचन

# असली जीत तभी होगी, जब हम अपने अंदर के रावण का दहन करेंगे: समीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**




सिसई में जलता रावण का पुतला और कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव सहित अन्य गणमान्य।

**सिसई।** विजयादशमी पर जागृति युवा क्लब रावण दहन समिति की ओर से रावण दहन मैदान में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मानते हुए 51 फिट ऊंचे रावण का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, जिला परिषद सदस्य विजयलक्ष्मी कुमारी, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ अशोक बड़ाइक, सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह आदि शामिल हुए। इस दौरान मुंबई से आए कलाकारों ने रामलीला का नाट्य मंचन किया, जिसकी शुरूआत गणेश वंदना से की गई। इसके बाद नाटक के माध्यम से प्रभु श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण का वनवासकाल, रावण द्वारा माता सीता का हरण, प्रभु श्रीराम जी के युद्ध में अहंकारी रावण का बध कर जीत दर्ज करना और भरत मिलाप सहित प्रभु श्रीराम जी के राज्याभिषेक को खूबसूरती के साथ मंचन किया गया। साथ ही भक्ति गीतों पर नृत्य कर कलाकारों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हालांकि बारिश ने कार्यक्रम में खलल डालने का प्रयास किया, लेकिन शाम 6.30 बजे पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, जागृति युवा क्लब रावण दहन समिति के अध्यक्ष रोहित श्रीवास्तव (घंटी), सचिव सौरभ सिंह, कोषाध्यक्ष रितिक ताम्रकर, सह कोषाध्यक्ष सचिन सिंह संरक्षक पंकज साहु, मुकेश ताम्रकर, रामानंद सिंह, छोटेलाल ताम्रकर, गौतम ताम्रकर आदि ने संयुक्त रूप से रावण के पुतले आग लगाकर दहन किया। इस अवसर पर समीर उरांव ने कहा कि दशहरा पर रावण दहन कर हम सभी विजयादशमी उत्सव मनाते हैं जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। लेकिन असली जीत तभी होगी जब हम सभी अपने अंदर के रावण का दहन करेंगे। जब हम अपने अपने अहंकार को नष्ट कर देंगे उसी वक्त हमारी असली जीत होगी और एक खुशहाल राष्ट्र का निर्माण होगा। उन्होंने सभी प्रखंड वासियों को दशहरे की शुभकामनाएं दी। वहीं, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव, जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा आदि ने भी सभी प्रखंड वासियों को दशहरे की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जागृति युवा क्लब रावण दहन समिति एवं भदौली कुदरा दुर्गा पूजा समिति आदि मौजूद थे।

## लगातार बारिश से टमाटर की फसल को नुकसान, लग रहे कीड़े, किसान हताश



**जारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले कई दिनों तक हुए बारिश के कारण टमाटर की फसल लगाने वाले किसानों को भारी नुकसान का डर सता रहा है। श्रीनगर, गोविंदपुर, रुद्रपुर, जारी, डुम्बरटोली और बुमतेल गांव में सैकड़ो एकड़ में लगे टमाटर की खेती की फसल सड़ने लगी है। किसान अपनी फसल को बचाने की जुगत शुरू कर दी है। खराब मौसम से पहले स्थानीय किसानों द्वारा टमाटर 30 से 40 रुपये प्रति किलो बेचा जा रहा था। लेकिन, अब व्यापारी टमाटर लेना नहीं चाह रहे है। किसान शहजेब खान, जाकिर खान, जैयारुल अंसारी, मकसूद खान, सबान अंसारी, हसन खान, अजहर खान, नुरुल अंसारी, मनसाय बड़ाईक और रविंद्रनाथ शाहदेव आदि ने कहा कि यहां के किसान टमाटर उत्पादन के लिए मशहूर हैं। लेकिन इस साल किसानों के चेहरे मायूस है। क्योंकि ज्यादातर फसल खराब हो चुकी है। जो फसल हुई भी है वो इतनी ज्यादा नहीं कि मुनाफा कमाया जा सके। किसानों का कहना है कि इस बार खेत में जो फसल लगी उसमें फल अच्छे किस्म के नहीं आए। जिन खेतों में फल आए भी उनमें मौसम के कारण कीड़े लग गये। जिस कारण प्रति एकड़ खेत में 4 से 5 कैरेट टमाटर ही निकल रहा है। बाकि सभी में कीड़े लग चुके है। गे किसानों ने कहा कि अपने खेतों में जो फसल लगाई थी, वो ठीक नहीं हुई है। दवाईयां छिड़कने के बाद भी फसलों में कीड़े लगे है। जिस कारण उत्पादन कम हुआ है। बताया कि पिछले साल बंपर उत्पादन हुआ था, लेकिन इस बार उत्पादन में भारी कमी देखी जा रही है। पहले हम अपने खेतों में लगी फसल को स्थानीय बाजार में बेचने के अलावा बाहर के राज्यों में भी भेजा करते थे, लेकिन इस बार फसल अच्छी ना होने के कारण जो भी गाड़ियां यहां पहुंच रही है, वो खाली ही लौट रही है।

## सिसई के लुल्हुआ में 51 कन्याओं का हुआ पूजन



**सिसई (आजाद सिपाह)।** प्रखंड क्षेत्र के लुल्हुआ ग्राम में नवमी के अवसर पर 51 कन्याओं का पूजन किया गया। यह अनुष्ठान समाजसेवी उदय कुशवाहा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कन्यापूजन से पूर्व सभी कन्याओं को देवी मंडप प्रांगण में पंक्तिबद्ध आसन देकर बिठाया गया एवं विधिवत पारंपरिक रूप से कांसा के थाली में जल से पांव धोकर, रंगा गया और उनके सिर पर चुनरी ओढ़ाते हुए हाथों में कॉपी कलम एवं हनुमान चालीसा का पुस्तक देकर पांव पूजन किया गया। इसके बाद दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर उदय कुशवाहा ने कहा कि हमारा उद्देश्य सबसे नीचले पायदान के लोगों के बीच पहुंचकर शिक्षा और संस्कार का अलख जगाना है, जिससे समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीति, नशापान, छुआछूत, ऊंच नीच के भेदभाव को खत्म किया जा सके। वहीं, शिक्षक रविंद्र नाथ अधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम लुल्हुआ ग्राम के इतिहास में पहली बार भव्य रूप से आयोजित हुआ है जिसका व्यापक असर आनेवाले समय में देखने को मिलेगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान विष्णु खड़िया, विश्वभूषण खड़िया, नवीन साहू, बबलू साहू, भूखन लोहरा, नागो खड़िया, अरुण कुमार, आलम साहू, फूलचंद हजाम, संजू लोहरा, धर्म लोहरा, पोद्दारचंद्र अधिकारी, ईश्वर अधिकारी, कैकेई देवी, लक्ष्मी कुमारी, गायत्री कुमारी और नीतू कुमारी आदि उपस्थित थे।

# नवरात्रि पर चैतन्य देवियों की झांकी और महिषासुर वध पर किया गया नाट्य मंचन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** नवरात्रि पर शिव दर्शन भवन में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चैतन्य देवियों की झांकी एवं महिषासुर वध का आकर्षक नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश पांडे, सीडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, पवन अग्रवाल संजय अग्रवाल सहित शहर के कई सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं संपूर्ण व्यवस्था शिव दर्शन भवन की संचालिका बीके शांति दीदी ने किया। नाट्य मंचन की विशेष प्रस्तुति में बीके रेमी बहन (गुड़गांव), बीके वैष्णवी बहन (गुड़गांव), बीके सुचिता बहन, बीके कुसुम बहन, बीके जीवंती बहन और बीके कृष्णा भाई सहित अन्य कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट कला से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। वहीं, अपने संबोधन में सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश पांडे ने कहा कि 'नवरात्रि शक्ति उपासना का पर्व है। यह हमें सिखाता है कि असत्य और अन्याय चाहे कितना भी प्रबल क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की विजय निश्चित है।' वहीं, सीडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि 'आज समाज में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति परिवार और बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बना रही है। ऐसे आयोजन समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।' संचालिका बीके शांति दीदी ने कहा कि नवरात्रि हमें आत्मशक्ति जागरण का संदेश देती है। जब हम ईश्वर से जुड़ते हैं और आत्मा की शक्ति को पहचानते हैं तो जीवन की हर बुराई और कमजोरी पर विजय पा सकते हैं।

## हड्डी-मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार आज गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रसिद्ध नस हड्डी और मस्तिष्क विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार शनिवार को गुमला में रहेंगे। वे पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक मरीजों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने बताया कि समय पर पहुंच कर रोगी डॉ अनिल से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।

## चेंबर ने किया महात्मा गांधी और लाल बहादुर को याद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** महात्मा गांधी की जयंती पर गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी को याद किया। इस अवसर पर गुमला इंडोर स्टेडियम में स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही दो अक्टूबर को ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री का भी जन्मदिन है। उन्हें भी याद किया गया और श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश ने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा और देश की आजादी के लिए किए गए आंदोलन और बलिदान को कभी नहीं बुलाया जा सकता। इससे देशवासियों को प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके आदर्शों का अनुपालन करना चाहिए। इस मौके पर उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सह सचिव प्रणय साहू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा और कार्यकारिणी के शंकर साहू आदि उपस्थित थे।

## सिसई में खुला श्री इंटरप्राइजेज इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी का शोरूम




**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के भगत मोड़ कुदरा मेन रोड में गुरुवार को विजयादशमी के अवसर पर 'श्री इंटरप्राइजेज' इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी का शोरूम का उद्‍घाटन हुआ। सबसे पहले पुरोहित राजकुमार पौराणिक ने विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। इसके बाद संचालक यशवंत नारायण सिंह एवं अन्य गणमान्य लोगों ने फीता काटकर शोरूम का उद्घाटन किया। संचालक यशवंत नारायण सिंह ने बताया कि हम दुनिया की सबसे सस्ती इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी लेकर आएं हैं। इसमें एक बार बैटरी फूल चार्ज होने पर 60 किलोमीटर तक चलेगी। इसमें रिमोट और चीप सिस्टम है। साथ ही रिवर्स गियर, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, सिंगल डबल डिस्क ब्रेक के अलावे अन्य कई सारे फीचर्स दिए गए हैं। बजाज फिनसर्व कार्ड के माध्यम से फाइनेंस की सुविधा भी ग्राहकों को दी जाएगी। साथ में इलेक्ट्रॉनिक ई-रिक्शा का भी रेंज रखा गया है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, बासुदेव उरांव, चंद्रमोहन उरांव, श्याम नारायण सिंह, अरुण नारायण सिंह, बद्री नारायण सिंह, रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव डेविड, पंकज साहु, मुकेश ताम्रकर, घनश्याम आर्य, राजू ताम्रकर, विनोद सोनी, विशाल गुप्ता, रुक्मणि देवी, विद्या सिंह, संगीता देवी, सीमा देवी, रूपा देवी, राधा देवी ललिता देवी, माधुरी सिंह, राखी, बलवंत नारायण सिंह, रोशनी, रिया, सृष्टि, आस्था, सौम्या, समीक्षा, देवांशी, आशी, प्रविका और कृति आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने मनायी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस के अध्यक्ष चैतू उरांव के निर्देश परजिला महासचिव फिरोज आलम के नेतृत्व में गुरुवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। इस दौरान बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। फिरोज आलम ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपना सर्वस्व भारत पर न्योछावर कर दिया। कई सत्याग्रह और आंदोलन किए। जिस कारण अंग्रेजी सरकार को यहां से भागना पड़ा। गांधी जी ने कभी भी हिंसा और सत्य की राह को नहीं चुना। उन्होंने पूरे विश्व में यह साबित किया कि अहिंसा में जो ताकत है वह किसी कीमत पर हिंसा में नहीं हो सकती। वहीं, नगर अध्यक्ष मोहम्मद खालिद ने कहा कि असहयोग आंदोलन जालीवाला बाग हत्याकांड में लगभग 1000 लोग मारे गए। इसकी प्रतिक्रिया में गांधी जी ने असहयोग आंदोलन शुरू किया। उन्होंने भारतीयों से ब्रिटिश निर्मित वस्तुओं का बहिष्कार करने, उनके शैक्षणिक संस्थानों और न्यायपालिका का बहिष्कार करने, सरकारी पदों से हटने और ब्रिटिश सम्मानों एवं पुरस्कारों को त्यागने का आग्रह किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष खुर्शीद आलम, बेलसाजर मिंज आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर राम उरांव, इकरामुल हक, लखन राम, क्रिस्टीना टोप्पो, मोहम्मद इनायत, कार्तिक उरांव, शिव उरांव, मोनिका टोप्पो और अंकिता कुजूर आदि उपस्थित थे।

## साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस आयोजित कर डीसी ने सुनी समस्याएं



**गुमला (आजाद सिपाही)।** डीसी प्रेरणा दीक्षित की अगुवाई में शुक्रवार को समाहरणालय परिसर स्थित जनसभा कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रखंडों एवं दूरदराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए और अपनी समस्याए डीसी के समक्ष रखा। इस दौरान नागरिकों ने भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं का लाभ, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कीं। अधिकारियों ने सभी प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कई मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जबकि शेष शिकायतों को समयबद्ध ढंग से समाधान करने का आश्वासन दिया गया।इस अवसर पर डीसी ने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को जनता के निकट लाना और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेकर उन्हें प्राथमिकता से निष्पादित किया जाएगा।

## नम आंखों से दी गयी मां दुर्गा को विदाई, हुआ रावण दहन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न मंदिरों और पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का शुक्रवार को विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान मां फिर आना के उद्‍घोष के साथ मां को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गयी। वहीं, विसर्जन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गयी थी। सीओ शेखर वर्मा, थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव और बीडीओ सुलेमान मुंडरी के नेतृत्व में पुलिस के जवान गश्त लगाते दिखे। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर कहीं से भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। इधर, सुरक्षा व्यवस्था देख रहे पदाधिकारी को पूजा समितियों ने चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। बस स्टैंड स्थित मैदान में रावण दहन और मेला आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव उपस्थित हुए। उन्होंने तीर चला कर रावण दहन किया। कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। हमें अपने जीवन में इसका पालन करना चाहिए।

## बाइक-ऑटो की टक्कर, दो घायल, हालत गंभीर



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डाड़हा के पास गुमला-रांची एनएच फोरलेन सड़क पर तेज गति से आ रही एक बाइक ने ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो चालक इम्तियाज अली और बाईक चालक नंदकिशोर लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भरनो के अमनपुर निवासी कुर्सीद का बेटा इम्तियाज अली (28) फोरलेन सड़क पर ऑटो के पीछे खड़ा होकर उसे घुमा रहा था। इसी बीच डाड़हा जतरा देखकर विश्रामपुर सिसई निवासी भीलू लोहरा का पुत्र नंदकिशोर लोहरा (25) अपनी पत्नी और पांच वर्ष के बच्चे आयुष को बाईक में बिठाकर तेजगति से सिसई की ओर जा रहा था। तभी टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाईक सवार अपनी पत्नी और बच्चा सहित सड़क पर दूर जा गिरा। जिससे उसे गंभीर चोट आयी है। हालांकि उसके पांच साल के बेटे आयुष को पैर में मामूली चोट आई हैं। वहीं, पत्नी सुरक्षित है। दूसरी ओर, दुर्घटना होने पर पास से गुजर रहे पत्रकार बंधु सिसई निवासी मदन साहु और नगर सिसई निवासी नंदकेश्वर बड़ाइक ने इंसानियत का परिचय देते हुए दोनों घायलों को महिला एवं बच्चे सहित रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि इम्तियाज अली का दाहिना पैर दो जगहों से टूट गया है। जबकि नंदकिशोर लोहरा को चेहरे और पैर के अलावे अंदरूनी चोटें आई हैं।

### महात्मा गांधी-लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर युवा कांग्रेस ने चलाया स्वच्छता अभियान

# युवा कांग्रेसियों ने बापू को किया याद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** महात्मा गांधी और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर गुमला जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में गुरुवार को पुग्गू के समीप स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज उपस्थित रहे। गांव की महिलाओं ने पारंपरिक पोशाक में शामिल होकर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अभिजीत राज ने कहा कि महात्मा गांधी ने न केवल भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलाई, बल्कि भारत में फैली कुरीतियों जैसे जातिवाद और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ भी आवाज उठाई। महात्मा गांधी एक महान व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत के युवा को अंग्रेजों से आजादी दिलाने के लिए सत्य व अंहिसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय किसान, जय जवान' का नारा दिया था। अनाजों की कीमतों में कटौती, भारत-पाकिस्तान की लड़ाई में सेना को खुली छूट देना, ताशकंद समझौता जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए लाल बहादुर शास्त्री अपने देश के लिए बलिदान और सच्ची देश भक्ती के लिए सदैव जाने जाएंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि महात्मा गांधी द्वारा अंग्रेजों एवं सामाजिक बुराई के खिलाफ किए गए आंदोलनों में चंपारण सत्यग्रह, असहयोग आंदोलन, दलित आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन, नमक सत्याग्रह आंदोलन सबसे प्रमुख आंदोलन थे। जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा कि गांधी जी का विचार सत्य ही ईश्वर है और अंहिसा परम धर्म है, हमें सिखाता है कि हमें अपने जीवन में हमेशा सत्य का साथ देना चाहिए और अंहिसा के मार्ग पर चलना चाहिए। ऐसे में गांधी के महत्व को और अधिक बढ़ाने के लिए हमें अपने जीवन में उनके आदर्शों और उनकी विचारधारा को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलमस जिला उपाध्यक्ष अंजलीनता बाड़ा, सिसई प्रमुख मीना टोप्पो, जुगल उरांव, मंजूर जॉय और सादाब आलम आदि उपस्थित थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

लापता लड़की रंथी कुमारी उम्र–करीब 21 वर्ष, पे0– स्व0 फगुआ चीक बड़ाईक, सा0–खिजुर बहार, थाना– गिरदा ओ0पी0, जिला–सिमडेगा, राज्य–झारखण्ड, दिनांक–29.08.2025 को बिना किसी को सूचित किये घर से चली गयी है, जो अभी तक अपने घर वापस नहीं लौटी है। गुमशुदा लड़की की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–



**हुलिया की विवरणी :–**

| | | |
|---|---|---|
| लिंग | :– | स्त्रीलिंग। |
| उम्र | :– | 21 वर्ष। |
| रंग | :– | साँवला। |
| बाल | :– | काला। |
| उँचाई | :– | 04 फीट 03 ईंच। |
| भाषा | :– | सादरी एवं हिन्दी। |

पहनावा :– हरा रंग का स्कर्ट तथा ब्लाउज एवं पैर में चप्पल।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त गुमशुदा लड़की के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431116444
पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431706227
थाना प्रभारी, गिरदा ओ0पी0 – मोबाइल नं0–9608015593
पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9262998531
मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0–मोबाइलनं0–1800–3456–256

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा।

PR.NO.363172 Simdega(25-26):D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 04 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



## देह व्यापार में शामिल दो लोग गिरफ्तार



बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह को गुप्त सूचना मिली कि कोऑपरेटिव कॉलोनी में अवैध देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। प्राप्त सुचना पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए को-ऑपरेटिव कॉलोनी स्थित प्लॉट न: 155 में घेरा बंदी कर छापामारी किया गया और इस धंधे में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। छापामारी के क्रम में शनि कुमार उम्र- 26 वर्ष प्लॉट न:155 कॉपरेटिव कॉलोनी, थाना बीएस सिटी, जिला बोकारो एवं निखत प्रवीण उम्र 26 वर्ष पत्ता 18/ए मोमिनपुर रोड खिदिरपुर नियर कलकत्ता अस्पताल, कोलकाता 23 पं बंगाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शनि कुमार के अनुसार ये कोलकाता से देह व्यापार के लिये महिलाओं को बोकारो बुलाते थे तथा अपने किराये का मकान में देह व्यापार करवाते है। इस काम के लिये कलकता से निखत प्रवीण को बुलाये थे, निखत प्रवीण यह खुद इस काम को करती है तथा अन्य महिलाओं से सम्पर्क करके देह व्यापार के लिये उपलब्ध करवाती है। छापामारी दल में पुनि सह थाना प्रभारी बीएस सिटी थाना सुदामा कुमार दा, पुनि सह थाना प्रभारी सेक्टर-6 संगीता, पुअनि अनिल कुमार गुप्ता, सअनि अमर कु यादव, आ/63 सिद्देश्वर प्रसाद सिंह, महिला आ/46 चन्द्रावती, आ/477 राजीव कुमार, आ/700 विजय कुमार सिंह, आ/ योगेन्द्र रजक, आ/ प्रफुल्ल कु मंडल आदि शामिल थे।

## न्यू स्टेशन दुर्गा पूजा कमेटी ने विधायक राज सिन्हा का किया स्वागत



धनबाद (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को धनबाद विधायक राज सिंन्हा को न्यू रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा कमेटी ने जोरदार स्वागत किया। वहीं अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने विधायक राज सिंन्हा को माता की चुनरी एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि वर्ष भी न्यू रेलवे कॉलोनी पुराना बाजार की प्रतीमा और रामलीला थीम पंडाल को कलाकारों ने अच्छी तरह से धरातल में उतारा है। अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा की अभी के युवाओं को सनातन धर्म के ऊपर फोकस करना चाहिए क्योंकि आगे नहीं आने से पुजा पाठ का आयोजन बेहतर ढंग से नहीं हों पायेगा। इसलिए अभी से ही सभी लोगों कों दिल से सनातन धर्म कों आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने दिल से जिला प्रशासन कों बधाई दिया और कहा की उपायुक्त और एसएसपी ने जोरदार काम किया हैं। ज़िला में धन्यवाद के पात्र है। मंच पर उदय प्रताप सिंह,मनोज मालाकार, हर्ष सिंह, रवि सिन्हा, मनोज गुप्ता, अजय पांडे, आदर्श राजू, अनूभव इत्यादि थे।

## सुनैना किन्नर ने कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया और आशीर्वाद लिया

धनबाद (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा के मौके पर किन्नर कल्याण बोर्ड झारखण्ड सरकार के सदस्य सुनैना किन्नर ने अपने आवास मनईटांड कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया और आशीर्वाद लिया। और इस मौके पर सुनैना ने बताया कि मैं हर वर्ष अपने आवास पर पाठ करवाती हूं और स्वयं नवरात्री करती हूं और मां दुर्गा से अपने जाजमनो की खुशी के लिए नवरात्री करती हूं। इस मौके पर नगर निगम कर्मियों के बिच वस्त्र भी वितरण किया गया और कहा गया की आज पर्व के समय भी ये लोग पर्व को छोड़कर सफाई का काम करते है उनका सम्मान भी बहुत जरूरी है औ विजय दशमी के दिन मनईतांड छठ तलाब पर कलश की स्थापना किया गया। बिजय दशमी के मौके पर सुनैना किन्नर ने कलश स्थापना दिवस के इस मौके पर बताया कि मां दुर्गा की कृपा सभी पर बनी रहे यही कामना किन्नर समाज ने माता रानी से किया। इस मौके पर बबली किन्नर, बिमली किन्नर, सुनीता किन्नर, रजिया किन्नर, पल्लवी किन्नर, पूजा किन्नर, राधा किन्नर, रिसिमुनी किन्नर, छोटकी मुस्कान, शिला किन्नर, काजल किन्नर, नलक किन्नर, प्रिया किन्नर, सोहानी किन्नर, ज्योति किन्नर, लवली किन्नर रीना किन्नर आदि मौजूद थी।

## जयंती पर याद किये गये महात्मा गांधी और शास्त्रीजी

बोकारो (आजाद सिपाही)। आम आदमी पार्टी बोकारो जिला की ओर से गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण कर उन्हें 156वीं जयंती पर याद किया गया। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी जयंती पर स्थानीय सेक्टर चार स्थित महात्मा गांधी चौक पर इकट्ठा होकर गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि एक ही तिथि को देश के दो महापुरुष धरती पर अवतरित हुए थे। आज के देश और दुनियाभर के हिंसक और तानाशाह माहौल में गांधी के विचार प्रासांगिक हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आप के जोनल पर्यवेक्षक विधान चंद्र राय, झारखंड प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश, बोकारो जिला प्रभारी अरविन्द विकाश, झुग्गी-झोपड़ी संगठन प्रभारी श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रभारी मनौवर अंसारी, आनंद कुमार मंडल, राहुल विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## रेलवे ग्राउंड में आतिशबाजी के बीच रावण दहन



बोकारो (आजाद सिपाही)। विजयादशमी के पावन अवसर पर गुरुवार शाम बोकारो स्टील सिटी के रेलवे ग्राउंड में भव्य रावण दहन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर एसपी हरविंदर सिंह, एआरएम विनीत कुमार, एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा आदि उपस्थित थे। ज्यों ही सूर्य अस्त हुआ, रावण के ऊंचे पुतले में अग्नि प्रज्वलित की गयी। पूरा मैदान आतिशबाजी की रंगीन रोशनी और जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। आकाश में छूटते आतिशबाजी के फूल जैसे हर हृदय में भक्ति और उल्लास का दीप प्रज्वलित कर रहे हों। इस अवसर पर उपायुक्त ने जिलावासियों को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रावण का अंत केवल एक व्यक्ति का अंत नहीं था। वह महान ज्ञानी था, किंतु अपने ज्ञान पर अहंकार कर बैठा। उसके ज्ञान में परोपकार का भाव नहीं था, बल्कि अहंकार से भरा हुआ था। वह अत्यंत बड़ा भक्त था, पर उसकी भक्ति में संयम और परोपकार का समावेश नहीं था। रावण का अंत यह सिखाता है कि ज्ञान,शक्ति और भक्ति का उपयोग केवल व्यक्तिगत गौरव के लिए नहीं, बल्कि समाज के हित, विकास, संरक्षण और आगे ले जाने के लिए करना चाहिए। मौके पर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने आम जनों से अपील किया किया कि इस पर्व की भावना को जीवन में उतारकर बुराई, नशा, हिंसा और कटुता जैसे रावण को अपने अंदर से समाप्त करें तथा समाज में भाईचारे और सद्भाव को बढ़ाएं।

# हादसे में झुलसे ठेका मजदूर की मौत, आश्रित को बोकारो स्टील प्लांट में नियोजन का ऑफर लेटर

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। सेल के बोकारो स्टील प्लांट एसएमएस 2 हादसे में गंभीर रूप से जख्मी ठेका मजदूर ब्रजेश महथा की बीजीएच में इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गयी। बीएसएल प्रबंधन ने बेहतर इलाज के लिए पूरी कोशिश की, लेकिन जान नहीं बचायी जा सकी। भिलाई स्टील प्लांट के बर्न वार्ड के मुखिया एवं सीएमओ डाक्टर उदय को बोकारो बुलाया गया था। बेहतर इलाज के लिए हरसंभव कोशिश होती रही। फिर भी हॉट मेटल से झुलसे मजदूर की जिंदगी बचायी नहीं जा सकी। राउरकेला स्टील प्लांट के डायरेक्टर इंचार्ज अतिरिक्त प्रभार बोकारो आलोक वर्मा भी खुद चिकित्सकों से सीधे संपर्क बनाये हुए थे।

इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। बताया जाता है कि कि 27 वर्षीय बृजेश की दो साल पहले शादी हुई थी। उसकी 6 माह की एक बच्ची है। बड़ा भाई राजेश भी बीएसएल में ठेका मजदूरी करता है। मृतक के माता-पिता दामोडीह में रहते हैं। वहीं, बीएसएल प्रबंधन का कहना है कि मृतक के आश्रित को नियम के तहत नौकरी और मुआवजा का भुगतान किया जायेगा। गौरतलब है कि 28 सितंबर को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे एसएमसस 2 में हादसा हुआ था। रोप टूटने से लेडल अनियंत्रित होने से हॉट मेटल जमीन पर गिरा था। इससे आग लगी थी। इसमें तीन मजदूर बृजेश, प्रवीण और प्रकाश झुलस गए थे। बृजेश 90 प्रतिशत से अधिक झुलस गये थे, जबकि दो अन्य 60 प्रतिशत और 35 प्रतिशत झुलसे थे। इन सभी का बी जी एच में इलाज चल रहा था। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे बृजेश ने दम तोड़ दिया। बृजेश की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में भारी संख्या में ग्रामीणों और महथा समाज के लोगों की भीड़ जमा हो गयी। घटना की सूचना पर कांग्रेस नेता जवाहरलाल महथा भी अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार की ओर से आवाज उठायी। इधर इस्पात प्रबंधन ने भी श्रमिक के निधन पर शोक जताया है। प्रबंधन ने इस संबंध में आश्वासन दिया है कि नियमों के तहत परिवार को हर संभव मदद प्रदान की जायेगी।

### इस्पात परिवार पीड़ित के साथ है खड़ा

बीएसएल संचार प्रमुख मणिकांत धान ने कहा कि विगत 28 सितम्बर को प्लांट के एसएमएस -2 में हुई दुर्घटना में घायल ठेका श्रमिक ब्रजेश महथा का 3 अक्टूबर की सुबह बीजीएच में इलाज के क्रम में देहांत हो गया। बीएसएल और अस्पताल प्रबंधन के अथक प्रयास के बावजूद कामगार के दुखद निधन से इस्पात परिवार शोकाकुल है और पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। कंपनी नियमानुसार दिवंगत ठेका कर्मी के परिवार के एक सदस्य को बोकारो स्टील प्लांट में नियोजन का ऑफर लेटर दे दिया गया।

# सड़क हादसे में महिला की मौत, पुत्र घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



तेतुलमारी/ कतरास। ट्रिपल लोड स्कूटी सवार नाबालिग युवकों ने सड़क पर खड़ी महिला और उसके बेटे को जोरदार टक्कर मार कर घायल कर दिया, जिस कारण इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी। घटना को लेकर आक्रोशित परिजनों ने शुक्रवार को शव तेतुलमारी थाना परिसर में रखकर दोषी स्कूटी सवार युवकों की गिरफ्तारी और आश्रित को नियोजन देने की मांग पर अड़ गये, उनका कहना था कि स्कूटी सवार को अविलंब गिरफ्तार किया जाये और मृतका के आश्रित को नियोजन सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाये। स्थानीय पुलिस ने मृतका के भाई के लिखित शिकायत पर स्कूटी को जप्त करते हुए मामला दर्ज कर जाँच पड़ताल में जुट गयी साथ ही आक्रोशित परिजनों को शांत करवा कर घर भेजा । मृतका की पहचान तेतुलमारी स्टेशन रोड निवासी 34 वर्षीय वर्षा देवी के रूप में हुई है, जो बीसीसीएल एरिया-5 में महिला कर्मी के रूप में कार्यरत थीं। मृतका के भाई सन्नी कुमार ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर बताया कि मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे उसकी 34 वर्षीय बहन वर्षा देवी और 7 वर्षीय भांजा परीक्षित कुमार पांडेडीह जाने के लिए अपने घर के समीप टोटो का इंतजार कर रहे थे इसी बीच एक तेज रफ्तार ओला स्कूटी ने बहन और भांजा को जोरदार टक्कर मार दिया स्कूटी पर कृष्णा सिंह सुबोजित घोष और गौतम कुमार नामक युवक सवार थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद तुरंत उन्हें धनबाद के अशर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बहन की मौत हो गयी तथा भांजा के हाथ टूट गया।

## विजयदशमी पर धनबाद क्लब में धुनुची नृत्य और सिंदूर खेला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। धनबाद में विजयादशमी धूमधाम से मनाया गया। धनबाद क्लब में बंगाली महिलाओं एवं क्लब की महिलाओं ने परंपरागत धुनुची नृत्य किया और सिंदूर खेला किया। इस रस्म में ढाक और ढोल की थाप, भक्ति गीत और रंग-बिरंगे नृत्यों के बीच महिलाएं एक-दूसरे के माथे और गालों पर सिंदूर लगाती रहीं। बंगाली समाज की बरनाली मुखर्जी ने बताया यह रस्म न केवल देवी दुर्गा की शक्ति और सामर्थ्य का प्रतीक है, बल्कि महिलाओं के अखंड सौभाग्य और वैवाहिक खुशियों की कामना। मुख्य अतिथि के रूप में डीसी आदित्य रंजन उपस्थित हुए। डीसी द्वारा रावण, मेधनाथ और कुंभकर्ण का दहन किया गया। डीसी ने सभी को विजयादशमी की बधाई दिया। बरनाली मुखर्जी के नेतृत्व में बंगाली समाज के आर्टिस्ट शिव शंकर धर, इंद्रजीत चटर्जी सुदीपता चटर्जी संजय माजी, नोबोनीता शर्मा, जोइता धर, समीता भट्टाचार्य कुसुमिता भट्टाचार्य का सिंदूर खेला व पारंपरिक धनुची नृत्य को बहुत सुंदर ढंग से प्रस्तुत करने की तैयारिओं, शानदार ढंग से इस मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति में अहम भूमिका थी। इस दौरान सेकड़ो की संख्या में क्लब के सदस्यों के साथ अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन, धनबाद क्लब के अध्यक्ष चेतन गोयनका, सचिव अतुल डोकानिया क्लब के अन्य पदाधिकारी के अलावा बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य मौजूद थे।

## एक ही फ्लैट का दो एग्रीमेंट करने की महिला ने की शिकायत



आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त आदित्य रंजन ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्र से आये आमजनों की समस्या सुनी।

जनता दरबार में सरायढेला से आयी एक महिला ने बताया कि उन्होंने एक बिल्डर द्वारा नूतनडीह में बनाये जा रहे है अपार्टमेंट में पिछले वर्ष फ्लैट बुक कराया है। अग्रिम भुगतान करने के बाद बिल्डर ने फ्लैट का एग्रीमेंट भी किया। लेकिन उसी फ्लैट में अब कोई अन्य व्यक्ति रहते हैं। उस व्यक्ति ने महिला को बताया कि बिल्डर ने उनसे भी इसी फ्लैट का एग्रीमेंट किया है। महिला ने बिल्डर को कई बार फोन करने का प्रयास किया परंतु बिल्डर का मोबाइल फोन स्विच ऑफ है। इससे महिला और उनके परिवार को मानसिक तनाव और आर्थिक तंगी, दोनों का सामना करना पड़ रहा है। महिला ने उपायुक्त से अपार्टमेंट का कब्जा पुनः प्राप्त करने में सहायता करने की गुहार लगायी।

जनता दरबार में बाघमारा के बरोरा थाना क्षेत्र से आये ग्रामीणों ने वहीं के एक व्यक्ति द्वारा जबरन घर में घुस कर घर की औरतों एवं बच्चो के साथ छेड़खानी, मारपीट एवं गाली गलोच के साथ धमकी देने का आरोप लगाया।

इसके अलावा जनता दरबार में आय प्रमाण पत्र निर्गत कराने सहित अन्य मामले प्राप्त हुए।

उपायुक्त ने आमजनों के सभी मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में प्रभारी जन शिकायत कोषांग नियाज अहमद भी मौजूद थे।

## ड्राइ डे के दिन शराब बेचने के आरोप में युवक गिरफ्तार




आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। विजय दशमी को घोषित ड्राई डे के दिन शराब की बिक्री कर उल्लंघन करने और और शराब पीने के बाद शराबियों के द्वारा मेला रोड पर हुड़दंग करने की सूचना पर बोकारो के जिला कप्तान हरविंदर सिंह ने त्वरित कार्रवाई करने का आदेश दिया जिसके बाद सिटी डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सेक्टर 9 में अवैध शराब कारोबार में संलिप्त अपराधकर्मी मनोज वर्मा व जितेन्द्र कुमार के झोपडी में छापामारी किया गया जिसमे मनोज वर्मा को गिरफ्तार किया गया एवं जितेन्द्र कुमार अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गए। पकड़ाये अभियुक्त मनोज वर्मा के पास से अवैध विदेशी/ देशी शराब बरामद किया गया और भारी मात्रा में देसी और विदेशी शराब बरामद किया गया। छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक नगर, पुनि सह थाना प्रभारी हरला, पुअनि मनीष कुमार गुप्ता, पुअनि मो मोजम्मिल, पुअनि सुरेश यादव, सअनि सुरेश रविदास, सअनि रामनाथ राम, सअनि धन्नजय कुमार, चालक मुंसार अहमद, आरक्षी 649 नरेश मंडल शामिल थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता



बोकारो। 2 अक्टूबर को पूरे देश में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के तौर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर सेक्टर-4 तथा सेक्टर-6 में आयोजित अलग अलग कार्यक्रमों के दौरान बीएसएल की अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन, बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर बीएसएल के वरीय अधिकारी तथा शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी तथा अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के प्रति उनके समर्पण के लिए याद किया जाता है तथा गांधी जी सेवा और करुणा की शक्ति में विश्वास रखते थे और लोगों को सशक्त बनाने के लिए इसे जरूरी मानते थे।

## सेल-एमटीआइ और आइआइएम जम्मू ने समझौता ज्ञापन पर किये हस्ताक्षर

आजाद सिपाही संवाददाता



बोकारो। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआइ) के जरिये भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) जम्मू के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौते का उद्देश्य कार्यपालक शैक्षिक कार्यक्रम के जरिये भविष्य के लिए नेतृत्व को तैयार करना है। इस समझौता ज्ञापन पर सेल के इस्पात भवन, नयी दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में 29 सितंबर, 2025 को हस्ताक्षर किये गये। बदलते व्यावसायिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, सक्षम लीडर्स तैयार करने की सेल की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, यह समझौता संगठनात्मक क्षमता को मजबूत करने, सर्वोत्तम वैश्विक प्रणालियों को अपनाने और नेतृत्व उत्कृष्टता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के साझा लक्ष्य को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समझौता ज्ञापन पर सेल के कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास), एमटीआइ, संजय धर और आइआइएम जम्मू के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, कमांडर केशवन भास्करन (सेवानिवृत्त) ने सेल के निदेशक (कार्मिक), केके सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर सेल के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) बीएस पोपली और आइआइएम जम्मू के डॉ राजेश सिक्का भी उपस्थित थे।


न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।

अनुमति वाद संख्या–148 / 2025

आम इस्तेहार

आवेदिका मसो0 सहोदरी देवी पति–स्व0 श्याम सुन्दर ठाकुर, निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला– लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 234 | 2115 | 0.55 |
| | | 2116 | 0.2050 |
| | | | 0.7550 |

एतद् द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 363197 District(25-26)D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 17 / 2025–26

दिनांक– 03.10.2025

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 10.10.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 11.10.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.10.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉंची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र.सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Two Extra Room in DDC Residence at Latehar. | 4770800/- | 9550 0/- | 500 0/- | 02 (Two ) Month |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार ।

PR 363221 Building(25-26)D

# प्रधानमंत्री मोदी आज युवाओं को देंगे तोहफा

## बिहार पर फोकस : 62 हजार करोड़ की योजनाएं करेंगे लांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को युवाओं और शिक्षा से जुड़ी कई बड़ी योजनाएं शुरू करने वाले हैं। इन योजनाओं की कुल लागत 62 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा है। सरकार का कहना है कि इससे युवाओं की पढ़ाई, स्किल ट्रेनिंग (कौशल विकास) और रोजगार के मौके बढ़ेंगे। पीएम मोदी प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एंप्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आइटीआइ (पीएम-सेतु) नाम की नयी योजना लांच करेंगे। इसके तहत देश भर के एक हजार सरकारी आइटीआइ कॉलेज आधुनिक बनाये जायेंगे। इसमें दो सौ आइटीआइ हब होंगे और आठ सौ आइटीआइ उनसे जुड़े रहेंगे। हर हब में नयी तकनीक, डिजिटल लर्निंग, इनोवेशन सेंटर, ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स और प्लेसमेंट सर्विस होगी। इसे वर्ल्ड बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक भी सहयोग देंगे। पहली कड़ी में बिहार के पटना और दरभंगा पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

### स्किल लैब्स और स्कूलों में प्रशिक्षण

34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चार सौ नवोदय विद्यालय और दो सौ एकलव्य मॉडल स्कूलों में 12 सौ स्किल लैब खोले जायेंगे। इसमें बच्चों को 12 प्रमुख सेक्टर जैसे आइटी, ऑटोमोबाइल, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन में ट्रेनिंग मिलेगी। इसके लिए 12 सौ विशेष शिक्षक भी तैयार किये जायेंगे।

### बिहार पर खास फोकस रहेगा

पीएम द्वारा बिहार चुनाव से पहले युवाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की जायेंगी। इनमें मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना भी है, जिसके तहत हर साल पांच लाख ग्रेजुएट युवाओं को दो साल तक एक हजार रुपये मासिक भत्ता और मुफ्त स्किल ट्रेनिंग दी जायेगी। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का नया रूप लांच होगा। इसमें छात्रों को चार लाख रुपये तक का बिना ब्याज शिक्षा ऋण मिलेगा। अब तक 3.92 लाख छात्रों ने 7880 करोड़ रुपये के लोन लिये हैं। इसके अलावा 18 से 45 साल तक के युवाओं के लिए बिहार युवा आयोग बनेगा, जिससे उनकी ऊर्जा और प्रतिभा का सही उपयोग हो सके। जननायक कर्पूरी ठाकुर स्किल यूनिवर्सिटी की घोषणा भी होगी। यह यूनिवर्सिटी युवाओं को उद्योग आधारित कोर्स और व्यावसायिक शिक्षा देगी।

### बिहटा में एनआइटी पटना का नया कैंपस

पीएम मोदी एनआइटी पटना का बिहटा कैंपस देश को समर्पित करेंगे। इसमें 6500 छात्रों की क्षमता है। यहां 5जी प्रयोगशाला, इसरो के साथ बना स्पेस रिसर्च सेंटर और इनोवेशन सेंटर है, जिसने पहले ही नौ स्टार्टअप को सहयोग दिया है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती धूमधाम से मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हर साल की भांति इस साल भी सेक्टर 2 धुर्वा स्थित गांधी आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर रांची के कई समाजसेवियों ने भाग लिया और महात्मा गांधी के मूर्ति पर पर फूल चढ़ा कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर गांधी आश्रम के संस्थापक मुख्तार सिंह ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अपने संबोधन में युवाओं को गांधी के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया।

वहीं इस मौके पर भानु प्रताप सिंह ने कहा कि पिछले कई सालों से हम लोग यहां गांधीजी की जयंती मनाते आ रहे हैं। यहां सुविधा से वंचित सैकड़ों बच्चों के बीच किताब, कॉपी और कलम का वितरण किये गये। इस मौके पर धुर्वा क्षेत्र के कई गांधीवादियों ने अपना विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर रांची से समाजसेवी धर्मेंद्र तिवारी, अखिलेश पांडे, काली प्रसाद सिंह, बबलू सिंह, जीवेश सिंह सोलंकी, राजेंद्र सिंह, राहुल सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये तथा गांधीजी के चरणों फूल चढ़ा कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

# जुबिन गर्ग मौत मामला: असम पुलिस ने संगीतकार शेखर और सिंगर अमृतप्रभा को गिरफ्तार किया

**गुवाहाटी (आजाद सिपाही)।** गायक जुबिन गर्ग मौत मामले में सिंगापुर पुलिस ने भारतीय उच्चायोग को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सौंपी है। 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान जुबिन की मौत हो गयी थी। इधर असम पुलिस ने गायक की मौत से जुड़े मामले में संगीतकार शेखर ज्योति गोस्वामी और गायिका अमृतप्रभा महंत को गिरफ्तार किया है। गोस्वामी और अमृतप्रभा, जुबिन की टीम का हिस्सा थे। घटना के वक्त दोनों सिंगापुर में थे और मौके पर मौजूद थे। गोस्वामी और अमृतप्रभा को पूछताछ के लिए बुलाया गया और बाद में गिरफ्तार कर लिया। मामले में अब तक चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें उनके खिलाफ कुछ सबूत मिले हैं। इसलिए आगे जांच के लिए उनकी गिरफ्तारी जरूरी थी। रिपोर्ट के अनुसार गोस्वामी और महंत 19 सितंबर को सिंगापुर में यॉट पार्टी में जुबिन के साथ थे। सूत्रों के मुताबिक वीडियो में गोस्वामी गर्ग के बहुत करीब तैरते दिखाई दिये, जबकि अमृतप्रभा ने पूरी घटना अपने मोबाइल पर रिकॉर्ड की थी। संगीतकार शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रभा महंत असम के कलाकार हैं। वे जुबीन गर्ग के करीबी सहयोगी रहे हैं।

# केंद्र सरकार की एडवाइजरी : दो साल से कम उम्र के बच्चों को न पिलायें कफ सिरप

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में कथित रूप से खांसी की प्रतिबंधित दवा (कफ सिरप) पीने से हुई बच्चों की मौत मामले के बाद केंद्र सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने कहा है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को कफ और सर्दी की सिरप नहीं दी जानी चाहिए। डीजीएचएस ने बाल रोगियों में कफ सिरप के इस्तेमाल करने के तरीके पर एडइवाइजरी जारी की है। सरकार ने कहा, दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाएं नहीं दी जानी चाहिए। आम तौर पर पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए इनकी अनुशंसा नहीं की जाती है। किसी भी दवा के उपयोग के लिए सावधानीपूर्वक नैदानिक मूल्यांकन, कड़ी निगरानी और उचित खुराक, न्यूनतम प्रभावी अवधि और कई दवाओं के संयोजन से बचने का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। इसके अलावा डॉक्टरों द्वारा निर्धारित दवाओं के पालन के बारे में जनता को भी जागरूक किया जा सकता है। बता दें कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में कथित रूप से प्रतिबंधित कफ सिरप पीने की वजह से कुल 11 बच्चों की मौत हो गयी। हालांकि शुरुआती जांच में सिरप के सैंपल में डीइजी या इजी का अंश नहीं मिला है, जो किडनी पर असर डालता है। एसोसिएट प्रोफेसर और बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ पवन नंदुरकर ने कहा, हाल ही में रिपोर्टों से पता चला था कि हमारे सात बच्चों की मौत हो गयी थी, लेकिन अब ऐसा प्रतीत होता है कि यह संख्या बढ़कर नौ हो गयी है।

# हाइकोर्ट ने दिया बड़ा आदेश, करूर भगदड़ की जांच एसआइटी करेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चेन्नई।** मद्रास हाइकोर्ट की मुख्य बेंच ने अभिनेता से नेता बने विजय की करूर रैली में 27 सितंबर को हुई भगदड़ की जांच के लिए विशेष जांज दल (एसआइटी) गठित करने का निर्देश दिया है। इस रैली में 41 लोगों की मौत हो गयी थी, जबकि हादसे में 60 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इस रैली में टीवीके के संस्थापक विजय को सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी, लेकिन अव्यवस्था के कारण वहां भगदड़ मच गयी। इसके साथ ही हाइकोर्ट ने वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी असरा गर्ग के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल गठित करने का आदेश दिया है। गर्ग वर्तमान में उत्तरी क्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक हैं।

जस्टिस एन सेंथिलकुमार ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया, जिसमें सवाल उठाया गया था कि भगदड़ के बाद दर्ज आपराधिक मामले में विजय का नाम क्यों नहीं लिया गया। अदालत ने कथित तौर पर इस मामले से निपटने के तरीके के लिए टीवीके नेतृत्व की भी आलोचना की और पार्टी कार्यकर्ताओं को फटकार लगायी।

Eye Care | Eye Hospital | Eye Wear
F P
T O Z
L P E D
P E C F D
E D F C Z P
F E L O P Z D
D E F P O T E C
Nayan Sukh Opticians
Your EYES are precious Please Take Care of them
■ Screening for all types of Eye diseases
■ Hearing Aids ■ Machine
■ All Types of latest & Luxury branded Frame
■ Eye Glasses, Sun Glasses & Contact Lenses
H.B.Road, Beside Santovita Hospital, Ranchi
Tel.: 0651-2201795, Mob.: 9334424892

WIG HOUSE
Before After Before After Before After Before After
OUR PRODUCTS & SERVICES
Non Surgical Hair Replacement
Hair Weaving
Hair Patch Servicing
Clip in hair Extensions
Tape in Hair Extensions
Pre Bonded Hair Extensions
Micro Bead Hair Extensions
Wefted Boundles
Closure
Frontal
360 Frontal
OUR PRODUCTS & SERVICES
Cancer Patient Wigs
Full Lace Wigs
Front Lace Wigs
Mono Silk Topper
Before After Before After
2nd Floor, Beside Novelty Shop, GEL Church Complex, Main Road, Ranchi-834001
Call : 7250847497, 8210170843

UC URBAN CLASSES
URBAN CLASSES
Scholarship Up To 100%
FACULTY - IIT/NIT
JEE/NEET
XI-XII FOUNDATION
IX-X PRE-FOUNDATION
Congratulations!
95.8% 12th PCM in 3 month
DPS Ranchi
Kumar Harsh
FREE ADMISSION
SPOKEN ENGLISH
FOREIGN LANGUAGES
★ FRENCH
★ SPANISH
★ RUSSIAN
★ GERMAN
★ KOREAN
★ JAPANESE
8877441121
8877441124
Head Office-RS Tower 3rd Floor Lalpur
Opp K.C Roy Memorial Hospital Ranchi-1

TEXMO AQUATEX
TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

Pankaj Kumar
Prop.
Festival Offer 20% off
PERFECT JEANS
All Men's Wear
Piska More, Ranchi,
6203505097/6203392926

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's Today
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आवश्यकता
आजाद सिपाही दैनिक अखबार
धनबाद के लिए कैमरामैन,
एंकर एवं विज्ञापन के लिए
लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है
मासिक वेतन न्यूनतम 10,000/-
योग्यता अनुसार दिया जाएगा
संपर्क सूत्र : 6200085283, 9386849203

Ethics IVF and Fertility Centre
IVF टेस्ट ट्यूब बेबी
अब आपकी 'नन्ही सी खुशी' का इंतजार होगा खत्म
रजिस्ट्रेशन करने पर पाए IVF पैकेज पर 20% तक की छूट
आई.वी.एफ OPD मिलें अनुभवी IVF विशेषज्ञ से
प्रत्येक रविवार को
IVF OPD & FREE | ULTRASOUND - FREE
SEMEN TEST - FREE
V.I.P. चौक, देवघर पैलेस V-MART के पिछे दूसरे तल्ला पर, झारखण्ड (814112)
+91 8866 86 5216
+91 7486 07 9830

VACCINE HOUSE
वैक्सीन हाउस
Vaccination Center
The Vaccination Experts Since 2007
वैक्सीनेशन की सुविधा घर पर
Vaccinations available for
Newborn
Adult
Pregnant Woman
Senior Citizen
Painless Vaccines | Varicella MMR | Influenza Hepatitis A | Typhoid (TCV) MCV
HYGIENIC ECONOMICAL TIME SAVING
● अन्य क्लिनिकों के मुकाबले टीके कम कीमत पर उपलब्ध
● 100% ऑरिजिनल प्रोडक्टस ● 100% कोल्ड चेन मेंटेंड स्टोरेज
● प्रमाणित और प्रशिक्षित स्टाफ नर्स द्वारा टीकाकरण
www.vaccinehouse.com
Ranchi : Bariatu Road, Opp. Middle School, Karamtoli Chowk 9304342555
Patna : Vijay Aman Apt., 1st Floor, Nr. Gravity Mall, Main Road, Kankarbagh 8102526611

Yogendra Mistri : 9199053376 Amin Macanic : 86178782
NEW MOTOR KRAFT
(A Multi Brand Car Service Center)
SERVICE DENTING AND PAINTING BREAKDOWN SERVICE
AC WORK PICKUP AND DROP SERVICE FREE
Available Genuine Parts With Genuine Service Charges.
TATA SUZUKI HYUNDAI TOYOTA Mahindra
Add : Khelgaon Road, Khatanga, Ranchi, Jharkhan

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**